RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 225
फरीदाबाद, शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




अगले साल से अपने पुराने प्रारूप में लौटेगा आईपीएल

पेज - 12

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,119 | ▼ | 337.06 | |
| निफ्टी | 17,629 | ▼ | 88 | |
| सोना | 49,505 | ▲ | 62 | /10 gm |
| चांदी | 57,437 | ▲ | 136 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 27.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रोमोटर्स को छह महीने कारावास की सजा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मलेशिया की कंपनी आईएचएच हेल्थकेयर को शेयर बेचने से जुड़े मामले में फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के पूर्व प्रोमोटर्स मालविन्दर सिंह और शिविन्दर सिंह को छह-छह महीने कारावास की सजा सुनाई है। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने अवमानना के मामले में पहले दोषी ठहराए गए फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रोमोटर्स को छह महीने कारावास की सजा सुनाई। शीर्ष अदालत ने फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड के शेयरों की बिक्री की फॉरेंसिक ऑडिट का भी आदेश दिया।

### योगी सरकार वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का सर्वे करवा रही

**लखनऊ।** मदरसों के बाद अब वक्फ की संपत्तियों का सर्वे हो रहा है। यूपी में सबसे ज्यादा करीब 1.22 लाख संपत्तियां हैं। इनकी अनुमानित वैल्यू करीब 3500 लाख करोड़ रुपये मानी जा रही है। इसमें लखनऊ का राजभवन, वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की शाही मस्जिद भी शामिल हैं। वहीं विपक्ष का आरोप है कि यूपी सरकार इन संपत्तियों का इस्तेमाल करने के लिए सर्वे करवा रही है। वक्फ बोर्ड की जमीन को बेचने के लिए एनओसी लेनी होती है। ऐसी खरीद-फरोख्त में एनओसी नहीं ली गईं। वक्फ बोर्ड ने बीते तीन सालों में करीब 150 ऐसे मामले की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी थी। इसके बाद योगी सरकार इन वक्फ संपत्तियों का सर्वे करवा रही है।

### हरियाणा पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पंचायत चुनाव को लेकर विकास एवं पंचायत विभाग ने सभी सीटों की अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदेश में जिला परिषद सदस्य- 411, पंचायत समिति सदस्य- 3079, सरपंच- 6219 और पंच- 61973 पद के लिए चुनाव होगा। हरियाणा पंचायत चुनाव को लेकर राज्य चुनाव आयोग ने सरकार को पत्र लिख चुका है। पत्र में आयोग ने सरकार से कई बिंदुओं पर 22 सितंबर तक जानकारी मांगी है। आयोग ने पत्र में कहा गया था कि यदि सरकार तय समय पर जानकारी दे देती है तो 30 नवंबर तक आयोग चुनाव करवाने में सक्षम है। पंचायतों का कार्यकाल 23 फरवरी 2021 को खत्म हो गया था।

# हरियाणा में मूसलाधार बारिश ने बरपाया कहर

## किसान पर कहर बनकर बरसे बदरा, धान और कपास की फसल चौपट

### मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन और खराब रह सकते हैं हालात

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** समेत कई राज्यों में गुरुवार को आफत की बारिश बरसी। हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के अधिकांश जिलों में देर रात से शुरू हुई बारिश ने सड़कों और खेतों को जलमग्न कर दिया। शहर से लेकर देहात तक हुई आफत की बारिश ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। दफ्तर जाने के लिए बैठे लोग बारिश बंद होने का इंतजार करते देखे गए। इधर इस मूसलाधार बारिश ने किसानों की फसल चौपट कर दी। देर शाम तक भी बारिश का कहर शांत नहीं हुआ। बच्चों के स्कूलों से भी अभिभावकों के मोबाइल पर मैसेज घनघनाने लगे। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो या इससे ज्यादा दिन तक और ज्यादा बारिश होने से हालात खराब होने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और छिट-पुट स्थानों पर भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की। इस दौरान दृश्यता कम हो सकती है, यातायात बाधित हो सकता है वहीं कच्ची सड़कों एवं कमजोर ढांचों को नुकसान पहुंच सकता है।

प्रदेश के बड़े शहरों में भी सभी प्रमुख चौक चौराहे, सड़कें कॉलोनियों व गलियां तालाब में तब्दील नजर आए। प्रशासन और नगर निकायों के सारे बंदोबस्त मौसम की इस लंबी बारिश में धराशाही होते नजर आए थे। प्रदेश भर में सफाई पर नगर निकायों द्वारा खर्च किए गए करोड़ों से अधिक की धनराशि बारिश में ही बह गई। कई अंडरपास पानी से समतल नजर आए।



### नदियों का बढ़ा जलस्तर, नाले दिखे उफान पर



**यमुना** नदी पहले से लबालब है। ऐसे में बारिश होने से नदी का जलस्तर बढ़ाने के लिए काफी। हालांकि नाले उफान पर थे। सड़कों पर इसका मंजर गुरुवार को साफ नजर आ रहा था। ओवरफ्लो हुए नाले हाईवे सहित संपर्क मार्गों की हुई दुर्गति बखान करते हुए हुए दिख रहे थे। कई कालोनियों में घरों में बारिश का पानी घुस गया।

### तेज बारिश से खेत हुए पानी-पानी

**बढ़ती** महंगाई से परेशान किसान को मौसम की सबसे तेज बारिश ने चौपट कर दिया। खेतों में खड़ी खरीफ यानी कि मक्का, बाजरा, कपास, ज्वार की फसल पूरी तरह से तबाह हो गई। पूरे साल की कमाई एक दिन में बहती नजर आई। जिन किसानों ने कर्ज लेकर फसल की थी। उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

### खाद्य पदार्थों पर हो सकती है महंगाई

**पहले** से महंगाई की मार झेल रही जनता के सामने खाद्य सामग्री को लेकर सब्जी, फल और अन्य खाद्य वस्तुओं की बाजार में आपूर्ति का संकट आ सकता है। बारिश से खराब हुई फसले इसमें चार चांद लगाएगी। ऐसे में आम आदमी की जेब पर इसका भारी असर पड़ेगा। जो सब्जियां बाजार में पहले से तेज रेटों में थीं। उनके रेटों में और भी इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है।

### यूपी में वर्षाजनित हादसों में 11 मरे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में वर्षाजनित हादसों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। इटावा के जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चंद्र पुरा गांव में बारिश के बीच एक मकान की दीवार ढह जाने से मलबे में दबकर एक ही परिवार के चार भाई बहनों की मौत हो गई। इधर उत्तराखंड के चिन्यालीसौड़ में भी बारिश के दौरान एक मकान ढह गया और उसके मलबे में दबकर एक महिला की मृत्यु हो गई।

### शिमला में 28 सितंबर तक खराब रहेगा मौसम

**शिमला** स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक, मानसून के राज्य में 20 जून के आसपास सक्रिय होने की संभावना थी, लेकिन मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए नहीं दिख रही है।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में अगले 28 सितंबर तक मौसम खराब बना रहेगा। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश भी हो सकती है। खासकर 24 और 25 सितंबर को कुल्लू के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। 24 सितंबर को दोपहर बाद कुल्लू के आनी क्षेत्र और 25 सितंबर को आनी, मनाली व पच्छाद क्षेत्र में भारी से अति भारी बारिश का रेड अलर्ट दिया गया है।

उधर, मौसम के बदले मिजाज से पहाड़ से लेकर मैदान तक हो रही हल्की फुल्की बारिश और तेज हवाओं के चलने से न सिर्फ तापमान काफी नीचे चला गया है, बल्कि गर्मी से भी राहत मिली है।

### शिंजो आबे को अंतिम विदाई देने जापान जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को अंतिम विदाई देने प्रधानमंत्री मोदी 27 सितंबर को जापान जाएंगे। आबे को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। 8 जुलाई को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 17 जुलाई को उनके परिवार ने आबे का अंतिम संस्कार किया था। हालांकि अब उनको राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी जिसमें दुनियाभर के कई बड़े नेता शामिल होंगे। वहीं इस राजकीय सम्मान का जापान में विरोध भी हो रहा है। एक दिन पहले ही एक 70 साल के बुजुर्ग ने विरोध जताते हुए आत्मदाह करने का कोशिश की थी।

## 'मैं भी जल रक्षक' अभियान की धर्मेंद्र प्रधान ने की शुरुआत

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देशभर** में 'मैं भी जल रक्षक' अभियान की शुरुआत के साथ ही वॉटर मैनेजमेंट एंड प्लम्बिंग स्किल काउंसिल, श्रीश्री रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम ट्रस्ट और रोटरी इंडियन के बीच एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है। अभियान की शुरुआत कौशल मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने की है।

कौशल दीक्षांत समारोह के अवसर पर श्रीश्री रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम ट्रस्ट और रोटरी इंडियन के सहयोग से 17 सितंबर को 'मैं भी जल रक्षक' अभियान द्वारा वॉटर मैनेजमेंट एंड प्लम्बिंग स्किल काउंसिल का शुभारंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल



तौर पर संबोधन दिया।

अभियान का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कौशल विकास राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर, एमएसडीई सचिव अतुल कुमार तिवारी, एमओई सचिव संजय मूर्ति, सीवीईटी चेयरमैन एन निर्मलजीत सिंह कल्सी, यूजीसी और एआईसीटीई चेयरमैन जगदीश कुमार और डीजीटी डीजी तिशाजीत सेठी ने किया।

## सुप्रीम कोर्ट में हिजाब पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित रखा

### दस दिन तक सुनी दलीलें, एससी ने कहा, अब हमारा होमवर्क शुरू होता है

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने गुरुवार को हिजाब बैन पर फैसला सुरक्षित रख लिया। कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर लगातार 10 दिन से सुनवाई चल रही थी। गुरुवार को भी जस्टिस हेमंत गुप्ता व जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने कर्नाटक सरकार और मुस्लिम पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हमने आप सभी को सुना है। अब हमारा होमवर्क शुरू होता है।

सुनवाई के शुरुआती छह दिन मुस्लिम पक्ष की दलीलों के बाद कर्नाटक सरकार ने अपना पक्ष रखा। जिसमें हिंदू, सिख, ईसाई प्रतीकों को पहनकर आने की तरह ही हिजाब को भी परमिशन दिए जाने की मांग की गई थी। 10 दिनों की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, कर्नाटक सरकार के एडवोकेट जनरल प्रभुलिंग नवदगी, एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज, एडवोकेट आर वेंकटरमानी ने दलीलें रखी थीं। गुरुवार को सीनियर एडवोकेट अहमदी ने दलील दी कि हिजाब पहनने वाली लड़कियों का प्रतिशत भले ही कम हो, लेकिन इस तरह के अनुशासन को लागू करने से आपको क्या हासिल होता है? कामत ने कहा कि मान लीजिए मैं अपनी जेब में कृष्ण का फोटो रखता हूं। और राज्य कहता है कि तुम नहीं रख सकते। जब मैं इसे चुनौती देता हूं, तो कोर्ट को यह पूछना चाहिए कि प्रतिबंध क्यों है और क्या मुझे फोटो रखने का अधिकार नहीं है।




### 1958 की तरह दलील खारिज करे सुप्रीम कोर्ट

**बकरीद** पर गोकशी की तरह स्कूलों में हिजाब पहनना मुलसमानों का मौलिक अधिकार नहीं है। कर्नाटक सरकार ने बुधवार को अपनी दलीलों में कहा कि जिस तरह बकरीद में गाय काटना मुसलमानों का मौलिक अधिकार नहीं है। उसी तरह स्कूल-कॉलेज में हिजाब पहनना अभिव्यक्ति की आजादी या धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा अधिकार नहीं है।

### कांग्रेस अध्यक्ष की रेस में अब पांच नाम

## गहलोत, थरूर के बाद कमलनाथ और मनीष तिवारी की चर्चा

### दिग्विजय सिंह भी सोनिया से मिलेंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष के चुनाव के लिए अब दावेदारों की संख्या बढ़ने लगी है। पहले ऐसा लग रहा था कि राहुल गांधी के नाम पर सहमति बन जाएगी, लेकिन शशि थरूर और बाद में अशोक गहलोत के चुनाव लड़ने की चर्चाओं के बीच अब दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व केंद्रीय मंत्री समेत तीन नए नाम और सामने आ रहे हैं।

इनमें मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, दिग्विजय सिंह दिल्ली पहुंचेंगे, जहां वे पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में खुद को भी दावेदार बताया था। इधर मनीष तिवारी से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया कि वे पार्टी के स्टेट डेलिगेट्स से मिलने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में गए थे। ये स्टेट डेलिगेट्स चुनाव में वोटर हैं। अध्यक्ष पद के हर उम्मीदवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के का चुनाव लड़ने के लिए 10 डेलिगेट्स की जरूरत होती है। ये डेलिगेट्स ही उम्मीदवार के नाम को प्रस्तावित करते हैं।



### जी-23 ग्रुप का हिस्सा हैं मनीष तिवारी

**मनीष** तिवारी कांग्रेस के उस जी- 23 ग्रुप का हिस्सा हैं, जिन्होंने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी में सुधार की मांग की थी। इस साल 26 अगस्त को जी-23 समूह के सदस्य गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को तमाशा और दिखावा करार देते हुए इस्तीफा दे दिया था। तिवारी पंजाब के श्रीआनंदपुर लोकसभा सीट से सांसद हैं। सूत्रों के मुताबिक, तिवारी 24 सितंबर को दिल्ली पहुंच रहे हैं। दिल्ली में ही वे अपने समर्थकों से चर्चा करेंगे। इसके बाद चुनाव लड़ने से जुड़ा फैसला लेंगे। तिवारी पांच साल तक एनएसयूआई और दो साल तक यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## रक्षा उत्पादन केक्षेत्र में भारत पांच शीर्ष देशों में होना चाहता है शामिल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**रक्षा** क्षेत्र में मेक-इन-इंडिया पहल की क्षमताओं के दोहन के प्रयास किए जा रहे हैं। देश के अमृत काल की परिकल्पना भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल देखना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रक्षा सचिव अजय कुमार ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में संवाद के दौरान यह भी कहा कि पिछले 75 वर्षों में, भारत दुनिया में रक्षा उत्पादों के सबसे बड़े आयातकों में से एक बना हुआ है, लेकिन इस स्थिति को सरकार बदलना चाहती है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में रक्षा उत्पादन कुछ मुट्ठी भर देशों द्वारा किया जा रहा है और यदि कोई वैश्विक स्तर पर रक्षा उद्योग के बारे में विचार करता है तो पाता है कि रक्षा उत्पादन के एक बहुत बड़े हिस्से पर पांच देशों का दबदबा है। उन्होंने कहा, और ये देश हैं-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य।

### पंचतत्व में विलीन हुए राजू श्रीवास्तव

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव पंचतत्व में विलीन हो गए। गुरुवार को दिल्ली के निगमबोध शमशान पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। भाई और बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान उनके फैमिली मेंबर्स, सुनील पाल, एहसान कुरैशी, मधुर भंडारकर, समेत कई सेलेब्स मौजूद रहे।राजू के फैंस भी शामिल हुए। **विस्तृत खबर पेज 9 पर...**

## हैदराबाद में भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच की टिकट बिक्री के दौरान भगदड़

**एजेंसी।** हैदराबाद

**हैदराबाद** स्टेडियम में गुरुवार को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टी-20 मुकाबले की टिकट बिक्री के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है।

यह मैच 25 सितंबर को होना है। इसकी टिकट बिक्री आज सुबह 10 बजे शुरू होनी थी। टिकट खरीदने के लिए बुधवार रात 3 बजे से ही क्रिकेट फैंस स्टेडियम के बाहर पहुंचने लगे। सुबह होते ही भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उसे काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हैदराबाद के फैंस लंबे समय से इंटरनेशनल मैच का इंतजार कर रहे हैं। यहां करीब तीन साल बाद इंटरनेशनल मुकाबला होने जा रहा है। हैदराबाद में पिछला इंटरनेशनल मैच दिसंबर 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला गया था। वह मैच भी टी-20 फॉर्मेट में था। कुछ फैंस ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन पर टिकट बिक्री में धांधली के आरोप लगाए हैं।

## मोहन भागवत पहली बार मस्जिद पहुंचे

**नई दिल्ली।** मुस्लिम समुदाय तक अपनी पहुंच को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को एक मस्जिद और मदरसे का दौरा किया और ऑल इडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख के साथ चर्चा की। इमाम संगठन के प्रमुख ने दोनों की मुलाकात के बाद भागवत को राष्ट्रपिता कहा।

आरएसएस के सरसंघचालक मध्य दिल्ली के कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित एक मस्जिद में गए और उसके बाद उन्होंने उत्तरी दिल्ली के आजादपुर में मदरसा तजावीदुल कुरान का दौरा भी किया। भागवत के साथ दौरे में मौजूद संघ के एक अधिकारी ने बताया कि यह पहला मौका है जब सरसंघचालक ने किसी मदरसे का दौरा किया है।

## पीएफआई पर एनआईए-ईडी का शिकंजा, 106 गिरफ्तार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**नेशनल** इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार आधी रात से 13 राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई ) के कई ठिकानों पर छापेमारी की, जो अब तक जारी है। टेरर फंडिंग केस में हो रही इस कार्रवाई में पीएफआई से जुड़े 106 सदस्यों को अरेस्ट किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गिरफ्तार होने वालों में संगठन प्रमुख ओमा सालम भी शामिल है। गुरुवार को एनआईए ने गिरफ्तार किए 14 आरोपियों को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया है। एनआईए, ईडी की यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, असम, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, पुदुचेरी और राजस्थान में चल रही है। इधर, कार्रवाई के बीच गृह मंत्रालय में गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। मीटिंग में एनएसए अजीत डोभाल, गृह सचिव अजय भल्ला और एनआईए के महानिदेशक मौजूद रहे। एनआईए, ईडी छापेमारी खिलाफ पीएफआई के कार्यकर्ता केरल के मल्लपुरम, तमिलनाडु के चेन्नई, कर्नाटक के मंगलुरु में सड़कों पर उतर आए हैं। केरल में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम भी किया, जिसे हटाने के लिए पुलिस ने हल्का बलप्रयोग किया।

### पांच अक्टूबर तक जेल में रहेंगे पार्थ चटर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्स्ष्ट भर्ती घोटाले मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को पांच अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को चटर्जी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

चटर्जी के साथ तीन लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इनमें बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, स्कूल सेवा आयोग के पूर्व सचिव अशोक साहा और इसके पूर्व सलाहकार एसपी सिन्हा शामिल हैं। सीबीआई ने गांगुली को 15 सितंबर को गिरफ्तार किया था। चटर्जी को स्पेशल कोर्ट ने 16 सितंबर को बुधवार तक सीबीआई रिमांड में भेजा था।

### हरियाणा विजिलेंस रेड की जानकारी लीक

## एक महीने में चार मामले, अब सीएम ने संभाली कमान

### हर जिले में पांच विटनेस का पैनल बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** विजिलेंस ब्यूरो (वीपी) की छापमारी की जानकारी लीक हो रही है। गत एक महीने में लीकेज के चार मामले सामने आ चुके हैं। हरियाणा सीएम मनोहर लाल ने लीकेज रोकने के लिए फुलप्रूफ प्लान बनाया है। इसके तहत जिला स्तर पर पांच विटनेस का पैनल बनाया जाएगा।

हरियाणा मुख्य सचिव के कार्यालय द्वारा इसको लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि विजिलेंस छापामारी के लिए गवाह की नियुक्ति के लिए जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के पांच उपयुक्त राजपत्रित अधिकारियों का एक पैनल बनाएगा। इस पैनल को बनाने के लिए जिले के डीसी की जिम्मेदारी तय की गई है।

सदस्यीय पैनल में हर तीन महीने में बदलाव भी किया जाएगा। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि डीसी द्वारा हर तीन महीने में इस पैनल को संशोधित किया जाएगा।



### ब्यूरो को आती थीं दिक्कतें

**इससे** पहले, ब्यूरो को छापामारी के लिए राजपत्रित अधिकारी नियुक्त करने के लिए डीसी से संपर्क करना पड़ता था। कई बार डीसी बैठक करने में व्यस्त रहते थे, जिससे छापामारी में देरी होती थी। कभी-कभी डीसी अधीनस्थों को एक राजपत्रित अधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने के लिए कहते थे। इससे ऑपरेशन की गोपनीयता प्रभावित होती थी।

### डीसी अधिकार कटे

प्रदेश सरकार के इस फैसले से जिले में तैनात डीसी के अधिकार कम कर दिए गए हैं। प्रत्येक जिले को सतर्कता ब्यूरो को पांच अधिकारियों का एक पैनल सौंपने का निर्देश दिए जाने के बाद एसपी स्वतंत्र रूप से आगे बढ़कर काम कर सकेंगे।

### तीन माह से चल रही तैयारी

हरियाणा विजिलेंस ब्यूरो के इस फैसले को लागू कराने के लिए पिछले तीन महीने से तैयारी की जा रही थी। सरकार के इस फैसले से कुछ अधिकारियों में असंतोष है। उन्हें सरकार के इस फैसले से अपनी शक्तियों में कटौती होती दिख रही है।

# स्मार्ट सिटी : आधा दर्जन से ज्यादा आईएएस, फिर भी बरसात में नर्क बना शहर

## सीएम मनोहर लाल के स्मार्ट के सपने को पलीता लगा रहे हैं अधिकारी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** में विकास कार्य करवाने के लिए पहले नगर निगम और एचएसवीपी मौजूद थे। लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए दो नए विभाग स्मार्ट सिटी और एफएमडीए का गठन भी कर दिया है। फिलहाल जिले में आधा दर्जन से ज्यादा आईएएस और करीब एक दर्जन एचसीएस अधिकारी मौजूद है। लेकिन इसके बावजूद शहर में बरसात आते ही नरकीय स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

शहर की दशा में सुधार के लिए बेशक इंजीनियर, मैनपावर अथवा मशीनरी का अभाव है, लेकिन अधिकारियों की कोई कमी नहीं है। ऐसा नहीं है कि प्रदेश सरकार शहर के विकास के लिए पैसा नहीं भेज रही है। शहर को स्मार्ट बनाने के लिए करोड़ों रुपये भेजे जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद जमीनी स्तर पर काम नजर नहीं आते। बृहस्पतिवार को सुबह से हो रही बरसात में शहर की पूरी व्यवस्था चरमरा गई। शहर की तमाम सड़के बरसाती पानी में डूब गई। जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग समेत सभी जगह दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। ऐसे में पुलिस कर्मचारियों को बरसाती पानी में फंसे वाहनों को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जबकि इन विभागों द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए नालों और स्टॉर्म वॉटर लाइनों पर करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं।



जवाहर कालोनी की 60 फीट रोड पर भरा बरसाती पानी।



बरसात के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम।

### जुड़ने के इंतजार में हैं करोड़ों से बने नाले

**कुछ** साल पहले एनआईटी इलाके में पेरिफेरल रोड का निर्माण के दौरान सड़कों के दोनों तरफ नाले भी बनाए गए थे। सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार ने नीलम बाटा रोड के दोनों तरफ सड़क से ऊंचे कवर्ड नालों का निर्माण करवाया है, लेकिन इससे आगे बाटा हार्डवेयर रोड पर नाले नहीं बनाए गए। ऐसे में नीलम बाटा रोड के नालों को कनेक्ट नहीं किया जा सका है। करीब ढ़ाई साल से नाले बेकार में पड़े होने के कारण इनमें मलवा भरता जा रहा है। इसी तरह हार्डवेयर चौक से गौंछी ड्रेन तक करीब छह फुट गहरा आरएमसी कवर्ड नाला बनाया गया है। हार्डवेयर चौक पर नाला है ही नहीं। व्हर्लपूल चौक पर नाले के हिस्सों को आपस में कनेक्ट नहीं किया गया है। इस नाले को आगे चलकर गौंछी ड्रेन से जोड़ने की जरूरत भी महसूस नहीं की गई। ऐसे में बरसाती पानी की निकासी के लिए करोड़ों रुपये से बने नाले का न तो रख रखाव और न ही उपयोग होने से सरकार द्वारा खर्च किए गए करोड़ों रुपये व्यर्थ में चले गए।

### व्यर्थ हो गया सरकार का पैसा

**जरा** सी बरसात आते ही तमाम सड़कें और गलियां जलमग्न हो जाती हैं। इससे शहर के पॉश इलाके भी अछूते नहीं हैं। हूडा द्वारा हैंडओवर किये गए सेक्टरों में सफाई और रखरखाव के अभाव में स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम ठप पड़े हुए हैं। जिससे बरसाती पानी जमीन को रिचार्ज करने की बजाए सीवर लाइनों में जाकर व्यर्थ हो रहा है। शहर के विकास में पहले नगर निगम और हूडा जुटे हुए थे। बीच बीच में कुछ अन्य सरकारी एजेंसियां भी अपने स्तर पर विकास कार्य करवाती रहती थी। कुछ साल पहले सरकार ने विकास को गति देने के लिए स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड का गठन कर दिया। स्मार्ट सिटी के तहत पहले से स्मार्ट इलाकों में ठीक ठाक सड़कों को उखाड़ कर नया बना दिया गया। अब सरकार ने एक और नये विभाग एफएमडीए का गठन किया है। एफएमडीए में चंद आला अधिकारियों को छोड़ कर अन्य विभागों के सेवानिवृत अधिकारियों को रखा गया है। एफएमडीए के पास तकनीकी स्टॉफ तक मौजूद नहीं हैं। ऐसे में शहर को पानी की निकासी अन्य समस्याओं से निजात कैसे मिलेगी?



सेक्टर 15 की मार्केट में भरा बरसाती पानी।

### बरसात में जलमग्न हुआ शहर

**वैसे** तो इस बार बरसात के मौसम में बारिश नाम मात्र के लिए ही आई है। उस दौरान हुई बरसात के कारण प्रशासन की खामियां सामने आ गई थी। लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की तरफ से स्थिति से निपटने के कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। जबकि बरसात का मौसम आने से पहले पुलिस, प्रशासन और नगर निगम द्वारा मिलकर जलभराव की स्थिति से निपटने की रणनीति तैयार की गई थी। लेकिन बृहस्पतिबार सुबह करीब 11 बजे से शुरू हुई बरसात ने प्रशासन के तमाम दावों पर पूरी तरह पानी फेर कर रख दिया। बरसात देर शाम तक जारी रही। इस दौरान शहर में की तमाम सड़के, रिहायशी और औद्योगिक इलाकों की गलियां पूरी तरह जलमग्न हो गई। शहर की सड़कों में भरे बरसाती पानी के कारण जहां तहां वाहन खराब होने लगे। जिससे जगह जगह सड़कों पर बुरी तरह जाम लग गया।

### विकास नहीं निजी स्वार्थ



समाजसेवी विष्णु गोयल का कहना है कि बिना योजना के करवाए जाने वाले विकास कार्यो का शहर के लोगों को कोई फायदा नहीं पहुंच रहा है। नगर निगम और अन्य एजेंसियों के अधिकारी लोगों के फायदे के लिए नहीं बल्कि निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए विकास कार्य करवा कर लगातार सरकारी धन का दुरूपयोग करते आ रहे हैं। जिसका खामियाजा शहर के लोगों को बरसात में भुगतना पड़ता है।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 27.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- महंगाई को लेकर सेक्टर-23 शॉपिंग सेंटर में सभा: शाम 5 बजे।
- कौराली स्थित बारात घर जुन्हैडा मोड पर दिव्यांगजनों के लिए माप-जांच शिविर का आयोजन: सुबह 10 बजे।
- बीपीटीपी में सेक्टरवासियों का प्रदर्शन जारी: सुबह 9 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन: सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु

**म्युचुअल** फंड बहुत ही अच्छा रिटर्न देते हैं। अगर यह देखना हो तो म्यूचुअल फंड स्कीमों के केवल 3 महीने के ही रिटर्न देख लें। कई म्यूचुअल फंड स्कीमों ने तो 3 महीने में ही बैंकों की 1 साल की एफडी से दोगुने से ज्यादा का फायदा दे दिया है। बैंक आमतौर पर इस वक्त जहां अपनी 1 साल की एफडी पर करीब 6 फीसदी ब्याज दे रहे हैं, वहीं कई अच्छी म्यूचुअल फंड स्कीमों ने तो 3 महीने में ही 14 फीसदी का रिटर्न दे दिया है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### 'इको-2022' का आयोजन

**फरीदाबाद।** भारत सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद तथा ग्रीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में 23 एवं 24 सितम्बर, 2022 को वायु, जल और भूमि विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'इको-2022' का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय ऊर्जा तथा भारी उद्योग मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि रहेंगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध जल संरक्षणवादी तथा वाटरमैन ऑफ इंडिया के रूप में लोकप्रिय डॉ. राजेन्द्र सिंह मुख्य वक्ता रहेंगे। एनएचपीसी के पूर्व चेयरमैन तथा प्रबंधन निदेशक श्री अभय कुमार सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होंगे तथा सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर करेंगे।

### क्विक न्यूज

#### एक किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एसजीएम नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप व उनकी टीम ने अवैध नशा तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रंजीत उर्फ झाड़ी है जो फरीदाबाद की राहुल कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को राहुल कॉलोनी डीएवी स्कूल के पास काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी से इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। इससे पहले भी आरोपी स्मैक तस्करी के एक मुकदमे में पकड़ा गया था।

# मानव रचना स्पोर्ट्स अकादमी में बॉक्सिंग रिंग का उद्घाटन

## इंडोर स्पोर्ट्स एरिया में नई बॉक्सिंग रिंग स्थापित की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



मानव रचना कालेज में बाक्सिंग रिंग का उद्घाटन करते एमआरईआई अध्यक्ष डा. प्रशान्त भल्ला।

**मानव** रचना स्पोर्ट्स अकादमी ने बॉक्सिंग के क्षेत्र में उत्साही छात्रों को उच्च स्तर की सविधाएं प्रदान करने के लिए बॉक्सिंग रिंग स्थापित की। बॉक्सिंग रिंग का उद्घाटन डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष, एमआरईआई; डॉ अमित भल्ला, वीपी, एमआरईआई, डॉ एन सी वाधवा, डीजी, एमआरईआई, डॉ. संजय श्रीवास्तव, एमडी, एमआरईआई, प्रो. (डॉ.) आई के भट, कुलपति, एमआरयू, लेफ्टिनेंट जनरल आर के आनंद, महानिदेशक, एमआरआईआईआरएस, डॉ. प्रदीप कुमार, पीवीसी, एमआरआईआईआरएस, नरेश ग्रोवर, पीवीसी, एमआरआईआईआरएस, डॉ. डीएस सेंगर, पीवीसी, एमआरयू, डॉ. जीएल खन्ना, परमवीर चक्र, एमआरआईआईआरएस; आरके अरोड़ा-रजिस्ट्रार, एमआरआईआईआरएस, डॉ कामेश्वर सिंह-रजिस्ट्रार, एमआरयू एसएस बंसल, गुरुग्राम, संतोष झा, सीएफओ, एमआरआईआईआरएस, सरकार तलवार, निदेशक खेल और एमआरआईआईआरएस और एमआरआईएस के खेल कर्मचारियों की उपस्थित में हुआ। डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा, 25 साल के हमारे सफर में हमने अपने देश को खेलों में अपने छात्रों के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा दी है। हमारे छात्र और एलुमनाई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों से ख्याति प्राप्त कर रहे हैं। इस बॉक्सिंग रिंग के साथ, हम देश को उत्कृष्ट मुक्केबाज देने की इच्छा रखते हैं। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, डॉ. अमित भल्ला ने साझा किया, यह बॉक्सिंग रिंग हमारे परिसर में सिर्फ एक सुविधा नहीं है, बल्कि एक सपना है जिसकी नींव हरियाणा से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार करने के उद्देश्य से रखी गई है।

# नेशनल पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## आज खेल परिसर में होगा जिला एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने बताया जिला जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता का आयोजन सैक्टर 12 खेल परिसर में शुक्रवार को किया जाएगा। इस जिला प्रतियोगिता में 12 से 14 साल, 14 से 16 साल, 16 से 18 साल, 18 से 20 साल के एथलीट खिलाडी लडका और लडकी भाग लेंगे।

प्रतियोगिता में दौड, जंप और थ्रो इवेंट कराए जाएंगे। सभी खिलाड़ी अपना आयु प्रमाण पत्र की फोटो कापी फार्म के साथ में अवश्य लगाए। इस प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडी 7 से 9 अक्तूबर तक रोहतक राज्य प्रतियोगिता में भाग लेंगे। नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित। यूथ एशिया चैंपियनशिप का आयोजन 13 अक्तूबर से 16 अक्तूबर तक कुवैत में किया जाएगा। सत्यवीर धनखड ने बताया कि 17वीं नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन तांत्या टोपे स्टेडियम भोपाल मध्यप्रदेश में 17 सितम्बर से 19 सितम्बर तक तीन दिवसीय आयोजन किया गया। मोहम्मद अता फरीदाबाद ने लांग जंप में 7 मीटर 32 सैंटीमीटर की लम्बी कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता और एशियन चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया। ट्रिपल जंप में मोहम्मद अता साजिद ने रजत पदक,5 किलोमीटर रेस वाक में आरती फरीदाबाद ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया। जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह, अध्यक्ष एडवोकेट भगत सिंह,पूर्व जिला खेल अधिकारी अनीता भाटिया ने बधाई प्रदान की।



नेशनल पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

# अल्जाइमर्स रोग को ढंग से समझना जरूरी : डा. कुणाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अल्जाइमर्स** रोग एक प्रकार का न्यूरोडिजेनरेटिव स्थिति है। जिससे धीरे-धीरे मस्तिष्क की कोशिकाओं का ह्रास होता है। यह डिमेंशिया का सबसे आम प्रकार है जिसमें प्रभावित व्यक्ति की मानसिक, व्यवहारगत और सामाजिक क्षमताएं धीरे-धीरे नष्ट होती रहती हैं जिसके चलते व्यक्ति स्वतंत्र रूप से काम करने में असमर्थ हो जाता है।

इसके इलाज के बारे में डॉ कुणाल बहरानी, डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल, फरीदाबाद ने बताया कि अल्जाइमर्स रोग के उपचार के लिए कॉग्निशन बेहतर बनाने वाली दवाएं दी जाएं। इस दवा से मानसिक क्रियाओं में सुधार होता है, ब्लड प्रेशर कम होता है और इससे मूड भी संतुलित होता है। सप्ताह में 5 दिन 20-30 मिनटों के लिए शारीरिक व्यायाम और ऐरोबिक एक्टिविटी करने से कार्डियो वास्क्युलर स्वास्थ्य में सुधार होता है। इस रोग का कोई उपचार नहीं है, लेकिन मैनेजमेंट और मेडिकेशन से लक्षणों में अस्थायी रूप से सुधार हो सकता है। अल्जाइमर्स मरीजों की देखभाल के लिए डॉ. कुणाल बहरानी बताते हैं, डिमेंशिया तथा अल्जाइमर्स रोगों के मामले में देखभाल के लिए फ्लेक्सिबिलिटी और धैर्य की आवश्यकता होती है। यदि आप किसी ऐसे मरीज की देखभाल कर रहे हैं जो अल्ज़ाइमर्स या डिमेंशिया से पीड़ित है, तो जैसे-जैसे रोग की गंभीरता बढ़ती जाएगी उसी अनुपात में रोजमर्रा के काम करने में परेशानियां बढ़ने लगती हैं। डिमेंशिया से पीड़ित कई बार साधारण से काम करने के मुश्किल होने पर परेशान हो सकता है। उसकी चुनौतियों को और निराशाओं को कम करने के लिए दैनिक रूटीन में कुछ आसान काम जैसे कि नहाना या मेडिकल एपाइंटमेंट्स आदि उस वक्त करने आसान होते हैं जबकि वह व्यक्ति सबसे अधिक अलर्ट या खुद को तरोताज़ा महसूस करते हैं।

# एमएसएमई द्वारा सरकार देगी टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द मोहन शरण ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में एमएसएमई के माध्यम से टैक्सटाइल उद्योग को भी बढ़ावा देगी ताकि अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया करवाया जा सकेगा। उन्होंने ने बताया कि वर्ष 2025 तक की समयावधि के लिए तैयार की गई इस नीति से करीब 4 हजार करोड़ रुपये का निवेश तथा 20 हजार युवाओं को रोजगार मिलने का अनुमान है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द मोहन शरण 13वा एलएएमइएसई आफ इंडिया एनवल मीट के इनाम विवरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा आत्म निर्भर वस्त्र नीति, 2022 के लक्ष्य, उद्यमिता विस्तार, निवेश, रोजगार सृजन, अनुदान, टेक्सटाईल पार्क को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस नीति के अंतर्गत टेक्नीकल टैक्सटाइल को विशेष रूप से प्रोत्साहित कर विस्तार दिया जाएगा। सिंथेटिक फाइबर व रिजनरेटिड फाईबर ईकाइयों को प्रोत्साहित किया जाना भी इस नीति में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में उद्योग लगाने के लिए निवेशक आगे आ रहे हैं, क्योंकि सरकार ने औद्योगिक-माहौल में सुधार के लिए कई प्रमुख कदम उठाए हैं। जिनकी बदौलत हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हरियाणा को एमएसएमई के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया था।



एसीएस आनन्द मोहन शरण उद्योगपतियों को सम्मानित करते हुए।



### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.09.2022 महेश चंद पुत्र लालाराम निवासी गांव टिमलवा थाना मऊतदरवाजा जिला फरुखाबाद यू.पी. हाल किराऐदार मकान नंबर 5480 गली नंबर 21 संजय कॉलोनी, सेक्टर 23, फरीदाबाद ने हाजिर चौकी आकर दरखास्त पेश की उसकी लड़की सावित्री अपनी लडकी अंशिका को लेकर बिना बताऐ दिनाँक 09.09.2022 को अपनी मर्जी से कहीं चली गई है। हुलिया सावित्री:- रंग गोरा, गोल चेहरा, मजबूत शरीर कद 5 फूट 2 इंच, उम्र 29 साल। जिसने हरे रंग कि मैक्सी काले रंग का पायजामा पैरो मे हवाई चप्पल पहन रखी हैं। मुकदमा नं0 565 दिनॉक 11.09.2022 थाना मुजेसर में दर्ज किया गया। अगर इस बारे में किसी को कोई सूचना मिले तो नीचे लिखे निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर मो0न0 9582200131, महेश चन्द -9310023079**
**थाना एस.जी.एम नगर फरीदाबाद- 0129- 2304020**


### गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.09.2022 को अनूप पुत्र सतबीर सिंह निवासी गाँव मेहरडा थाना जुलाना जिला जीन्द हरियाणा हाल किराऐदार मकान मालिक सुधीर गाँव गौच्छी फरीदाबाद ने हाजिर चौकी आकर दरखास्त पेश की उसकी भुआ का लड़का कमल पुत्र सतबीर निवासी गाँव राखी खास जिला हिसार हरियाणा हाल किराऐदार मकान मालिक सुधीर गाँव गौच्छी फरीदाबाद बिना बताऐ दिनाँक 12.09.2022 को अपनी मर्जी से कहीं चला गया है। हुलिया:- रंग गोरा, गोल चेहरा, मजबूत शरीर कद 5 फूट 6 इंच, उम्र 25 साल, पहनावा - जिसने गहरे नीले रंग की शर्ट काले रंग की जीन्स पैरों में लाल चप्पल पहल रखी हैं। मुकदमा नं0 567 दिनांक 12.09.2022 थाना मुजेसर फरीदाबाद। अगर इस बारे में किसी को कोई सूचना मिले तो नीचे लिखे निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर - 9582200131, अनूप - 9996303545**
**चौकी संजय कॉलोनी फरीदाबाद 0129- 2234020**


### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 18.09.2022 को रोहताश पुत्र ज्ञासीराम निवासी गांव भिडूकी थाना हसनपुर जिला पलवल हाल किराऐदार राजसिंह कॉलोनी जीवन नगर पार्ट-2 गौच्छी फरीदाबाद ने हाजिर आना आकर दरखास्त पेश की उसकी पत्नि सुमन कुमारी लड़का प्रियान्शु बा उम्र 5 साल वा लडकी लव्या था उम्र 10 महीने को लेकर बिना बताऐ दिनांक 17.09.2022 को अपनी मर्जी से कहीं चली गई हैं। हुलिया-सुमन कुमारी - रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, माथे पर दाहिनी तरफ मस्सा, कद 5 फुट उम्र 24 साल। हुलिया-प्रियान्शु - रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, बांऐ हाथ की पहली वाली टेढी उंगली, कद करीब 3 फुट उम्र 5 साल। हुलिया:-लडकी लव्या- बा उम्र 10 महीने, पहनावा सुमन कुमारी- जिसने पीले रंग के सूट सलवार, पैरों में हवाई चप्पल पहन रखी हैं। पहनावा प्रियान्शु- क्रीम कलर की टीशर्ट, खाकी रंग का निक्कर पहने हुऐ है। जिस सम्बन्ध में मुकदमा नं0 584 दिनांक 18.09.2022 थाना मुजेसर, फरीदाबाद में दर्ज है। अगर इस बारे में किसी को कोई सूचना मिले तो नीचे लिखे निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर मो0न0 9582200131, रोहताश - 8572067968**
**चौकी संजय कॉलोनी फरीदाबाद- 0129-2234020**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 18.09.2022 को रोहताश पुत्र ज्ञासीराम निवासी गांव भिडूकी थाना हसनपुर जिला पलवल हाल किराऐदार राजसिंह कॉलोनी जीवन नगर पार्ट-2 गौच्छी फरीदाबाद ने हाजिर आना आकर दरखास्त पेश की उसकी पत्नी सुमन कुमारी लड़का प्रियान्शु बा उम्र 5 साल वा लडकी लव्या था उम्र 10 महीने को लेकर बिना बताऐ दिनांक 17.09.2022 को अपनी मर्जी से कहीं चली गई हैं। हुलिया-सुमन कुमारी- रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, माथे पर दाहिनी तरफ मस्सा, कद 5 फुट उम्र 24 साल। हुलिया-प्रियान्शु- रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला शरीर, बांऐ हाथ की पहली वाली टेढी उंगली, कद करीब 3 फुट उम्र 5 साल। हुलिया:-लडकी लव्या- बा उम्र 10 महीने, पहनावा सुमन कुमारी- जिसने पीले रंग के सूट सलवार, पैरों में हवाई चप्पल पहन रखी हैं। पहनावा प्रियान्शु- क्रीम कलर की टीशर्ट, खाकी रंग का निक्कर पहने हुऐ है। जिस सम्बन्ध में मुकदमा नं0 584 दिनांक 18.09.2022 थाना मुजेसर, फरीदाबाद में दर्ज है। अगर इस बारे में किसी को कोई सूचना मिले तो नीचे लिखे निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर मो0न0 9582200131, रोहताश - 8572067968**
**चौकी संजय कॉलोनी फरीदाबाद- 0129-2234020**


### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**करें क्या बात खुद पर रोज़ इतराती व्यवस्था की**
**हवाई वादों को ही सिर्फ़ दोहराती व्यवस्था की**
**सड़क से लेके गलियों तक महानगरों तलक में भी**
**ज़रा सी बारिशों में पोल खुल जाती व्यवस्था की**

# बरसात में दिखा यातायात पुलिस का मानवीय चेहरा

## बरसात में खड़े होकर नागरिकों की सहायता करते नजर आए पुलिसकर्मी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। ट्रैफिक पुलिस अपने कर्तव्यों के साथ साथ इंसानियत का फर्ज निभाते हुए बरसात में फंसे नागरिकों को बाहर निकालकर सकुशल उनके गंतव्य तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में आज काफी बरसात हुई जिसकी वजह से कई सड़कें जलमग्न हो गई। जिससे कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो गई परंतु फरीदाबाद की यातायात पुलिस इन विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने के साथ-साथ पूरे जज्बे के साथ बरसात में फंसे नागरिकों की मदद करने में भी अपना पूरा सहयोग दे रही है। आज जेसीबी फ्लाईओवर यह सर्विस रोड पर बरसात के कारण काफी पानी भर गया था जिसकी वजह से वहां पर आने-जाने वाले वाहन वाहनों की गति धीमी हो गई और कई वाहन बारिश के पानी में फंस गए। जेसीबी चौक पर हवलदार उमेद एसपीओ अशोक वह होमगार्ड महेश रवि तथा जितेंद्र ट्रैफिक ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान वहां पर पलवल की तरफ से एक ऑटो सवारी लेकर आ रहा था जो पंचर होने की वजह से सर्विस रोड पर ही पानी के बीच थम गया। ऑटो में बैठी सवारियां बारिश की वजह से काफी परेशान हो रही थी और अकेला ड्राइवर ऑटो को खींचकर पानी से बाहर नहीं निकाल सकता था तो वहां पर मौजूद ट्रैफिक हवलदार उमेद सिंह ने जैसे ही ऑटो की स्थिति के बारे में जाना तो उन्होंने अपनी परवाह किए बगैर ट्रैफिक वर्दी में ही पानी से लबालब भरी सड़क के बीचो बीच आए और ऑटो ड्राइवर की सहायता के लिए सवारियों को उतारकर ऑटो को पीछे से धक्का मारकर साइड में सुखी जगह पर ले गए। इसके पश्चात ऑटो ड्राइवर तथा ऑटो में बैठी सवारियों ने राहत की सांस ली। ऑटो की सवारी बारिश में भीगने लगी तो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने पास में ही बने ट्रैफिक बूथ में उन्हें रुकने के लिए जगह दी।

ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो का टायर बदलवाने के लिए मिस्त्री को बुलवाया और ऑटो का टायर बदलवाकर ऑटो को दुरुस्त करवा दिया। जब ऑटो दुरुस्त हो गया तो उन्हें ऑटो में बिठाया और रवाना कर दिया। ऑटो ड्राइवर तथा उसमें बैठी सवारियों ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के लिए उनका तहे दिल से धन्यवाद किया। डीसीपी ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल को जब हवलदार उमेद सिंह द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की सूचना प्राप्त हुई तो उन्होंने फोन करके उम्मेद सिंह को शाबाशी दी।



बरसात से भरे पानी मे फंसे वाहन को धक्का देते पुलिस के जवान। बरसात से भरे पानी में फंसे आटो का धक्का देकर बाहर निकालते पुलिस के जवान।

# बरसात ने बढ़ाई विद्यार्थियों और नौकरी-पेशा लोगों की दिक्कत

## न तो कैब मिली, न ऑटो, पानी में से घर जाने को मजबूर हुए स्कूली बच्चे

**कविता** । फरीदाबाद





हार्डवेयर चौक पर ऑटो न मिलने से पानी में परेशान खड़े विद्यार्थी। एक नम्बर मार्केट के बाहर ऑटो व कैब का इंतजार करते दो घंटे से बरसात में खड़े डबुआ और नंगला जाने वाले लोग।

**शहर** में बृहस्पतिवार को सुबह से पूरे दिन बरसती रही मूसलाधार बरसात में ऑनलाईन कैब, ऑटो बुकिंग सब फेल नजर आए। वहीं स्कूली बच्चों से लेकर शाम को घर लौटने वाले नौकरीपेशा लोगों को परिवजन का साधन नहीं मिला। उन्हें बरसात में भींगते हुए जाना पड़ा। जिले में बुधवार को कुल 50 एमएम बरसात हुई थी। वहीं बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न इलाकों में 777 एमएम बारिश दर्ज की गई। पांच बजे के बाद देर रात तक मूसलाधार बरसात होती रही। जिससे नौकरीपेशा व दोपहर को अवकाश के बाद स्कूली बच्चे ऑटो व कैब के लिए परेशान रहे।

**इतनी हुई बरसात :** बृहस्पतिवार को पूरे दिनभर मूसलाधार बरसात होती रही। सरकारी आंकड़े के अनुसार फरीदाबाद में सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक 70 एमएम, तिगांव में 90 एमएम, बल्लभगढ़ में 116 एमएम, मोहना में 128 एमएम सर्वाधिक, दयालपुर में 126 एमएम, धौज में 100 एमएम और गौंच्छी में 83 एमएम वर्षा दर्ज की गई।

**वाहनों की बुकिंग कैंसल:** बरसात में सड़कों पर पानी भरने के कारण ऑनलाईन वाहनों की बुकिंग पूरे दिन असेप्ट होने के बाद कैंसल होती नजर आई। ऑटो चालकों ने जलभराव वाले स्थानों पर जाने से इंकार कर दिया। जिससे स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों को परेशानी हुई। वहीं ओला, रैपिड़ों पर कैब व ऑटो की बुकिंग होने के कुछ देर बाद कैंसल होती रही।

**पानी में जाना मजबूरी:** संजय कालोनी, जवाहर कालोनी, सेक्टर-23, सेक्टर-55, डबुआ, पाली, चाचा चौक, संजय इंक्लेव इत्यादी कालोनियों और सेक्टरों में पानी अधिक भरने के कारण वहां ऑटो चालकों ने जाने से साफ इंकार कर दिया। एक व्यक्ति ने बताया कि उसने छह बार ओला कैब की बुकिंग की, पांच किलोमीटर तक जाने के लिए वह 250 रुपये देने तक तैयार था, लेकिन ओला कैब चालकों ने बुकिंग के कुछ देर बाद ही कैंसल कर दी। वहीं ऑटो बुकिंग करने पर वह भी कैंसल हो गया। स्कूल से घर लौट रहे दो बच्चों ने बताया कि वह डबुआ जा रहे है, लेकिन हार्डवेयर से उन्हें डबुआ का ऑटो नहीं मिल रहा है।

# मास्टर सीवर लाइनों की सफाई और सीईटीपी की स्थापना प्राथमिकता पर

## एफएमडीए की 15वीं कोर प्लानिंग सेल की बैठक हुई आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



एफएमडी की 15वीं कोर प्लानिंग सेल की बैठक में भाग लेते सदस्य एवं अधिकारी।

**जिले** के विभिन्न सरकारी विभागों के साथ पिछले सप्ताह हुई समन्वय बैठक में एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने निर्देश दिए थे कि शहर में रासायनिक अपशिष्ट उपचार संयंत्रों (सीईटीपी) की स्थापना के अध्ययन का काम, जो फरीदाबाद नगर निगम (एमसीएफ) द्वारा भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम वैपकॉस को सौंपा गया है, सीपीसी की बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

इसी क्रम में फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एफएमडीए) की 15वीं कोर प्लानिंग सेल बैठक, एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें वाप्कोस द्वारा बनाई जा रहा सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर विकास योजना पर एक प्रस्तुति एफएमडीए, एमसीएफ, एचएसवीपी और एचएसआईआईडीसी के संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत की गई, जिन्होंने फरीदाबाद में व्यापक सीवरेज प्रणाली विश्लेषण पर चर्चा करने के लिए बैठक में भाग लिया।

वाप्कोस द्वारा 25000 उद्योगों में उनके औद्योगिक निर्वहन की क्षमता का अध्ययन करने के लिए एक सर्वेक्षण किया गया था। इसके अलावा, उनके औद्योगिक डिस्चार्ज के नमूने एकत्र किए गए और आईआईटी रूरकी द्वारा अध्ययन किया गया। निष्कर्षों और महत्वपूर्ण मापदंडों के आधार पर शहर की सीवेज प्रणाली को मजबूत करने और निर्माण की संभावित आवश्यकता को समझने के लिए एक प्रारूप तैयार किया गया और प्रस्तुत किया गया। घरेलू और रासायनिक निर्वहन को अलग करने, इन उद्योगों द्वारा अनुमानित निर्वहन की क्षमता, इन अपशिष्टों के उपचार के लिए रासायनिक अपशिष्ट उपचार संयंत्रों (सीईटीपी) की स्थापना, भूमि के आवंटन, परिचालन लागत आदि सं संबंधित पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने कहा कि फरीदाबाद में सीईटीपी (रसायन अपशिष्ट उपचार संयंत्र) की स्थापना को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। क्योंकि उद्योगों से अनुपचारित अपशिष्ट जल का निर्वहन शहर में नालियों को और अधिक प्रदूषित कर रहा है। इन उद्योगों द्वारा घरेलू और रासायनिक निर्वहन के उपचार के लिए प्रतापगढ़ में 50 एमएलडी सीईटीपी, मिर्जापुर में 25 एमएलडी सीईटीपी और बादशाहपुर में 15 एमएलडी सीईटीपी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, विभिन्न कॉलोनियों में शहर भर के विभिन्न नालों में अपना कचरा और अनुपचारित सीवेज की डंपिंग भी की जा रही है, जिसके लिए चार सीवेज शोधन संयंत्रों का भी प्रस्ताव किया गया है। हम फरीदाबाद की सीवर लाइनों को चरणबद्ध तरीके से गादमुक्त बनाने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। उन्नत क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाने की भी योजना है। इसके अतिरिक्त, उपचार के लिए एसटीपी में सीवर के सुचारू प्रवाह की सुविधा के लिए इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन मशीनरी को अपग्रेड और रीमॉडल किया जाएगा। अनुपचारित सीवर के प्रवाह को रोकने के लिए बुधिया नाला, मावाई नाला, गौंही नाला और मोहना नाले में सीवेरा प्रस्तावित किया गया है। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि एफएमडीए द्वारा एसटीपी से जुड़ी 2 फीट व्यास और उससे अधिक की सीवर लाइनों को अपने क्षेत्र में लेने के लिए की व्यवहार्यता की जांच के लिए एक सर्वेक्षण किया जाए। अधिकारियों को सभी पहलुओं का अध्ययन करने और इन सीवर लाइनों की लेआउट की ड्राइंग तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर प्लानिंग सेल की बैठक में जवाहर कॉलोनी में मौजूद परशुराम बूस्टिंग स्टेशन (एसबीएस), के पुनर्वास को एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा मंजूरी दी गई ताकी एयरफोर्स स्टेशन के नजदीकी क्षेत्र में आतेसंबंधित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति में सुधारहो सके। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मामला है और एमसीएफ को प्राथमिकता के आधार पर इस पर विचार करना है।

# प्रदूषण रोकने को एनजीटी के अनुसार कार्रवाई करें अधिकारी : राघवेन्द्र राव



वीडियो कान्फ्रेंस में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते पी राघवेन्द्र राव।

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

## एनजीटी की समीक्षा बैठक में अधिकारियो को दिशा-निर्देश दिए

**हरियाणा** पोलुशन बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेन्द्र राव ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की हिदायतों के अनुसार जहां जरूरत हो वहां एर्जेट एक्शन लेना सुनिश्चित करें। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल अधिकारी गम्भीरता से पूरा करें। पी राघवेन्द्र राव आज विडियो कान्फ्रेंस के जरिये समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिस विभाग की जो भी जिम्मेदारी है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि डस्ट, सोलिड वेस्टमैनेज मैंट, प्लास्टिक वेस्टमैनेज मैंट सहित अन्य प्रदूषण फैलाने वाले क्षेत्र को कंट्रेल करना है। सम्बंधित विभागों के अधिकारियो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने अपने विभागों के क्षेत्र को चिन्हित करके गम्भीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनवरी-2023 के बाद सीएनजी, ईरिक्शा वाले आटो ही एनसीआर के शहरों में चलेंगे। डीसी विक्रम ने विडियों कान्फ्रेंस के बाद एक-एक करके विभागवार समीक्षा की। समीक्षा के उपरान्त डीसी विक्रम अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्राधिकरण एनसीआर में गम्भीरता से कार्य कर रहा है। विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके बेहतर तरीके कार्यों को अमलीजामा पहनाने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि सर्विस रोड, अपरोच रोड़ तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए उद्योगो में भी नियमानुसार पालना सुनिश्चित करें। एनजीटी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 के तहत पर्यावरण बचाव और वन संरक्षण और अन्य प्राकृतिक संसाधन सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन और क्षतिग्रस्त व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिए अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करना और इससे जुड़े हुए मामलों का प्रभावशाली तथा तीव्र गति से निपटारा करने के लिए किया गया।

## लंपी बीमारी को लेकर गोसेवा आयोग अलर्ट, प्रतिदिन हो रही है समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस उपलब्ध में मनाए जा रहे गोसेवा पखवाड़े के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने फरीदाबाद और पलवल की गौशालाओं में पहुंचे हरियाणा गो सेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव ने कहा है कि लंपी बीमारी को लेकर हरियाणा गोसेवा आयोग अलर्ट है और प्रतिदिन लंपी की समीक्षा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार पशुओं में फैली लंपी बीमारी को प्रदेश से पूरी तरह समाप्त करने के लिए मजबूती के साथ लड़ रही है और हरियाणा ने दूसरे राज्यों की अपेक्षा तेजी से लंपी वैक्शीनेशन कार्य को पूरा किया है। पूरन यादव गुरुवार को फरीदाबाद के बल्लभगढ़ के ऊंचा गांव स्थित गो-मानव सेवा ट्रस्ट गौशाला में गोसेवा पखवाड़े के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां पूरन यादव ने सबसे पहले पौधारोपण किया और फिर सफाई अभियान में हिस्सा लिया। यहां उपस्थित पशुपालन विभाग के अधिकारियों और चिकित्सकों को निर्देश दिए कि वे इस बीमारी से निपटने में कोई कोर-कसर ना छोड़ें। पूरन यादव ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के 17 लाख 35 हजार गौवंश पशुधन का लम्पी वैक्शीनेशन पूरा किया जा चुका है। इस वजह से अब प्रदेश में लम्पी स्किन बीमारी से प्रभावित पशुओं की संख्या में भी एकदम कमी आई है। पूरन यादव के मुताबिक गौशालाओं में लंपी से ग्रस्त कोई गोवंश नहीं है।

# सरकार के नियम के अनुसार बैंक लोन देना करें सुनिश्चित

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



डीसी विक्रम आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की समीक्षा करते हुए।

**डीसी** विक्रम ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं पर बैंक नियमानुसार लोन देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए प्रॉपर्टी कार्ड पर भी लोगों को लोन दें।

डीसी विक्रम आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में बैंक अधिकारियों के साथ सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के बैंकिग प्रणाली की त्रैमासिक बैठक की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने समीक्षा बैठक में बैंक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बैंकों के जरिए ऑनलाइन किया जा रहा है। बैंकों के अधिकारी इन कार्यों को गंभीरता से पूरा करना सुनिश्चित करें। किसी भी बैंकिंग प्रणाली में ढिलाई ना बरतें और जो अधिकारी भिलाई बरतता पाया गया उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीसी विक्रम ने बैंक अधिकारियों को कहा कि विभिन्न बैंकों में लंबित केस पड़े हैं। वह यथाशीघ्र उनके केसों का निपटारा करना सुनिश्चित करें।

सीएम विंडो सहित अन्य केसों का निपटान करके ऑनलाइन भी करें। ताकि सरकार की जवाबदेही तय हो। डीसी विक्रम ने एमएसएमई, केबीआई, खादी बोर्ड, स्वयं सहायता समूह सहित अन्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की एक-एक करके स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी, हरियाणा ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक सहित अन्य बैंक अधिकारियों से जवाब देही ली। डीसी विक्रम ने कहा कि रोजगार के लिए जो भी बेरोजगार आदमी लोन के लिए अप्लाई करें। उसका सही रूप से क्रियान्वयन हो समय पर उन्हें लोन दे। समीक्षा बैठक में रिकवरी सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की बैंकिंग व्यवस्था बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीसी अपराजिता ने एडीसी कार्यालय द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन बारे में विस्तार पूर्वक बैंक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। एलडीएम ने एक-एक करके बिन्दु वार त्रिमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

वही आरबीआई के एजीएम संजीत ने बैंक अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सरकार की योजना और परियोजनाओं का की बैंकिंग व्यवस्था बेहतर तरीके से क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें।नाबार्ड के एजीएम विनय त्रिपाठी ने केंद्र सरकार की विभिन्न नाबार्ड योजनाओं के क्रियान्वयन बारे भी त्रिमासिक बैठक में विस्तार पूर्वक बताया।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने बनाई रणनीति

## एनजीओ और स्कूल-कालेज प्रभारियों संग बैठक कर पुलिस ने बनाई योजना

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



पुलिस कमिश्नर कार्यालय महिला सुरक्षा के लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल।

**सेक्टर 21सी** स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें महिला सुरक्षा से संबंधित शहर के विभिन्न स्थानों का सर्वे करके महिला तथा कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं की सुरक्षा की रूपरेखा तैयार की गई।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि इस बैठक में एसीपी मोनिका, इंस्पेक्टर सविता, ब्रेक थ्रु संस्था से प्रियंका, कृतिका व फरहान अहमद, वूमेन सेल से डॉक्टर नेहा अग्रवाल, वूमेन एंटरप्रेन्योर सेल से जया गोयल, निर्मला वर्मा, तथा विभिन्न कॉलेजों से आई प्रधानाचार्य, शिक्षक व शिक्षिका जिसमें मीनू वर्मा, डॉ पूजा कॉल, डॉ गीता ठाकुर, रितिका सिंह, डॉक्टर सोनिया, डॉ ललिता, चारु मिढ़ा, डॉक्टर मीनू दुआ, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, डॉ महेंद्र कुमार गुप्ता, डॉक्टर नरेंद्र कुमार, कृष्णकांत व अनिल गोयल मौजूद रहे। इससे पहले पुलिस उपायुक्त ने ब्रेक संस्था द्वारा डबुआ एरिया में महिला सुरक्षा के संबंध में तैयार की गई एक सर्वे रिपोर्ट जारी की थी। जिसमें महिला को सुरक्षा से सम्बंधित आने वाली परेशानियों के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्रित की गई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में अहम् कदम उठाए गए थे जिसमे महिला सुरक्षा के प्रति जागरुकता एक प्रमुख बिंदु था। इसी को आगे बढ़ाते हुए इस अभियान को फरीदाबाद के विभिन्न स्कूल कॉलेजों तक पहुंचाया जाएगा। इसके तहत कॉलेज में पढ़ रहे छात्र छात्राओं को ट्रेनिंग दी जाएगी और उन्हें इस अभियान में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके पश्चात वह छात्र विभिन्न कॉलेज तथा शिक्षण संस्थानों का सर्वे करके महिला सुरक्षा के संबंध में ओर अधिक जानकारी एकत्रित करेंगे। इसकी रिपोर्ट डीसीपी मुख्यालय को सौंपी जाएगी जिसके पश्चात महिला सुरक्षा के लिए अहम कदम उठाए जाएंगे। डीसीपी अग्रवाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं तथा नागरिकों में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता वैन की सहायता ली जा सकती है। विभिन्न स्कूल कॉलेजों के बाहर जागरूकता वैन द्वारा आमजन में जागरूकता फैलाई जाएगी। इसके लिए साथ ही मानव रचना रेडियो की भी सहायता ली जाएगी जो विभिन्न प्रकार के रिकॉर्डेड प्रोग्राम तथा ऑडियो के माध्यम से जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। सर्वे रिपोर्ट में विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया जाएगा जहां पर महिला सुरक्षा से संबंधित ज्यादा दिक्कतें आती हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस महिला सुरक्षा के संबंध में कदम उठा रही है और इसमें विभिन्न एनजीओ, कॉलेज प्रबंधन तथा छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें पुलिस विभाग का भी पूरा सहयोग रहेगा और पुलिस टीम विभिन्न स्थानों पर जाकर नागरिकों को इसके बारे में जागरूक करेंगी।

## चार वाहन चोर गिरफ्तार पांच वारदातें सुलझीं

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने चोरी के 5 मुकदमों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में इशांत उर्फ ईशु, नौशाद, रोहित तथा हिमांशु का नाम शामिल है। सभी आरोपी दिल्ली फरीदाबाद बॉर्डर एरिया में बुध विहार के रहने वाले हैं। आरोपी निशांत तथा नौशाद चोरी की इन वारदातों के मुख्य आरोपी हैं। आरोपी इशांत के खिलाफ चोरी के 7 तथा नौशाद के खिलाफ पांच मुकदमे दर्ज हैं और दोनों आरोपी कई बार जेल की सजा काट चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ फरीदाबाद में चोरी की धाराओं के तहत पांच मुकदमे दर्ज है जिसमें आरोपियों ने चार मोटरसाइकिल तथा नकदी चोरी की थी।

# संक्षिप्त समाचार

## श्रीधार्मिक लीला कमेटी में भूमि पूजन सम्पन्न



**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी 5 नम्बर एम ब्लाक फरीदाबाद में रामलीला के लिए आज विधिवत तरीके से भूमि पूजन प्रधान तेजिन्द्र खरबंदा की अध्यक्षता में हुआ। भूमि पूजन के लिये राजू नागपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिन्होंने नारियल तोडक़र शुभारम्भ किया। निर्देशक हरीश चन्द्र आज़ाद ने बताया कि भूमि पूजन के बाद रामलीला का मंच बनना आरम्भ हो। उन्होंने बताया कि इस बार रामलीला का आयोजन बहुत भव्य तरीके से किया जायेगा। कई तरह के नये नये दृश्य दिखाए जायेंगे। जिससे दर्शकों की रूचि रामलीला में बनी रहे। इस बार रामलीला में बड़ी एलईडी स्क्रीन के साथ साथ एलईडी विगंस भी लगाई जायेंगी। भूमि पूजन में गुलशन नागपाल, पंकज खरबंदा, सतीश नागपाल, अनिल नागपाल, तजिन्द्र खरबंदा, हरीश चन्द्र आज़ाद, प्रवीन बत्तरा, सुनील बत्तरा, सौरभ, रोहित खरबंदा, संदीप बत्तरा व विद्वांश खरबंदा उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कट की महिला की मौत

**फरीदाबाद।** राजधानी ट्रेन की चपेट में आने में आने से न्यू टाउन रेलवे स्टेशन यार्ड पर एक महिला की मौत हो गई। ट्रेन स्पीड में होने के कारण महिला कम से कम 200 मीटर दूर तक घसीटती गई, जिससे की शव पूरी तरह खराब हो गया और उसकी पहचान न हो सकी। इस विषय में जानकारी देते हुए जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि महिला की उम्र 35 से 40 साल तक है। महिला ने लाल रंग के सूट-सलवार पहने हुए थे और यह घटना बुधवार शाम करीब 5.45 बजे की है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचकर आसपास रहने वाले लोगों को शव की पहचान के लिए बुलाया, पर शव की पहचान नहीं हो पाई। जिस पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

## 200 नशीले इंजेक्शन समेत तस्कर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने नशे के इंजेक्शन की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम केशव है। आरोपी दिल्ली के गांव कराला का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना डबुआ क्षेत्र से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 200 नशे के इंजेक्शन बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ थाना डबुआ में नशा तस्करी की धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने कम समय में अधिक पैसे कमाने के लालच में आकर नशे के इंजेक्शन बेचने का काम शुरू किया था। आरोपी नशे के इंजेक्शनों को दिल्ली के अशोक विहार से अमित नाम के व्यक्ति से खरीद कर लाया था। जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## भांकरी नवादा रोड का एस्टीमेट जल्द तैयार करें: त्रिखा

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मोत्सव पखवाड़ा के तहत जनसेवा संवाद के तहत बड़खल क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने सोसायटी के लोगों की समस्याएं सुनीं। कामन सोसायटी में दिल्ली पुलिस सोसायटी तथा नवादा-भांखरी इंदिरा आवास कालोनी के लोगों ने एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक सीमा त्रिखा तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने विधायक सीमा त्रिखा को बताया कि भांखरी-पाली रोड की बदहाली के चलते उन्हें आवागमन में दिक्कत होती है और कई बार बारिश में सड़क टूटी होने के चलते वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त भी हो जाते हैं। इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद तुरंत पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आदेश दिया कि रोड और इसके नाले को बनवाने का एस्टीमेट तैयार किया जाए ताकि जल्द ही इसे पास करवाकर इसके निर्माण का कार्य शुरू करवाया जाए वहीं उन्होंने अधिकारियों को इस रोड पर रूके सीवरेज के कार्य को लेकर पीडब्ल्यूडी रोड की कैटिंग की परमिशन करने के लिए बोला और रोड को तुरंत प्रभाव से रोड लेबलिंग का कार्य शुरू करने के भी निर्देश दिए। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बडखल क्षेत्र का समुचित विकास हो रहा है और क्षेत्र की जो भी सडक़ें टूटी है, उन्हें नए सिरे से बनवाया जा रहा है और सीवरेज लाईन भी नई डलवाई जा रही है, जिससे कि लोगों को परेशानी न हो।

## राजकीय महाविद्यालय में कविता पाठ का आयोजन



**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान में हरियाणा शहीदी दिवस के उपलक्ष में देशभक्ति कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने देश प्रेम से ओतप्रोत कविताएं सुना कर श्रोताओं में देशभक्ति की भावना को और बढ़ाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या डॉक्टर सुनीता मलिक ने अमर शहीदों के बलिदान के बारे में बताते हुए कहा कि शहीदों ने निस्वार्थ भाव से देशभक्ति का परिचय देते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया हमें ऐसे शहीदों पर गर्व करने की आवश्यकता है। डाक्टर सुनील शर्मा ने स्वरचित कविताएं लिखने तथा समाज को जागरूक करने वाली कविताओं पर विशेष ध्यान देने के लिए चार छात्राओं को प्रेरित किया। बीए, प्रथम वर्ष की छात्रा सपना ने स्वरचित कविता सुनाई जिसकी पंक्तियां थी जिनकी हर सांस देश के नाम है वह फरिश्ते उस कुदरत की पहचान है। प्रतियोगिता में नैना बीए फर्स्ट प्रथम स्थान, प्रिया बीए सेकेंड ईयर द्वितीय स्थान पर, प्रथम नियम बीए फर्स्ट ईयर तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ राजेश कुमारी तथा डॉ सुधा ने किया। विजेंद्र एवं डॉ राजेश कुमार निर्णायक मंडल में रहे।

## छह अक्टूबर से चलेगा टीबी जागरुकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपिंग एलसीडीसी यह प्रोग्राम नेशनल लेप्रसी इरेडिकेशन प्रोग्राम एनएलईपी के अंतर्गत 6 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। बृहस्पतिवार डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत ने डॉक्टरों की मीटिंग ली। इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए ट्रेनिंग दी और उनको समझाया इस प्रोग्राम को पोलियो के प्रोग्राम की भांति ही चलाना है जैसे कि पोलियो में अंगुली पर निशान लगाया जाता है और घर पर मार्किंग होती है। ऐसे ही इस प्रोग्राम में भी 2 साल से बड़ों की सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग करनी है कोई भी व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए कुष्ठ रोग का वैसे तो ऑन उन्मूलन हो चुका है फिर भी कहीं कहीं कोई केस निकलता है। 22 जिलों में से यह प्रोग्राम सिर्फ 6 जिलों में चलाया जा रहा है। पानीपत, फरीदाबाद, करनाल, गुड़गांव, अंबाला झज्जर क्योंकि फरीदाबाद में माइग्रेट पॉपुलेशन होने के तहत पिछले वर्ष भी 2021 में 52 केस पाए गए थे और अभी तक 2022 में 22 नए केस पाए गए हैं। डॉ शीला भगत ने बताया कुष्ठ रोगी की पहचान करना बहुत आसान है और यह दवाइयों से पूरी तरह ठीक हो सकता है।

# जनहित के लिए हैं जनप्रतिनिधि और अधिकारी : विधायक सिंगला

## साउथ सिटी-1 में लगाया गया विधायक आपके द्वार कार्यक्रम का दरबार

## विधायक ने कई समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम साउथ सिटी-1 में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को साउथ सिटी-1 में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। कुछ समस्याओं का उन्होंने मौके पर ही समाधान कर दिया। बाकी बची समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला का क्षेत्र के लोगों से स्वागत किया। कम औपचारिकताओं के साथ विधायक ने अधिकारियों की मौजूदगी में लोगों की समस्याएं सुननी शुरू कीं। इस दौरान उनके समक्ष सड़कें, पानी, बिजली, सीवरेज की समस्याएं रखी गई। इन सामूहिक समस्याओं को सुनने के बाद विधायक ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को एक-एक शिकायत पर त्वरित काम करने के लिए निर्देशित किया। कुछ समस्याएं ऐसी थी, जिन्हें मौके पर ही निपटा दिया गया। विधायक ने अधिकारियों को निश्चित समय में सभी का समाधान करने का आदेश दिया। क्षेत्रवासियों ने विधायक को बताया कि वहां पर सामुदायिक केंद्र नहीं है। इस कारण से छोटे-छोटे कार्यक्रम करने के लिए उन्हें काफी दिक्कत होती है। विधायक ने उन्हें कम्युनिटी सेंटर बनाने के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री से इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि चाहे जनप्रतिनिधि हो या अधिकारी, सभी जनता के हितों के लिए हैं। जनहित के किसी भी काम में देरी और लापरवाही नहीं होनी चाहिए। तय समय में काम पूरे होने चाहिए। छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान अधिकारियों को अपने स्तर पर तुरंत ही कर देना चाहिए। ऐसा ना हो कि जनता भटकती रही। उन्होंने कहा कि जनता हर सुविधा की हकदार है। समय पर सभी सुविधाएं देना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान ज्वाइंट कमिश्नर एमसीजी सतीश यादव, एक्सईएन विशाल गर्ग व अन्य अधिकारियों ने सभी समस्याओं को जल्द निपटाने का भरोसा दिया। लोगों ने विधायक सुधीर सिंगला के विधायक आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना की। इससे लोगों को भटकना नहीं पड़ता।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, अनिल राव, महामंत्री अशोक डबास, स्वाती टंडन, राम गुप्ता, सुनील मित्तल, अश्विनी दुग्गल, इंद्र, अशोक भारद्वाज, दीपक शर्मा, बरखा शर्मा, राजीव शर्मा, राज चोपड़ा, हेमंत सिंह, राजेश अरोड़ा, सागर भोला, मुकेश मलिक सीएम गुप्ता, अनिल गुप्ता व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# नवीन गोयल के प्रयासों से कालेजों में फिर से खुला दाखिले का पोर्टल

## नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**गुरुग्राम।** प्रदेश के महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने से वंचित रह गए छात्रों के लिए खुशखबरी है। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के प्रयासों से दाखिलों के लिए आवेदन करने को ऑनलाइन पोर्टल तीन दिन (22 से 24 सितम्बर तक) के लिए खोला गया है। सरकार के इस निर्णय के लिए नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल का आभार जताया है।

नवीन गोयल ने बताया कि प्रदेश के महाविद्यालयों में दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद ऑनलाइन पोर्टल को उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से बंद करके दाखिले की अगली प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। श्री गोयल ने छात्र हित में कदम बढ़ाते हुए नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल और उच्चतर शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों के समक्ष पूरी स्थिति की जानकारी दी और सलाह दी कि ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल का कुछ समय के लिए फिर से खोल दिया जाए, ताकि वंचित विद्यार्थियों को दाखिला मिल जाए और महाविद्यालयों में सभी सीटें भी भर जाएं।

सरकार के निर्देशों पर उच्चतर शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल को 22 से 24 सितम्बर तक के लिए खोल दिया है। 24 सितम्बर शाम 5 बजे तक आवेदन किए जा सके हैं। इसके बाद 25 सितम्बर को फिजिकल ओपन काउंसलिंग होगी। इस दौरान विद्यार्थियों को दाखिला मिलेगा। नवीन गोयल ने इस सकारात्मक कार्य के लिए सरकार का आभार जताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डिजिटल नहीं असली गेम्स में लगाएं बच्चों को : नवीन गोयल



**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूल खेलों में जिमनास्टिक चैंपियनशिप में गुरुग्राम के निर्भय शर्मा पुत्र दर्पण शर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया है। निर्भय शर्मा की इस उपलब्धि पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बधाई देते हुए उसे सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, ललित क्रांतिकारी, मनीष नारंग, प्रवीन, मोहित वत्स, विजय वर्मा, सुधीर, सुधीर कलसन आदि मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्कूलों में शिक्षा के साथ किसी न किसी खेल से भी जोड़ें। बचपन से ही हमें बच्चों का सर्वांगीण विकास करना चाहिए। जिम्नास्टिक खेल बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि स्कूल हो या घर, बच्चों का ध्यान मोबाइल स्क्रीन से हटाकर खेलों की तरफ लगाना चाहिए। आज के समय में अधिक समय स्क्रीन पर बिताने के चलते बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ता है। बच्चों की आंखों को बचाने के लिए उन्हें घूमने की आदत डालें। बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के लिए जरूर है कि अपनी पौराणिकता की ओर हम बढ़ें। खेतों में ना सही आसपास के पार्कों में बच्चों को सुबह-शाम घुमाना चाहिए। इससे बच्चे मोबाइल से भी दूर रहेंगे और हरियाली में घूमने से उनकी आंखों की रोशनी भी बढ़ेगी। श्री गोयल ने कहा कि कई सर्वे में यह सामने आ चुका है कि मोबाइल बच्चों की आंखों की रोशनी छीन रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम बच्चों को डिजिटल गेम्स की बजाय असली खेलों की तरफ लेकर जाएं। इससे बच्चे मजबूत बनेंगे। उनकी शरीर मजबूत बनेगा और मानसिक मजबूती भी होगी।

### बिजली लाइन पर आसमानी बिजली गिरने से आपूर्ति हुई ठप

**सोहना।** बिजली लाइन पर आसमानी सोहना के 66 केवीए पावर हाउस की बिजली सप्लाई ठप हो गई। करीब आधा घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद पावर हाउस में ठप सप्लाई को चालू किया गया। गुरुवार को वैसे तो सोहना शहर के अंदर बना 66 केवीए पावर हाउस से बिजली सप्लाई दिन के 12 बजे के बाद ठप हो गई। बिजली सप्लाई ठप होने का असर निगम का कामकाज पर भी पड़ा। जहां बिजली का बिल जमा करने आए उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़े होने के बाद भी बिल जमा नहीं कर सके। इतना ही नहीं शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सप्लाई का हाल आयाराम-गयाराम की तरह से रही। लेकिन दोपहर 3 बजकर 54 मिनट पर शहर में स्थापित 66 केवीए पावर हाउस की समस्त बिजली सप्लाई एक साथ ठप हो गई। जिसका कारण आसमान में कड़की जोरदार बिजली का बताया गया। पावर हाउस के प्रभारी उमेश प्रसाद ने बताई कि यहा से 6/7 किलोमीटर दूर लाइन पर आसमानी बिजली गिर जाने से सारा पावर हाउस ठप हो गया। बारिश होने के कारण पैट्रोलिंग नहीं की जा सकी। पावर हाउस में ही सप्लाई को चालू करने के लिए बार-बार ट्राइल किया गया। करीब 30 मिनट तक ऐसा करने के बाद ठप सप्लाई चालू हो गई।

### युवाओं के पढ़ने से देश आगे बढ़ेगा: अश्विनी वशिष्ठ



**सोहना।** खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोंडसी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ने प्रथम तथा अभयपुर स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने समाज में फैल रही कुरीतियों को दर्शाते हुए उन्हें दूर करने का संदेश दिया। गुरुवार को भोंडसी के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें खंड के 10 राजकीय स्कूलों से आए करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चौधरी सुभाष राघव स्कूल प्रबंधन कमेटी सदस्य व डाइट से डॉक्टर सोना यादव और डॉक्टर अश्विनी वशिष्ठ व प्राचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डॉक्टर श्याम राघव मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रोल प्ले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोंडसी की टीम ने प्रथम स्थान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अभयपुर की टीम ने द्वितीय स्थान व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बादशाहपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फोक डांस में राजकीय कन्यावरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोंडसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व द्वितीय स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिकली की टीम रही। तीसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ली लाला की टीम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाइट से डॉक्टर अश्विनी वशिष्ठ ने कहा कि वर्तमान समय में समाज के अंदर कुरीतियां तेजी से बढ़ रही है। जिसका मूल कारण शराब पीने वालों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। दूसरा वर्तमान में युवा पीढ़ी मोबाइल पर अधिक देर तक ध्यान देना। जिसके कारण आज समाज में असामानताएं बढ़ती जा रही है। इन असमानताओं को समाप्त करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। युवा तभी समाज और देश का संभाल सकता है। जब वह पढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में फैलती जा रही कुरीतियों को समाप्त करने के लिए युवाओं को चेतना पड़ेगा।

# पूर्व चेयरमैन होशियार सिंह को महंगा पड़ सकता है दबंगई दिखाना

**गुरुग्राम।** ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन नौरंगपुर गांव निवासी होशियार सिंह ने दबंगई दिखाते हुए नौरंगपुर के पास ही सेक्टर-78-79 माउंट विला में सड़क बना रहे मजदूरों को पिस्टल के बल पर वहां से हटाया और अपने गांव नौरंगपुर की सड़क बनवा ली।

इस मामले में गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण (जीएमडीएम) की ओर से खेड़कीदौला पुलिस थाना में कई धाराओं में उन पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। आधी रात को उनकी इस तरह से दबंगई के क्षेत्र में खूब चर्चे हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार बीती 18 सितम्बर की रात को जीएमडीए की ओर से सेक्टर-78-79 में मुख्य सड़क का निर्माण किया जा रहा था। इसी दौरान रात करीब 12 बजे ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन होशियार सिंह करीब दो दर्जन लोगों को साथ लेकर वहां पर पहुंचे। आरोप है कि कुछ लोगों के पास हथियार थे, तो कुछ लाठियां लिए हुए थे। सड़क बना रहे मजदूरों को उन्होंने डराया-धमकाया और सड़क निर्माण के सामान समेत लेबर को अपने गांव नौरंगपुर में ले गए। वहां पर पीडब्ल्यूडी की सड़क को उन्होंने जबरदस्ती बनवा लिया। जीएमडीए के ठेकेदार की ओर से इस घटना की जानकारी जीएमडीए के अधिकारियों को दी गई।

# अभिषेक गुप्ता को मिला 'गंगा का लाल' सम्मान

## केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जल** संकट से निपटने, उसकी समस्या एवं समाधान के लिए बुधवार, 21 सितंबर 2022 को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में दोपहर 4 बजे से 'गंगा का लाल' कार्यक्रम का अयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हमारे पास जल की कमी नहीं है बस कमी है तो अच्छे प्रबंधन की है। कृषि क्षेत्र में हम जल का समुचित उपयोग कैसे कर सकते हैं। इस पर हमें विचार करना चाहिए और उसका प्रबंधन करना चाहिए। क्योंकि उपयोग में आने वाले सबसे अधिक पानी कृषि में प्रयोग किया जाता है। हमें अपने वाटर ईको सिस्टम बनाए रखने के लिए वर्षा के जल को संरक्षित रखने की जरूरत है। जल संरक्षण के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है। इस पर हमें सोचना चाहिए और हम सबको इस अभियान के साथ अवश्य जुड़ना चाहिए।

स्पेशल गेस्ट अनुभव मोहंती (सांसद, केन्द्रपाड़ा ओडिशा), जस्टिस करुणा नंद बाजपाई एवं गेस्ट ऑफ ऑनर रविन्द्र कुमार (जिलाधिकारी, झांसी) ने जल संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में 'गंगा का लाल' नाम से ही एक लघु फिल्म भी दिखायी गयी जिसमें रविन्द्र कुमार द्वारा माउंट एवेरेस्ट



यात्रा के मध्यम से लोगों की दिया गया संदेश एवं जल संरक्षण का विधाओं को फिल्माया गया है।

इस कार्यक्रम में जल संरक्षण, गलेशियरों का संरक्षण, भूमिगत जलस्तर, पेय जल, जल प्रदूषण सहित जल से संबंधित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गयी। साथ ही देश भर से आए हुए प्रतिष्ठित समाजसेवी, पर्यावरणविद एवं जल संरक्षण में विशिष्ट योगदान देने वाले विद्वान जनों को सम्मानित किया किया गया। स्वच्छ जल से होगा सुनहरे कल का निर्माण। जल संरक्षण, संवर्धन एवं उसके प्रबंधन के विषय पर अपने लेख के मध्यम से लोगों को जागरूक करने वाले एवं प्रदुषण मुक्त समाज का निर्माण करने वाले स्तम्भकार, राजनीतिक विश्लेषक तथा राजनीतिक चिंतक अभिषेक गुप्ता को अपने लेख के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में अतुलनीय योगदान के के लिए गंगा का लाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिषेक गुप्ता हिंदी पत्रकारिता के विद्वान तथा पद्मश्री राम बहादुर राय द्वारा सम्पादित पाक्षिक पत्रिका प्रथम प्रवक्ता से अपने लेखन कार्य की शुरुआत की थी। वर्तमान समय में कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में सामाजिक सरोकार से जुड़ें विषयों पर सम्पादकीय लेखन का कार्य कर एक गंभीर स्तम्भकार की पहचान बनाई है।

# सिल्ट सफाई की फिर खुली पोल सोहना के रोडों पर हुआ जलभराव

## नालों के क्षमता के अनुसार पानी की निकासी न करने से सोहना बना ताल तलैया

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



सामान्य बस स्टैंड मार्ग पर बारिश के कारण हुआ जलभराव से परेशान आम नागरिक।

**गुरुवार** को दोपहर बाद रुक-रुक कर हुई बारिश ने शहर में नालों की कथित तौर पर की गई सिल्ट सफाई की पोल खोल कर रख दी। नालों के क्षमता के अनुसार पानी की नगर से बाहर निकासी सही ढंग से न करने से सोहना ताल तलैया में तब्दील हो गया। शहर के मुख्य बाजार में जलभराव होने से आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

नगर परिषद और पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस वर्ष के नालों की लाखों रुपये खर्च करके सफाई कराई थी। नगर परिषद ने बस स्टैंड मार्ग से लेकर वार्ड 19 में मंगलनगर कॉलोनी, नागरिक अस्पताल के पीछे वाला नाला, बाईपास चौक के निकट बनी पुलिया, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक की पुतलिया, दमदमा मोड़ के सामने बनी पुलिया आदि स्थानों पर सफाई कराई। लोक निर्माण विभाग ने भी गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग के साथ बना नाले की सफाई करवाई थी। दोनों ही विभाग ने 10 से 15लाख रुपये खर्च किए थे। बीएण्डआर विभाग ने तो नाले के ऊपर अवैध कब्जा करके बैठे होटल-बाबा वालों को हटाया था, लेकिन फिर से नालों के ऊपर अवैध कब्जा हो गए है।

**बारिश ने खोल दी फिर पोल :** गुरुवार की दोपहर बाद शुरू हुई हल्की रुक रुक बारिश ने सरकारी विभागों की कार्य की पोल खोलकर रख दी है। नालों का पानी नालों से ऊपर से बह रहा था। जिससे रास्ते व यहा कि सड़कों जलभराव ने सभी नाक में दम कर दिया। नालों में कचरा-कूड़ा होने का बारिश का पानी शहर से बाहर सही से नहीं निकल रहा था।

**कहां-कहां हुआ जलभराव :** शहर के सामान्य बस स्टैंड मार्ग, अस्पताल मार्ग, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, माता मंदिर रास्ता, अग्रसैन चौक, बालूदा मार्ग, जखोपुर, बाईपास चौक, नूंह मार्ग के सर्विस रोड आदि स्थानों पर जलभराव हुआ। इतना ही नहीं जिस जिस मार्ग पर पानी दो से तीन फुट भरकर चला पानी दुकानों में घुसने से लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ।

# अमेजन डॉट इन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022: डील्स रिवील

## 23 सितंबर से ग्रेट इंडियन फेस्टिवल का हुआ शुभारंभ, प्राइम मेंबर्स को मिलेगी 24 घंटे पहले एक्सेस

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अमेज़न** डॉट इन का सबसे बड़ा फेस्टिव सेलीब्रेशन अमेजॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 लाखों सेलर्स, छोटे और मध्यम बिजनेस (एसएमबी), और लोकप्रिय ब्रांडों के प्रोडक्ट पर शानदार डील्स ऑफर करता है। कस्टमर्स स्मार्टफोन, एप्लायंसेस, कंज्यूमर्स इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, ग्रॉसरी, अमेजॅन डिवाइस, होम एंड किचन और अन्य कैटेगारी में टॉप ब्रांड के प्रोडक्ट के विशाल सलेक्शन पर शानदार डील्स प्राप्त कर सकते हैं।

कस्टमर्स को सभी कैटेगरी में टॉप इंडियन और ग्लोबल ब्रांडों और




लाखों छोटे बिजनेस के शानदार ऑफर के साथ अमेजन लॉन्चपैड, अमेजॅन सहेली, अमेजॅन कारीगर जैसे प्रोग्राम के अंतर्गत अमेजन सेलर्स के प्रोडक्ट खरीदने का मौका मिलेगा। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले कस्टमर्स एसबीआई बैंक जैसे प्रमुख पार्टनर बैंकों के आकर्षक ऑफर प्राप्त कर सकते हैं; एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10 फीसदी इंस्टेंट डिस्काउंट, डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्ड से आकर्षक ऑफर, और भी बहुत कुछ इस प्रकार है। 11 लाख सेलर्स और दो लाख लोकल स्टोर्स से खरीदारी करें। द ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (GIF) 11 लाख से अधिक सेलर्स के साथ सेलीब्रेट करता है, अमेज़न डॉट इन पर कस्टमर्स को करोड़ों प्रोडक्ट पेश करता है, जिसमें भारतीय एसएमबी और लोकल स्टोर्स के यूनीक प्रोडक्ट शामिल हैं। सबसे बड़े ब्रांडों के विशाल सलेक्शन में से चुनें

ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में 2000 से अधिक नए प्रोडक्ट लॉन्च और सैमसंग, आईक्यू, एमआई, रेडमी, एप्पल, वनप्लस, एलजी, सोनी, कोलगेट, बोट, एचपी, लीनीओ, फायर-बोल्ट, नोइज, हाईसेंस, वीयू, टीसीएल, एस्सर, एस्सर, अलेन सोली, बीबा, मैक्स, प्यूमा, एडिडास, अमेरिकन टूरिस्टर, सफारी, मेबेलिन, शुगर कॉस्मेटिक्स, लोरियल, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, नीविया, जिलेट, टाटा टी, हग्गीज़, वंशावली, हिमालय, हैस्ब्रो, ओमरोन, फिलिप्स, दावत, आशीर्वाद, टाटा संपन्न, सर्फ एक्सेल, यूरेका फोर्ब्स, हैवेल्स, स्टोरीव्रहोम, अजंता, विप्रो, प्रेस्टीज, बटरफ्लाई, मिल्टन, सोलिमो, द स्लीप कंपनी, योनेक्स, निविया, हीरो साइकिल, बॉश, ब्लैक+डेकर, हिट, ट्रस्ट बास्केट जैसे टॉप ब्रांड की विशाल सलेक्शन की पेशकश करता है।

# दिल्ली में एसएमई के मालिकों को बिजनेस के लिए योग्य कर्मी उपलब्ध कराने में सहायता कर रहा इनडीड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पिछले** कुछ वर्ष एसएमबी के लिए चुनौतीपूर्ण रहे हैं, इनमें से ज्यादातर एसएमबी ने महामारी के इस दौर के समय में अपने आप को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए अच्छा काम किया है। यहां पर समस्या यह है कि एसएमबी न केवल अपने स्तर के बिजनेस बल्कि अपने पास उचित प्रतिभा को काम देने के लिए भी बड़े बिजनेस के साथ प्रतिस्पर्धा में हैं।

डिजिटलीकरण के युग में सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करने के लिए, एक कुशल कार्यबल समय की आवश्यकता है, जिससे एसएमबी के लिए अपनी बेहद जरूरी विकास यात्रा के लिए सही प्रतिभा को नियुक्त करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। इनडीड के द्वारा भारतीय उद्यमियों को बिल्कुल उचित कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में सहायता मिलती है। आज के समय में ज्यादातर एसएमबी इनडीड की वेबसाइट के जरिए एक बेहद विशाल कर्मचारियों की रेंज तक पहुंच सकते हैं जिससे उन्हें अपने व्यवसाय में सबसे बेहतरीन कर्मचारियों की भर्ती के लिए इनडीड के शानदार प्रोडक्ट्स एवं फीचर के उपयोग से सहायता मिल सकती है। इनडीड जोकि दुनिया की नंबर वन जॉब साइट है, अब भारत में छोटे एवं मध्यम वर्ग के बिजनेस के लिए भर्ती प्रक्रिया को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है। इनडीड इंडिया एक ऐसा मंच प्रदान करता है जोकि बिल्कुल नए शुरू हुए बिजनेस को उचित कर्मचारियों तक पहुंच प्रदान करते हैं ताकि इन छोटे बिजनेस को अपने पैर जमाने में सहायता प्राप्त हो सके। इसके अलावा इनडीड का इस्तेमाल कर 250 मिलियन से अधिक नौकरी चाहने वाले कर्मचारी अपने लिए उचित रोजगार की तलाश कर पाते हैं। लघु और मध्यम व्यापार क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार जैसे बेहद जरूरी इकोनॉमिक इंडिकेटर की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस क्षेत्र के तेजी से विकास के परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार का सृजन हुआ है।

एसएसबी में भर्ती प्रक्रिया को और भी आसान बनाने के लिए इनडीड का 'हायर बेटर' अभियान इनडीड के सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक, अगले 5 वर्षों में एसएमबी के क्षेत्र से 20 लाख से अधिक नौकरियां आने की उम्मीद है। भारतीय हायरिंग इकोसिस्टम भी सकारात्मक विकास के दौर से गुजर रहा है। वैश्विक मुद्रास्फीति की स्थिति में भी अप्रैल से जून 2022 में नियोक्ताओं की भर्ती में 29प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। निशिता लालवानी, निदेशक, इनडीड भारत एंड एसईए ने कहा हमारा अभियान एसएमबी के लिए केंद्रित है जोकि भारत की अर्थव्यवस्था को ऊंचाई पर पहुंचाने में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। इस अभियान में तीन फिल्में दिखाई जाएंगी जिनके माध्यम से कंपनियों को कर्मचारियों को काम पर रखने में आने वाली समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा। इनडीड का उद्देश्य भारत में एसएमबी के लिए भर्ती प्रक्रिया को आसान बनाना है।

# सज रहा मंच, कल से शुरू होगी श्रीदुर्गा रामलीला

**गुरुग्राम।** शहर के जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंच सजाने के साथ मैदान में दर्शकों के बैठने के स्थान की साफ-सफाई आदि कराकर महिलाओं-पुरुषों के बैठने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। शनिवार से श्रीदुर्गा रामलीला का मंचन शुरू हो जाएगा। रामलीला का उद्घाटन ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 बाबा प्रकाशपुरी मंदिर के शिष्य महंत रवि पुरी जी महाराज, साध्वी आत्म चेतना गिरी जी और गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, समाजसेवी गोपाल दास बतरा करेंगे।

श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी के मीडिया प्रभारी राज सैनी बिसरवाल के मुताबिक 24 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक चलने वाली रामलीला की रिहर्सल के दौरान निर्देशक अशोक सौदा व गोपाल जलिंद्रा द्वारा सभी कलाकारों को तराशा जा चुका है। शारीरिक हाव-भाव और डायलॉग में सभी कलाकारों का प्रदर्शन बेहतर रहा। चयन कमेटी की ओर से कलाकारों का फाइनल सूची रोल के हिसाब से तैयार कर ली गई है। कलाकारों की अभिनय के हिसाब से ड्रेस आदि भी तैयार हैं। कमेटी के चेयरमैन बनवारी लाल सैनी, प्रधान कपिल सलूजा, महासचिव अशोक प्रजापति और कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि श्रीगोस्वामी तुलसीदास रचित श्रीरामचरितमानस का अनुसरण कर भव्य श्रीराम गाथा के साथ रामलीला का रचनात्मक कंचन किया जाएगा। पहले दिन 24 सितम्बर को नारद मोह से लीला का शुभारंभ होगा। 25 को दूसरे दिन श्रीराम जन्म लीला, 26 को धनुष यज्ञ लीला, 27 को श्रीराम-सीता विवाह एवं कन्यादान, 28 को श्रीराम वन गमन, 29 को श्री दशरथ प्रतिज्ञा पालन लीला, 30 को श्रीराम भरत मिलाप एवं सीता हरण, शनिवार 1 अक्टूबर को श्रीराम-सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध, 2 अक्टूबर को रावण-हनुमान संवाद एवं लंका दहन, 3 अक्टूबर को रावण-अंगद संवाद, 4 अक्टूबर को कुम्भकरण, मेघनाथ वध एवं सुलोचना सती, 5 अक्टूबर को दशहरा पर्व होगा। छह अक्टूबर को भरत मिलाप एवं राज्याभिषेक होगा।

# सीएमआरएसएल 27 सितंबर को 14.04 करोड़ रुपये का लेकर आ रही है आईपीओ

## एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विज्ञापन** तकनीक और डेटा एनालिटिक्स व्यवसाय में जुड़ी साइबर मीडिया रिसर्च एंड सर्विसेज लिमिटेड (CMRSL) रुपये 14.04 करोड़ मूल्य के 780,000 शेरों का अपना IPO ला रही है। इश्यू 27 सितंबर को खुलेगा और 29 सितंबर 2022 को बंद होगा और बाद में एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होगा।

रुपये 10 के अंकित मूल्य पर, प्रति शेर की कीमत रुपये 171 से रुपये 180 प्रति इक्विटी शेर होगी और इसे 800 शेयरों के हिस्सों में बेचा जाएगा। 780,000 शेरों में से 3,69,600 शेयर QIB कोटा के लिए, 2,60,000 शेर रिटेल कोटा के लिए,1,11,200 शेयर HNI कोटे के लिए और 39200 शेयर मार्केट मेकर कोटा के लिए आरक्षित होंगे। इश्यू के लीड मैनेजर




स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड है और इश्यू के रजिस्ट्रार लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है। निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इनके लिए किया जाएगा। कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं का वित्तपोषण, नई परियोजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों में निवेश का वित्तपोषण, इश्यू को पूरा करने के लिए व्यय और एक ऐसे उद्योग में विज्ञापन तकनीक और डेटा एनालिटिक्स व्यवसाय में शामिल है जो तेजी से विस्तार कर रहा है। कंपनी के पास चार राजस्व धाराएं हैं, जैसे, डिजिटल मार्केटिंग (विज्ञापनदाता), प्रोग्रामेटिक मीडिया ख़रीदना, प्रकाशक मुद्रीकरण और डेटा एनालिटिक्स। प्रदीप गुप्ता साइबरमीडिया समूह कंपनियों के प्रमोटर और चेरमेन हैं। वह इंडियन एंजेल नेटवर्क के सह-संस्थापक हैं और विकलांगता क्षेत्र में काम करने के लिए हेलेन केलर अवार्ड के प्राप्तकर्ता हैं। प्रबंधन टीम का नेतृत्व श्री धवल गुप्ता और थॉमस जॉर्ज रहे हैं। धवल गुप्ता सीएमआरएसएल के प्रबंध निदेशक हैं और उनके पास 14 वर्षों से अधिक का अनुभव है। एक नए मीडिया अधिवक्ता के रूप में, उन्हें डिजिटल, मीडिया और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों की गहरी समझ है।

डा. बनवारी लाल ने कहा, बैठक में सही तथ्य रखें अधिकारी

# रास्ता निर्माण के टेंडर व निर्माण कार्यो की जांच कमेटी करे : सहकारिता मंत्री




सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक में शिकायतों को सुनते हुए।

## सहकारिता मंत्री ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉक्टर बनवारीलाल ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुल 11 शिकायतें सुनीं। सहकारिता मंत्री ने 8 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया बाकि तीन अगली बैठक में तथ्य के साथ रखने को कहा। शिकायतकर्ता अजूरदीन पुत्र जबरु वार्ड नंबर 4 नूंह की शिकायत केला गौदाम से लेकर नई अनाज मंडी रास्ते का निर्माण के लिए हुए टैंडर व निर्माण कार्यो की कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए। सहकारिता मंत्री ने गांव पाटखोरी निवासी दलपत सिंह की शिकायत पर 6 एकड़ भूमि का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर गलत तरीके से पंजीकरण को लेकर अधिकारियों से रिपोर्ट लेकर शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया।

सहकारिता मंत्री ने कार्यकारी अभियन्ता रेनीवेल परियोजना पलवल शिकायत कर्ता सतबीर, अनिल, दीनू, राजेन्द्र, ईसाक आदि समस्त निवासी खेड़ा-खलीलपुर की शिकायत थी कि गांव में पिछले एक साल से गांव में पीने का पानी नहीं आ रहा है। इस शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया। सहकारिता मंत्री ने खोरी शहाचौखा तहसील पुन्हाना निवासी अब्दुल रहमान द्वारा दी गई टयूबैल ऑपरेटर की शिकायत को गलत पाए जाने पर शिकायत कर्ता को डांट लगाई और कहा कि आगे से इस प्रकार की शिकायत न करें। सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला में जो भी विकास कार्य हो वह नियमों के आधार पर और उचित समय में पूर्ण होने चाहिए।

जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि कष्ट निवारण समिति की बैठक में जो भी विवाद रखे जाते है उन विवादों के समाधान की सही रिपोर्ट अधिकारी प्रस्तुत करें यदि किसी ने गलत रिपोर्ट पेश की तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत कर्ता भी इस बात का ध्यान रखें कि वे शिकायत में किसी गलत आदमी का नाम दर्ज न कराएं, यदि शिकायत कर्ता ने रिपोर्ट में गलत आदमी का नाम दर्ज कराया तो भविष्य में शिकायत कर्ता के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की झुठी शिकायत न करें क्योंकि इससे व्यक्ति को तो मानसिक परेशानी होती है, इसके साथ-साथ सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों का भी समय नष्ट होता है।

इस अवसर पर विधायक आफताब अहमद, मौहम्मद इलायास, वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन, उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, जिला परिषद के सीईओ प्रदीप अहलावत, एसडीएम फिरोजपुर झिरका रणबीर सिंह, एसडीएम अश्वनी कुमार, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, सहित भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल, भानीराम मंगला, समिति के गैर सरकारी सदस्य व जिले के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# नशा कारोबारियों पर नकेल कसने को मंत्री से मिले लोग



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूंह** जिले में नशे का कारोबार बड़ी तेजी से फलफूल रहा है। नशे व नशा तस्करों पर लगाम लगाने की मांग लेकर गुरुवार को नगीना कस्बे के दर्जनों लोगों ने भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रामौतार सिंगला की अगुवाई में ग्रीवेंस की बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारीलाल से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारीलाल ने कहा कि इस मामले में पुलिस जल्द ही सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाएगी। नगीना कस्बे के लोगों ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले कुछ समय से नगीना कस्बे में एक नहीं बल्कि कई जगह पर नशे का कारोबार खूब फलफूल रहा है। स्मेक, गांजा इत्यादि कई प्रकार का नशा हरियाणा के नूंह जिले में दस्तक दे चुका है। स्थानीय लोगों ने इस मामले को लेकर नगीना पुलिस थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। मजबूर दर्जनों लोग गुरुवार को तकरीबन 20 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय नूंह में आयोजित ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में जिले के तमाम आला अधिकारियों की मौजूदगी व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारीलाल के सामने लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते नशा कारोबारियों पर नकेल नहीं कसी गई तो मेवात में बड़ा नुकसान हो सकता है।

सबसे खास बात यह है कि नशा तस्करों को किसी प्रकार का कोई खौफ नहीं है और पुलिस सख्त कानूनी कार्रवाई करने के बजाए मामले को हल्के में ले रही है। अब देखना यह है कि कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारीलाल के साथ-साथ जिले के तमाम आला अधिकारियों व कांग्रेस पार्टी के कई विधायकों के सामने इस मामले के प्रमुखता से उठने के बाद इस मामले पर कोई लगाम लगती है या फिर नशे का कारोबार इसी तरह फलता-फूलता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीपीओ ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरुक



गांव जोरासी में ग्रामीणों के बीच बीडीपीओ।

**तावडू।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को तावडू उपमंडल के गांव जोरासी में पंचायत विभाग की ओर से ग्रामीणों को जागरुक किया गया। इस दौरान गांव में पहुंचे तावडू खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी नंद लाल अग्रवाल ने ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरुक करते हुए प्लास्टिक से बने उत्पादों को त्याग कर जुट या कपड़े के हुए थैली या बेग प्रयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि प्लास्टिक से बने उत्पाद पर्यावरण के लिए सबसे घातक है। ग्रामीण क्षेत्र में भी इनका प्रयोग और चलन बहुत ज्यादा है। इन्हीं के कारण अक्सर नालियों में गंदगी बनी रहती है, सरकार के आदेश के मुताबिक प्लास्टिक से बने उत्पादों के प्रयोग पर प्रतिबंध है साथ ही चालान व जुर्माना राशि भी लगाने का प्रावधान है। बीडीपीओ ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग के बिना सफाई व्यवस्था कायम नहीं हो सकती, जरूरी है कि ग्रामीण भी सफाई के प्रति जागरूक रहें। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीणों से कूड़ा करकट व गंदगी एक कूड़ेदान में डालने के लिए प्रेरित किया गया। गुरुवार को गांव जोरासी में ग्रामीणों सहित उनके साथ सफाई अभियान कार्यक्रम से जुड़े प्रोजेक्ट अधिकारी शमशेर सिंह व खंड समन्वयक मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे जिन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध आदि के बारे में ग्रामीणों को विस्तारित जानकारी देकर जागरूक किया।

### जहां शिविर हो वहां रक्तदान करने पहुंचें लोगः विकास कुमार




**गुरुग्राम।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम द्वारा गुरुवार को रेडक्रॉस कार्यालय के प्रांगण में उपायुक्त गुरुग्राम निशांत कुमार यादव के दिशा-निर्देशन में और सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सचिव विकास कुमार ने कहा कि रक्त दान करने में किसी तरह से संकोच या डर नहीं होना चाहिए। रक्त दान से हमारी शरीर में ना तो कोई कमी आती है और ना ही कमजोरी। इंसान का रक्त ही इंसान को चढ़ाया जा सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी अधिकारिक तौर पर रक्त दान शिविर लगाए जाएं, वहां पर लोगों को रक्त दान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी रक्त की पूर्ति के लिए सालभर समय-समय पर शिविरों का कार्यालय परिसर और बाहर भी आयोजन करती है। लोगों को रक्त दान के लिए भी प्रेरित किया जाता है। शिविर को सफल बनाने में रेडक्रॉस सोसाइटी टीम से अतुल पराशर, आकाक्षां, कुणाल मंगला, श्यामा राजपूत, कविता सरकार, रजनी कटारिया, लावण्या, सरोज, कमला, जय भगवान एवं सिविल अस्पताल ब्लड बैंक की टीम से डाक्टर प्रियंका, काउंसलर सुलक्षणा, अनंता का विशेष योगदान मिला।

### अज्ञात वाहन से बाइक चालक घायल

**तावडू।** कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे पर गांव पढ़ेनी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गुरुग्राम के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मुकेश कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी गांव भदौरा थाना नदबई जिला भरतपुर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड फाइनेंस कंपनी मानेसर में फील्ड मैनेजर के पद पर कार्यरत है और कंपनी का फील्ड का काम देख रहा था। पीड़ित के मुताबिक फाइनेंस कंपनी गांव और शहर में गरीब महिलाओं को रोजगार करने के लिए लोन उपलब्ध कराती है। गत 14 सितंबर को वह मेवात इलाके में 93 हजार 788 रुपये का कलेक्शन कर बाइक पर केएमपी से पचगांव-मानेसर आ रहा था। जब वह केएमपी पर गांव पढैनी के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति व लापरवाही से आते हुए पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर चोट लगने पर पह बहोश हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने अस्पताल पहुंचकर उन्हें गुरूग्राम में उपचार के लिए भर्ती कराया। पीड़ित का आरोप है कि हादसे के बाद उसके बैग में 11 हजार 440 रुपये ही मिले। जबकि 82348 रूपये गायब थे। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल टावर के बीटीएस से कार्ड चोरी, केस दर्ज

**तावडू।** गांव सुन्ध में लगे मोबाइल टावर के बीटीएस से कार्ड चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड सुपरवाइजर की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिक्योरिटी गार्ड सुपरवाइजर लाल सिंह ने बताया कि गांव सूंध से बाहर एक खेत में इंडस कंपनी का टावर लगा हुआ है। गत 29 सितंबर दोपहर टावर ने कार्य करना बंद कर दिया। सूचना मिलने पर जब कंपनी में लगे टेक्नीशियन ने साइट पर जाकर देखा तो टावर के बीटीएस व जनरेटर का ताला टूटा पाया गया और यहां पर लगे बीटीएस से इरेक्शन बीबीयू कंपनी का कार्ड चोरी पाया गया। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर चाकू की नोक पर महिला के साथ दुष्कर्म

**तावडू।** उपमंडल के एक गांव में घर में घुसकर चाकू की नोक पर एक महिला के साथ जबरन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि जब वह अपने घर पर बाथरूम में स्नान कर रही थी, तो आरोपी नूरदीन ने छुपकर नहाते हुए की एक वीडियो बना ली। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता महिला का आरोप है कि वीडियो वायरल कर उसे ब्लैकमेल करने की धमकी देते हुए उसके साथ जबरन कई बार आरोपी ने दुष्कर्म किया। पीड़ित महिला का आरोप है कि गत 17 सितंबर की रात वह घर पर कमरे में सो रही थी तो, रात्रि करीब 2:30 बजे आरोपी नूरदीन दीवार फांदकर कमरे में घुस गया और मुंह पर कपड़ा बांध उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

# पांचवें दिन भी दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर धरना-प्रदर्शन रहा जारी



रिजवान कासिम। मेवात

**खेड़ा** खलीलपुर गांव के किसानों ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य लिंक मार्ग को दोबारा से जोड़ने की मांग को लेकर पांच दिन से एप्को इंफ्राटेक कंपनी का काम रोका हुआ है। पांचवें दिन खेड़ा खलीलपुर गांव के दर्जनों किसानों ने कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल से मुलाकात की। जिसमें किसानों को भरोसा तो मिला, लेकिन उनकी मांग को अमलीजामा नहीं पहनाया गया। जिसके चलते पांचवें दिन भी किसानों का धरना-प्रदर्शन जारी है।

किसानों के मुताबिक लघु सचिवालय न्यू में उपायुक्त अजय कुमार एसपी वरुण सिंगला ने एनएचएआई के अधिकारियों के साथ इस मामले का कोई हल निकालने के लिए घंटों बातचीत की लेकिन बैठक में क्या समाधान निकला। इसके बारे में देर शाम तक कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं दी गई। कुल मिलाकर कभी भी दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर किसानों का धरना जारी है। कंपनी का कामकाज किसानों ने रोका हुआ है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान खेड़ा खलीलपुर गांव के किसानों ने कहा कि मुलाकात के दौरान पुख्ता भरोसा तो मिला है, लेकिन एनएचएआई के अधिकारियों को लिंक मार्ग बनाने के आदेश अभी तक नहीं किए गए हैं। इसलिए उनका जो धरना-प्रदर्शन पिछले 5 दिन से जारी है वह उस समय तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांग को पूरी तरह से अमलीजामा नहीं पहनाया जाएगा। कुल मिलाकर 5 दिन बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन एनएचएआई के अधिकारियों तथा किसानों के बीच कोई सुलह नहीं करा पाया है। जिसकी वजह से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जैसी देश की बड़ी परियोजना पर काम ठप पड़ा है। कंपनी को काम बंद होने की वजह से रोजाना लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है, लेकिन अधिकारी फुर्ती दिखाने के बजाय इसमें सुस्ती बरतते दिख रहे हैं। 5 दिन से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने में किसानों से बातचीत करने के लिए अभी तक सिर्फ अश्विनी कुमार एसडीएम नूंह मौके पर पहुंचे हैं। इसके अलावा पिछले 3 दिन से खेड़ा खलीलपुर गांव के किसान आला अधिकारियों से मिलने के लिए तकरीबन 20 किलोमीटर दूर लघु सचिवालय नूंह में आ रहे हैं। किसानों ने सोमवार को एसपी वरुण सिंगला नूंह से मुलाकात की तो बुधवार को उपायुक्त अजय कुमार ने उसे उनकी मुलाकात हो सकी। गुरुवार को ग्रीवेंस बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल से भी बात हुई, बावजूद इसके अभी तक किसानों की समस्या जस की तस बरकरार है।

## जीयू के 240 छात्रों ने लिया रंगोली और पोस्टर मेकिंग में दिखाया हुनर

**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराने के उद्देश्य से गुरुग्राम विवि के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन मे विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका थीम फार्मेसी यूनाइटेड इन एक्शन फॉर अ हेल्दियर वर्ल्ड रखा गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। जिसमें जीयू के 240 छात्रों ने अपनी क्रिएटिविटी के माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

## पोषण माहः रसोईयों, सहायिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**मेवात।** पोषण माह-2022 के अंतर्गत, नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आज गुरुवार को शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एव बाल विकास विभाग व स्माइल फाऊंडेशन की उपस्थिति में पीरामल फाऊंडेशन द्वारा रसोईयों और सहायिकाओं की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लघु सचिवालय पुन्हाना जिला नूह में आयोजित किया गया।

पूरे खण्ड से 600 से ज्यादा रसोइया और सहायिकाओं ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्हें पोषण के महत्व, स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना व समय समय पर अपने स्वास्थ्य प्रशिक्षण कराना, अपने सेंटरों पर स्वच्छता के सभी आवश्यक मानकों को सुनिश्चित करना और बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण पका भोजन उपलब्ध कराना व सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान देने पर बल दिया गया।

जिससे बच्चों के स्वास्थ्य के ऊपर इसका कोई दुष्प्रभाव ना पड़े । इस कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मवीर सिंह, सीएचसी पुन्हाना से डा विजय व डा योगेंद्र अपने पूरी टीम के साथ रहे। आईसीडीएस विभाग से सीडीपीओ गायत्री देवी, सुपरवायजर कमला देवी, उषा देवी व अंजू देवी रही। स्माइल फाऊंडेशन के खण्ड प्रभारी जावेद व पीरामल फाऊंडेशन से प्रोग्राम लीडर चंदन व मनीष और गांधी फेलो देवयानी, विकास, विष्णु, श्रुति, दुर्गेश सिंह और एडमिन शाहिद मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सीडीपीओ गायत्री जी ने सभी को पोषण से सम्बन्धित शपथ दिलाई।

## गुरुग्राम में 29 सितंबर को निकाला जाएगा जिप वार्डों का आरक्षण ड्रा

**गुरुग्राम।** जिला परिषद (जिप) के वार्डों के आरक्षण का ड्रा 29 सितंबर को सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में निकाला जाएगा। हरियाणा पंचायती राज (निर्वाचन) नियम-1984 के नियम 5(1)(2) में किए गए प्रावधान अनुसार जिला परिषद के वार्डों में महिला, अनुसूचित जाति तथा बीसी (ए) के लिए सीटें आरक्षित की जानी हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि आरक्षण ड्रा में जिला के इच्छुक नागरिक 29 सितंबर को सुबह 10 बजे सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में समय पर उपस्थित होकर ड्रा की कार्यवाही को देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह ड्रा इसी माह की 12 तारीख को निकाला जाना था।

# एक अक्टूबर से ग्रैप लागू, डीजी सेट चलाने पर होगी पाबंदी

## वायु की गुणवत्ता का अब मौसम विभाग की तरह तीन दिन पहले पता चलेगा, उसी अनुसार लेंगे एक्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में चंडीगढ़ के अधिकारियों की बैठक में मौजूद अफसर।

**वह** दिन नजदीक आ रहे हैं, जब प्रदूषण का स्तर बढ़ता जाता है। ऐसे में अब प्रशासन भी अपने स्तर पर तैयारियों में लग गया है। हर साल की तरह इस बार भी एक अक्टूबर से जिला में ग्रेडिड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू हो जाएगा। जिसके तहत डीजी सैट के संचालन पर प्रतिबंध लग जाएगा। केवल आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, मेडिकल उपकरण चलाने, सेना से संबंधित कार्यों या अन्य इमरजेंसी हालातों में ही डीजी सैट के प्रयोग की अनुमति होगी। इसी को लेकर गुरुवार को हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चैयरमेन पी. राघवेंद्र राव ने अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक भी ली।

गुरुग्राम में इस दौरान एसडीएम रविंद्र यादव तथा मानेसर के क्षेत्रीय अधिकारी संदीप सिंह उपस्थित रहे। पी. राघवेंद्र राव ने कहा कि इस बार एनसीआर में संशोधित ग्रैप लागू किया जा रहा है, जिसके तहत वायु की गुणवत्ता के आधार पर ग्रैप को अलग-अलग चार स्टेज में विभाजित किया गया है। एक्यूआई यानी एयर क्वलिटी इंडेक्स 200 से ऊपर पहुंचने पर पहली स्टेज पूअर (खराब) की होगी। 300 से उपर एक्यूआई जाने पर दूसरी स्टेज वैरी पूअर (ज्यादा खराब), एक्यूआई 400 से ऊपर जाने पर स्टेज तीन सीवियर (गंभीर) तथा एक्युआई 450 से उपर जाने पर स्टेज चार वैरी सीवियर (अति गंभीर) की होगी।

**उद्योग पीएनजी गैस का करेंगे उपयोग :** ग्रैप लागू होने पर उद्योगों में क्लीन फ्यूल के प्रयोग पर बल दिया जाएगा। जिन उद्योगों में पीएनजी गैस की सप्लाई है, वे अपने यहां गैस का प्रयोग करेंगे। जिन उद्योगों में गैस की आपूर्ति अभी तक नहीं हो पाई है वे बायोमास का प्रयोग फ्यूल के तौर पर करें। जहां पर गैस की पाइप लाइन ही नहीं है और बायोमास भी उपलब्ध नहीं है, वे अगले तीन महीने कोयले का प्रयोग कर सकते हैं। एक जनवरी 2023 से उन्हें हर हाल में गैस पर संचालन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि डीजी सैट के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, लेकिन उसे रैटरोफिट एमिशन कंट्रोल डिवाइस (आरइसीडी) और ड्यूल-फ्यूल में कन्वर्ट करके दिन में दो घंटे चलाया जा सकता है। केवल आरईसीडी युक्त डीजी सैट होगा तो उसे दिन में एक घंटे चलाने की अनुमति होगी।

# खून की कमी के लक्षण मिलते हैं बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



पोषण माह के दौरान गोद भराई की रस्म करती हुई विभाग की टीम।



पोषण माह कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती बच्चियां।

**महिला** एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मीरा की अध्यक्षता में तावडू उपमंडल के गांव कलवारी में पोषण अभियान के तहत आंगनवाडी सेन्टर पर कार्यक्रम आयोजित कर आंगनवाडी वर्कर्स एवं किशोरियों को खानपान, महिलाओं एवं बच्चों में रक्त की कमी से होने वाले एनीमिया रोग से बचाव के साथ-साथ खून की कमी को दूर करने के बारे विस्तार से जानकारी दी।

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि हर साल सरकार महिलाओं और बच्चों के लिए अच्छे पोषण के सामान्य लक्ष्य की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष, उद्देश्य, महिला और स्वास्थ्य, और बच्चा और शिक्षा पर मुख्य ध्यान देने के साथ साथ पोषण माह के रूप में शुरू करना है। उन्होंने किशोरियों को बताया कि एनीमिया रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्ति को शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं और हीमोग्लोबिन की कमी से होता है। हीमोग्लोबिन रक्त की कोशिकाओं के लिए ऑक्सीजन की सप्लाई करने के लिए आवश्यक होता है। यह शरीर में आयरन की कमी से भी होता है।

खून की कमी के लक्षण सभी वर्ग के बच्चों एवं गर्भवत्ती महिलाओं में अधिक पाए जाते है, जिनको एनीमिया होने पर शारीरिक कमजोरी, थकान, सिर दर्द, चक्कर आना त्वचा का पीला होना, दिल की धडकन् का बढना, नाखुन और जीभ का सफेद होना आदि लक्षण दिखाई देते है। उन्होंने पोषण अभियान कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाडी वर्कर्स को आज मैं भारत के बच्चों, किशोरों ओर महिलाओं को कुपोषण मुक्त स्वस्थ और मजबूत करने का बचन देती हूं। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान मैं हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाऊंगी, सही पोषण का अर्थ पौष्टिक आहार, साफ पानी और सही प्रथाए। मैं पोषण अभियान को एक देशव्यापी जन आंदोलन बनाऊंगी, हर घर-हर विद्यालय हर गांव, हर शहर में सही पोषण की गूंज उठेगी। इस जन आंदोलन से मेरे भाई-बहन और सब बच्चे स्वस्थ होगें और पूरी क्षमता प्राप्त करेंगें यही मेरी प्रतिज्ञा है पोषण शपथ भी दिलाई।

उन्होंने बताया कि वीरवार को आंगनबाड़ी सेंटर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा महिलाओं द्वारा पोषण माह की रैली भी निकाली गई। सुपरवाइजर सिम्पी ने कार्यक्रम में कहा कि एनीमिया को दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे पालक, सरसों, मैथी, बथुआ और गाजर चुकंदर आदि का सेवन करना चाहिए।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Girish S/o Leela Dhar Masiwal R/o F-8359 D,Near Peer Baba, Apna Ghar Complex ,Sector 22 Faridabad 121005 have changed my name to Girish Chand Masiwal.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## ममता का बयान

### भ्रमित विपक्ष

**विपक्ष** भ्रमित स्थिति में है, ममता बनर्जी नरमी दिखा रही हैं, केजरीवाल अकेले चलने के पक्ष में हैं, जबकि केसीआर गैर-कांग्रेस गठबंधन बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति ममता बनर्जी के बयान में दिखी नरमी से सबको आश्चर्य हुआ है। यह उन लोगों के लिए झटका है जो केन्द्र में सरकार बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, उनका विश्वास नहीं है कि मोदी केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो व प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियों को उनकी तृणमूल कांग्रेस-टीएमसी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। लगता है कि ममता बनर्जी का तर्क भ्रामक है और वे तथ्यों को अपने तर्क की राह में आड़े नहीं आने देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि ये दोनों एजेंसियां प्रधानमंत्री कार्यालय-पीएमओ के अंतर्गत नहीं आती हैं, बल्कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आधीन हैं। मोदी समर्थक शायद इससे यह समझ सकते हैं कि प्रधानमंत्री का सीबीआई व ईडी पर नियंत्रण नहीं है और इस पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। इसके अलावा सीबीआई कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत आती है जो सीधे पीएमओ को रिपोर्ट करता है। उन्होंने सीबीआई व ईडी की कार्रवाइयों के लिए 'केन्द्र सरकार तथा भाजपा नेतृत्व के एक हिस्से' पर आरोप लगाया। उनके लक्ष्यों की 'बाल की खाल निकालने' का कोई औचित्य नहीं है। यहां यह तथ्य पूर्णत: स्पष्ट है कि ममता बनर्जी ने अपना कट्टर मोदी-विरोधी दृष्टिकोण छोड़ दिया है जो अभी कुछ ही समय पहले तक बना हुआ था। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव की याद करें तो स्पष्ट होगा कि वे कितने तीखे ढंग से पूरी 'भगवा अवस्थापना' पर हमले बोलती थीं। इनकी तुलना में उनको मोदी पर हालिया बयान मित्रतापूर्ण कहा जा सकता है। लेकिन इसकी भाजपा की ओर से कोई मैत्रीपूर्ण प्रतिक्रिया नहीं हुई है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने उनके बयान की प्रतिक्रिया में कहा है कि भाजपा में किसी को और खासकर प्रधानमंत्री को ममता बनर्जी से कोई वैधता प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।



राजनीतिक विश्लेषक उनके नरम दृष्टिकोण को उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ जारी भ्रष्टाचार मामलों का नतीजा मान सकते हैं जिनमें उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी शामिल हैं। इन मामलों ने निश्चित रूप से ममता बनर्जी पर दबाव डाला है और उनको राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को उनके सभी पदों से हटाना पड़ा है। लेकिन उनका नरम दृष्टिकोण निश्चित रूप से विपक्षी एकता के लिए शुभ संकेत नहीं है। सतही तौर से देखने पर विपक्षी एकता भारतीय जनता पार्टी-विरोधी नेताओं की स्वाभाविक पसंद लगती है। जैसा कि वे सभी दावा करते हैं कि अन्य चीजों के साथ उनको केन्द्रीय एजेंसियां परेशान कर रही हैं। जहां ममता बनर्जी पर भले ही भ्रष्टाचार मामलों के कारण दबाव हो, वहीं अन्य विपक्षी नेताओं के अपने एजेंडे हैं। आम आदमी पार्टी सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल संभवत: गठबंधन के प्रति ज्यादा उत्साही नहीं हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि 'गठबंधन बनाने या तोड़ने की राजनीति' उनकी ठीक से समझ में नहीं आती है। इसके उलट तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव केन्द्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए गठबंधन के पक्ष में हैं। वे अपनी राष्ट्रीय पार्टी भी शुरू करना चाहते हैं। उनका विश्वास है कि 'वैकल्पिक राष्ट्रीय एजेंडे' पर सहमति है। लेकिन इसमें एक पेंच भी है। वे कांग्रेस को प्रस्तावित गैर-भाजपा गठबंधन से बाहर रखना चाहते हैं। दूसरे शब्दों में, विपक्ष का कोई नेता यह नहीं जानता है कि आगे कैसे बढ़ा जाए। विपक्ष में मोदी सरकार को सत्ता से हटाने की इच्छा तो है, लेकिन इसके लिए उसके पास कोई योजना नहीं है।

# गैस मूल्यों पर पुनर्विचार आवश्यक

### प्राकृतिक गैस या एनजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि का कारण यूक्रेन युद्ध तथा वैश्विक सप्लाई में आई बाधा है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



प्राकृतिक गैस या एनजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि का कारण यूक्रेन युद्ध तथा वैश्विक सप्लाई में आई बाधा है। इसका प्रभाव अनेक क्षेत्रों में ऊर्जा की लागत पर पड़ रहा है। इनमें खासकर ऊर्जा व बिजली, आदि क्षेत्र संवेदनशील हैं। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस-एमपीएनजी मंत्रालय ने डा. किरीट पारिख के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया है जो देश में उत्पादित एनजी के वर्तमान मूल्य फार्मूले की समीक्षा करेगी। देश में खर्च होने वाली 54.6 बिलियन क्यूबिक मीटर या बीसीएम गैस का लगभग 50 प्रतिशत आयातित द्रव प्राकृतिक गैस या एलएनजी से पूरा होता है। कमेटी से इस महीने के अंत तक रिपोर्ट देने को कहा गया है। उसे फार्मूले का ढांचा पुन: इस प्रकार बनाने को कहा गया है ताकि 'अंतिम उपभोक्ता के लिए उचित मूल्य' सुनिश्चित हो सके। नवंबर, 2014 से प्रभावित मूल्य दिशानिर्देशों के अनुसार फील्ड से सभी घरेलू सप्लायरों को नई खोज व लाइसेंसिंग नीति-एनईएलपी के अंतर्गत लाया गया है। इसमें राज्य स्वामित्व वाली ओएनजीसी व आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल को नामांकित ब्लाकों को भी एनईएलपी में लाना शामिल है। इस कीमत या सामान्य कीमत को चार अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर मूल्यों का औसत रखा गया है।

इनमें अमेरिका की हेनरी हब, कनाडा की एल्बर्टा गैस, ब्रिटेन की नेशनल बैलेंसिंग प्वाइंट-एनबीपी तथा रूसी गैस शामिल हैं। एक वित्त वर्ष में हर 6 महीने पर कीमतों की समीक्षा होती है। इसके साथ ही मार्च, 2016 में गहरे व बहुत गहरे तथा उच्च दाब व उच्च तापमान वाले क्षेत्रों के लिए एक विशेष पैकेज की घोषणा की गई थी जिसके अंतर्गत 'प्रीमियम' मूल्य की अनुमति है। इसका निर्धारण प्रतियोगी बोली के आधार पर किया जाता है जिसमें पहले गैस उत्पादकों से जुड़े उद्यमों को भाग लेने की अनुमति नहीं थी। इस प्रकार निर्धारित नीति एक सीमा तक वैकल्पिक ईंधनों की कीमतों पर निर्भर करती है जिनमें फ्यूल आयल, नेफ्था व एलएनजी शामिल हैं। यदि बोली आधारित कीमत सीमा से ऊपर निकल जाती है तो खरीदार को सीमा निर्धारित कीमत ही देनी होती है।

अक्टूबर, 2020 से गैस उत्पादक फर्मों के सहयोगियों की नीलामी प्रक्रिया में सहभागिता पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया। इसका अर्थ था कि उत्पादक अपनी सहायक या सहयोगी कंपनी के माध्यम से अपनी ही गैस खरीद कर तीसरे पक्षों को अधिक दर पर बेच सकता था। इस प्रकार कीमत पर सीमाबंधन से मुक्ति मिल गई। उदाहरणार्थ, आंध्र प्रदेश तट पर स्थित कृष्णा गोदावरी बेसिन के केजी-डी6 क्षेत्र से गैस उत्पादन करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड-आरआईएल ने ठीक यही काम किया। 5 फरवरी, 2021 को उसने इस क्षेत्र से निकलने वाली नई गैस के लिए 7.5 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर प्रति दिन-एमएमएससीएमडी का प्रस्ताव किया। उसकी सहायक रिलायंस ओ2सी लिमिटेड ने 4.8 एमएमएससीएमडी पर या 4.06 डालर प्रति मिलियन बीटीयू पर खरीदा जो उस समय मूल्य सीमा थी।

इसे उसने गेल इंडिया लिमिटेड, शेल व अन्य को 6-7 डालर प्रति मिलियन बीटीयू पर बेचा। देश में उत्पादित अधिकांश एनजी के अलावा उपरोक्त के दो अन्य बड़े स्रोत हैं। इनमें जुलाई, 2017 में शामिल ओपेन एकरेज लाइसेंसिंग नीति-ओएएलपी शामिल है जो बाजार-आधारित मूल्य की अनुमति देती है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर भारतीय उपभोक्ताओं के समक्ष एनजी मूल्य परिदृश्य इस प्रकार है। स्पाट मार्केट में औसत अंतरराष्ट्रीय मूल्य 50 डालर प्रति एमबीटीयू है जो 1 अप्रैल, 2022 से लागू है। इसके अलावा पुराने व नियंत्रित क्षेत्रों से 6.1 डालर प्रति एमबीटीयू दर, डी-यूडी-एचपी-एचटी क्षेत्रों से 9.92 डालर प्रति एमबीटीयू प्रीमियम मूल्य है जो आमतौर से बोली मूल्य 15 डालर प्रति एमबीटीयू से अधिक है। उर्वरक क्षेत्र एनजी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है जो 33 प्रतिशत उपभोग करता है। इसके बाद शहरों में गैस वितरण या सीजीडी का हिस्सा 23 प्रतिशत तथा बिजली का 13 प्रतिशत है। ये क्षेत्र नियंत्रित कम मूल्य पर गैस आबंटन में प्राथमिकता प्राप्त हैं।

उर्वरकों में अधिकांश गैस का प्रयोग यूरिया उत्पादन में होता है जिसका अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी कम स्तर पर बनाए रखा जाता है ताकि किसानों को यह सस्ती कीमतों पर मिल सके। एमआरपी से अधिक लागत की निर्माताओं को सब्सिडी के माध्यम से भरपाई की जाती है। उर्वरकों के लिए एनजी की आवश्यकता का लगभग 67 प्रतिशत घरेलू स्रोतों तथा 33 प्रतिशत आयातित एलएनजी से होता है। घरेलू स्रोतों से उद्योग 50-50 प्रतिशत 'नियंत्रित' व 'प्रीमियम' गैस से प्राप्त करता है। इस प्रकार गैस का प्रभावी मूल्य 8 डालर प्रति एमबीटीयू होता है और इसके परिणामस्वरूप गैस की कुल कीमत 5.5 डालर प्रति एमबीटीयू हो जाती है।

जहां तक आयातित गैस का सवाल है, भारत इसका 80 प्रतिशत दीर्घकालीन अनुबंधों से प्राप्त करता है जिसका औसत मूल्य 12 डालर प्रति एमबीटीयू है, जबकि 20 प्रतिशत स्पाट बाजार से खरीदी जाती है जिसकी वर्तमान कीमत 50 डालर प्रति एमबीटीयू है। इस प्रकार प्रभावी मूल्य 19.6 डालर प्रति एमबीटीयू है। इस प्रकार कुल गैस की समग्र कीमत 6.5 डालर प्रति एमबीटीयू हो जाती है। कुल मिला कर यूरिया उत्पादन में एनजी की लागत 12 डालर प्रति एमबीटीयू आती है। इसमें हैंडलिंग, रि-गैसीफाइंग एलएनजी, परिवहन टैरिफ, बाजार का मुनाफा, टैक्स व ड्यूटी, आदि के खर्च अलग से जुड़ते हैं। इनको मिला कर लागत 15 डालर प्रति एमबीटीयू पहुंच जाती है। एक टन यूरिया के लिए 24 एमबीटीयू गैस प्रयोग करने से इसका खर्च 360 डालर प्रति टन या 28,800 रुपये प्रति टन हो जाता है। यह 5360 रुपये प्रति टन एमआरपी की तुलना में 5.5 गुना अधिक है। एनजी की अधिक कीमत उर्वरक सब्सिडी बढ़ने का प्रमुख कारण है जिसके 2022-23 में 2,50,000 करोड़ पहुंचने की आशा है। बिजली क्षेत्र में एनजी की अधिक कीमत से गैस-आधारित उत्पादन प्लांटों की उपयोगिता खतरे में पड़ जाती है क्योंकि खरीदार इसके परिणामस्वरूप पैदा महंगी बिजली नहीं खरीद सकते हैं। सीजीडी क्षेत्र भी मूल्यवृद्धि के कारण दबाव अनुभव कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्पाट बाजार में एनजी की कीमतें नियंत्रण से बाहर हैं। वास्तव में ईयू देशों द्वारा रूस से आने वाली दो-तिहाई गैस का विकल्प तलाशने, यानी इसे मध्य पूर्व व अमेरिका, आदि से खरीदने की योजना के कारण इसके दामों में तेज वृद्धि की आशंका है। इससे भारतीय खरीद के दीर्घकालीन अनुबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। इसके कारण दामों में तेज वृद्धि की आशंका है।

इसलिए भारत को घरेलू गैस की कीमतें कम करने पर ध्यान देना चाहिए। आगे बढ़ने का रास्ता क्या है? डी-यूडी-एचपी-एचटी क्षेत्रों को अधिक कीमत की अनुमति देने का कोई वैध कारण नहीं है। यदि जटिल क्षेत्रों से उत्पादन में अधिक निवेश होता है तो ये ज्यादा गैस भी देते हैं। सामान्य कीमतों पर भी उत्पादक ज्यादा राजस्व प्राप्त कर सकता है। इस तर्क को ध्यान में रखते हुए शुरुआत में मोदी सरकार का इरादा इन क्षेत्रों के लिए ज्यादा कीमतें देने का नहीं था। लेकिन मार्च, 2016 में वह दबाव के सामने झुक गई। आज पुराने व नियंत्रित क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों से सप्लाई बाजार आधारित मूल्यों पर होती है। मांग के सप्लाई से बहुत अधिक होने को देखते हुए इस कीमत को उचित नहीं कहा जा सकता है। यह सिद्धान्त छोड़ देना चाहिए। इसके बजाय सभी घरेलू सप्लाई 2014 में तय फार्मूले के आधार पर होनी चाहिए।

1 अप्रैल, 2022 से लागू वर्तमान 'सामान्य' कीमत 6.1 डालर प्रति एमबीटीयू है जो 1 अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2022 के बीच लागू कीमतों से 100 प्रतिशत अधिक है। चार वैश्विक स्थानों पर एनजी कीमतों की प्रवृत्ति को देखते हुए इसकी कीमतों में और वृद्धि की संभावना है। कीमतों की अगली समीक्षा 1 अक्टूबर, 2022 में होगी। सरकार को वर्तमान दर पर कीमतों को 'फ्रीज़' कर देना चाहिए और इसे वैश्विक स्थितियों में सामान्य स्थिति आने तक बनाए रखना चाहिए।

# क्यों कहते हैं इंग्लैंड के राजा को चार्ल्स तृतीय?

**सरदिंदु मुखर्जी**
(लेखक आईसीएचआर के सदस्य हैं)



अंग्रेजी राजशाही का एक लंबा सुव्यवस्थित इतिहास रहा है। यहां प्रस्तुत हैं कुछ संकेतक जो यूनाइटेड किंगडम में इसके गुंझलदार अतीत से रूबरू कराते हैं। जाहिर है, इस प्रश्न का उत्तर यह होगा कि इंग्लैंड में पहले राजा होते थे, जिन्हें चार्ल्स प्रथम और चार्ल्स द्वितीय के नाम से जाना जाता था। हो सकता है, केवल वही लोग जिनकी इतिहास में रुचि है, विशेष रूप से अंग्रेजी इतिहास में रुचि रखने वाले लोग जानना चाहें। अंतत:, क्या किसी ने इतिहास को शयनगाह नहीं कहा था! वैसे भी 30 जनवरी को स्कॉटलैंड यार्ड, लंदन के पास से अगर कोई गुजरे तो एक अजीब नजारा देखने को मिल सकता है। कुछ लोग, शाही अंदाज अपनाते हुए, उस राजा की याद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिसका यहां सिर काट दिया गया था। यह आखिरी बार था जब किसी अंग्रेज राजा को फांसी दी गई थी। वह राजा चार्ल्स प्रथम थे, जिन्होंने 1625-1649 तक शासन किया था, जो अपने पिता, राजा जेम्स के निधन के बाद अंग्रेजी सिंहासन पर आसीन हुए थे! उससे पहले, स्कॉटलैंड के जेम्स छठा स्टुअर्ट राजवंश से संबंधित थे।

चार्ल्स प्रथम को एक अड़ियल अंग्रेजी संसद का सामना करना पड़ा जिसने राजत्व के दैवी अधिकार सिद्धांत को चुनौती देना शुरू कर दिया था। हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रमुख स्थान रखने वाले प्यूरिटंस के बढ़ते विरोध का कारण थे- कराधान से संबंधित शाही मांगें, उनके द्वारा कैथोलिक, फ्रांसीसी राजकुमारी हेनरीटा मारिया के साथ शादी करना और विदेश नीति के संचालन में उनका स्पेनिश-समर्थक पूर्वाग्रह। इंग्लैंड में सुधार के बाद की अवधि में, ट्यूडर किंग हेनरी अष्ठम् (1509-1547) द्वारा गति मिलने से, कैथोलिकों पर कैथोलिक पोप का समर्थक होने के नाते इंग्लैंड के प्रति अनिष्ठा का संदेह किया गया।



जैसे-जैसे चार्ल्स प्रथम से समझौता के बिना किसी संकेत के मतभेद बढ़ते गए, मामला गंभीर होता गया। कॉमन्स ने अधिकारों की याचिका (1628) द्वारा अपने संवैधानिक अधिकारों का दावा किया, जिसे लॉर्ड्स द्वारा भी पारित किया गया था- जिसने शाही शक्ति - मसलन, मार्शल लॉ, सैनिकों की बिलेटिंग, कराधान और कारावास-के मनमाने प्रयोग पर प्रतिबंध लगाकर कुछ उल्लेखनीय लक्ष्यों को प्राप्त किया। इसके बाद, कोई भी अंग्रेज राजा कभी भी सैन्य तानाशाह नहीं बन सका, निजी घर में सैनिकों की बिलेटिंग पर और नागरिकों के कोर्ट मार्शल पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कोई आश्चर्य नहीं, बिल ऑफ राइट्स को 'यूरोप के सर्वाधिक नागरिक राष्ट्र का चार्टर' कहा जाता है।

जैसे-जैसे टकराव जारी रहे, जेम्स ने संसद को भंग कर दिया और अगले 11 वर्षों तक, इंग्लैंड पर बिना संसद के राजा का शासन जारी रहा। चार्ल्स प्रथम (1629-1640) द्वारा व्यक्तिगत शासन के इस दौर को 'ग्यारह वर्ष का अत्याचार' कहा जाने लगा। पूर्ण शासन के समकालीन यूरोपीय मानक को देखते हुए, यह कहा जा सकता है कि यह इतना अत्याचारी नहीं था। 1640 में जब दोबारा संसद बुलाई गई, तो यह अधिक समय तक नहीं चली। इसके बाद गृहयुद्ध (1642-49) हुआ, और सांसदों के हाथों शाही लोगों को पराजय मिली। उसी समय किंग चार्ल्स को मार डाला गया था और इंग्लैंड पर ग्यारह साल (1649-1660) तक बिना संसद के शासन चला। यह वो समय था जब ओलिवर क्रॉमवेल ने शासन किया था। यह वो समय था, जब दो शब्द उपयोग में आए- कैवलियर्स (रॉयलिस्ट) और राउंडहेड्स (संसद)।

जैसा कि रिचर्ड क्रॉमवेल एक विफलता (1658-1660) साबित हुआ, उस समय एक आम सहमति थी कि गणतंत्र विफल हो गया, और इंग्लैंड को बिना राजा के नहीं चलाया जा सकता। कन्वेंशन पार्लियामेंट -तथाकथित, क्योंकि इसे एक राजा द्वारा नहीं बुलाया गया था - ने राजा और दो सदनों - लॉर्ड्स और कॉमन्स की वापसी के लिए मतदान किया, और उस समय इंग्लैंड के पूर्व राजा के बेटे को पदभार संभालने के लिए कहा गया था। इतिहास में बहाली के रूप में विख्यात - चार्ल्स द्वितीय, लंदन आया, और उस तख्ते के करीब के बैंक्वेटिंग हॉल में प्रवेश किया जहां उसके पिता को मार डाला गया था।

एक फ्रांसीसी राजकुमारी (1660-1685) के बेटे चार्ल्स द्वितीय ने फैसला किया कि 'वह फिर से उस राह पर नहीं जाएंगे, जिसे उनके पूर्ववर्तियों स्टुअर्ट और ट्यूडर ने अपनाया था, उन्होंने संसद की मंजूरी लेकर शासन किया। चार्ल्स द्वितीय ने राउंडहेड्स को क्षमा कर दिया, लेकिन जो लोग उसके पिता को सजा देने में हिस्सेदार थे- उनमें से लगभग दस पर विधिवत मुकदमे चलाया गया और उन्हें सजा दी गयी। राजा के एक मित्र ने उसके चरित्र का सार प्रस्तुत किया था: यहां हमारा प्रभु राजा है, जिसके वचन पर कोई भी विश्वास नहीं करता है, जिसने न कभी कोई मूर्खतापूर्ण और न कभी कोई बुद्धिमानीपूर्ण बात कही। राज शाही में अपने परिष्कृत विश्वास के बावजूद, उन्होंने एक स्थायी सेना की अवधारणा को तुच्छ माना, और उसकी अनुमति नहीं दी। इस दौरान, दो पुराने राजनीतिक समूहों को टोरीज (बाद में कंजरवेटिव) और व्हिग्स (बाद में लिबरल्स) कहा जाने लगा, जो ब्रिटेन में द्वि-पक्षीय प्रणाली की शुरुआत का प्रतीक था।

मूलत:, टोरीज का मतलब था एक विद्रोही आयरिश पापिस्ट, और व्हिग्स का अर्थ था- एक विद्रोही स्कॉटिश प्रेस्बिटेरियन! एक और ऐतिहासिक निर्णय था 1679 में पारित बंदी प्रत्यक्षीकरण अधिनियम, जिसमें यह प्रावधान था कि किसी भी ब्रिटिश व्यक्ति को मुकदमा चलाए बिना गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए- जिसने कई देशों में इसी तरह के कानून के लिए मॉडल प्रदान किया। विचारों की दुनिया में 17वीं सदी में बहुत कुछ हुआ।

महान विचारक और निबंधकार फ्रांसिस बेकन का निधन हो गया, और बाइबल के 'सच्चाई के निर्विवाद स्रोत' के रूप में बने रहने के बावजूद, इस सदी में विलियम शेक्सपियर, बेन जॉनसन, जॉन डोने और मिल्टन जैसे लोग थे। यह नवीन विचारों और अमर रचनाओं वाले गिल्बर्ट, बॉयल और न्यूटन जैसों का ''विज्ञान का युग'' भी था।

## आप की बात

### बिखरा हुआ विपक्ष

विपक्षी नेताओं के बयान पर्याप्त संकेत है कि विपक्षी नेताओ को एकजुट कर पाना तराजू में मेडक तोलने के समान है। आम आदमी पार्टी संयोजक केजरीवाल ने कहा है कि हम भाजपा के विरुद्ध विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेंगे बल्कि 130 करोड़ जनता के साथ गठबंधन करेंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के सी आर स्वयं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रव्यापी दौरे कर विपक्षी एकजुटता का दम भर रहे हैं. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर भारत के विपक्षी नेताओं को एकजुट करने का बीड़ा उठाया हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले आर एस एस और अब देश के प्रधानमंत्री पर विपक्षी आरोप ई डी एवम सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप को सिरे से खारिज किया है। विपक्षी एकता मुहिम में बड़े जनाधार वाली दलित नेता मायावती, कभी विपक्षी एकता के सूत्रधार रहे चंद्रबाबू नायडू और एक मजबूत विपक्षी नेता नवीन पटनायक को विपक्षी नेताओं ने विपक्षी मुहिम का हिस्सा नहीं बनाया है यह विपक्षी नेताओं की व्यापक सोच पर भी प्रश्न चिन्ह है। भारतीय जनता पार्टी के समक्ष विपक्ष अपनी डफली अपना राग की नीति पर चलता दिखाई देता है

- **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### बच्चों पर विशेष ध्यान दें!

**हमारे** देश के सभी राज्यों में प्रारंभिक विद्यालय में मिड-डे- मील यानी मध्यान भोजन की व्यवस्था है. इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने को लेकर अक्सर अन्य-अन्य राज्यों से खबर आती रहती है. सरकार की ओर से बाकायदा हर दिन के हिसाब से मन्यू तय है. यह बच्चों के लिए जरूरी पोषक तत्वों के हिसाब से बनाया गया है. मिड-डे-मील को लेकर राज्य सरकार की ओर से अक्सर औचक निरीक्षण वरीय अधिकारियों द्वारा किया जाता है. कई बार जिला अधिकारी खुद बच्चों के साथ बैठकर भोजन करते हैं. इसके बावजूद गुणवत्ता पर अक्सर प्रश्न उठता है. इसको देखते हुए केंद्र सरकार की ओर से इस बारे में राज्य मध्यान भोजन निदेशालय को दिशा निर्देश जारी किया गया है कि गुणवत्ता की परख अब उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र करेंगे. निर्देश में उचित शिक्षण संस्थानों के फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग में पढ़ाई करने वाले छात्रों को मिड-डे-मील की गुणवत्ता जांच की मुहिम से जुड़ने को कहा गया है. साल में कम से कम एक स्कूल में जाकर इन छात्रों द्वारा भोजन की गुणवत्ता की पड़ताल की जाएगी. साथ ही उन्हें खुद भी उसे चखकर उसकी रेटिंग करनी होगी. इस मुहिम में रसोईया को भी जोड़ा जाना चाहिए।

- **सदन जी,** पटना विश्वविद्यालय

### विरोध का दमन

**आजकल** हमारे देश के इस लोकतंत्र में किसी भी मुद्दे पर विरोध / आंदोलन करने वालों की कोई भी सुनना ही नहीं चाहता है। केवल दमन (दबाव) के बल पर आंदोलन करने वालों क आंदोलन खत्म की कोशिश की जाती है। यह लोकतंत्र के विपरीत है। जबकि जिन मुद्दों पर विरोध आंदोलन किया जा रहा है उनको गंभीरता से सुनना जिम्मेदारों का काम है। प्रयागराज विविद्यालय में 400 गुना फीस बढ़ा दी गई है। छात्र आंदोलन कर रहे हैं की बढ़ाई गई फीस थी कम करें या वापस ले। लेकिन एकाएक तुगलकी फरमान जारी कर 400 गुना वृद्धि करना तो व्यवहारिक नहीं है। एक छात्र ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसका कहना है कि आंदोलन खत्म करने हेतु पुलिस उसके परिवार को प्रताड़ित कर रही है। आरोप-प्रत्यारोप जारी है। मगर शासन प्रशासन को विरोध करने वालों की जायज़ बातों को सुनना चाहिए व जो भी तर्कसंगत हल है, उसका संतोषप्रद निदान करना चाहिए ताकि आम व कमजोर छात्रों पर आर्थिक भार ना बढ़े।

- **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**pioneerhry@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**बहुत** अधिक नशे के कारण पंजाब के मुख्यमंत्री को विमान से उतार देने की खबरें हैं। ये पंजाबियों के लिए शर्मनाक व परेशान करने वाली बात है।

- **सुखबीर सिंह बादल**
अकाली दल नेता



**सोशल** मीडिया की खबरें प्रचार हैं। विदेश यात्रा से मान द्वारा निवेश लाने के कारण विपक्ष आश्चर्यचकित है।

- **मलविंदर सिंह कांग**
आप प्रवक्ता



**चुनाव** लड़ने के इच्छुक हर व्यक्ति का स्वागत है। यह खुली, लोकतांत्रिक व पारदर्शी प्रक्रिया है। किसी को किसी से अनुमति की जरूरत नहीं है।

- **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता"

# गुरुद्वारा साहिबान के सभी सदस्य एकजुट : दादूवाल

## उपायुक्त कुरुक्षेत्र को मिल कर किया आग्रह

## हरियाणा कमेटी के जनरल हाऊस की बैठक शीघ्र बुलाई जाए : जगदीश सिंह झींडा

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



उपायुक्त से मिलते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा व अन्य।



पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा और अन्य।

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा के नेतृत्व में सदस्य गुरुवार को उपायुक्त कुरुक्षेत्र से उनके कार्यालय में मिले और कमेटी जनरल हाऊस की बैठक शीघ्र बुलाने का आग्रह किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि वे उनकी मांग को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संज्ञान में लाकर उचित कार्रवाई करेंगे।

इस दौरान कमेटी के पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना, हरपाल सिंह पाली, अपार सिंह, हरप्रीत सिंह नरूला, मोहन जीत सिंह पानीपत, जोगा सिंह यमुनानगर, अमरीक सिंह जनेतपुर, बलवंत सिंह फौजी, हाकम सिंह केसरी, जसबीर सिंह खालसा, मनजीत सिंह डाचर, बलदेव सिंह बल्ली, सुरेंद्र सिंह शाह व जसविंद्र सिंह पिपलथेह उनके साथ मौजूद रहे। इससे पहले ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र में कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा, अध्यक्ष बलजीत सिंह दादूवाल और संघर्ष के साथी रहे सदस्यों के बीच गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभालने को लेकर गहन मंथन हुआ, जिसमें कमेटी के पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना ने अहम भूमिका निभाई। विचार विमर्श के दौरान तय हुआ कि सभी सदस्य सर्वप्रथम उपायुक्त कुरुक्षेत्र से मिलकर कमेटी का जनरल इजलास शीघ्र बुलाने की मांग करेंगे।

जनरल हाऊस में नये प्रधान और कार्यकारिणी का चयन करने के बाद सरकार से आग्रह किया जाएगा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना करवाते हुए प्रदेश भर के गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभाल उनके हवाले करे। इसके साथ ही शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के प्रधान एडवोकेट हरजिंद्र सिंह धामी को भी पत्र लिखकर आग्रह किया जाएगा कि वे बड़े भाई की भूमिका निभाते हुए और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के दृष्टिगत हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी को गुरुद्वारा साहिबान, शिक्षण संस्थान, अस्पताल आदि की सेवा संभाल सौंप दे। जगदीश सिंह झींडा और बलजीत सिंह दादूवाल ने संयुक्त रुप से पत्रकार वार्ता करके कहा कि वे शांति प्रिय तरीके से प्रदेश भर के गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभाल लेना चाहते हैं। उन्होंने संगत से भी आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया आदि पर चल रही अफवाह से गुमराह न हो। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्य एकजुट हैं और संयुक्त रूप से ही गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंध संभालेंगे। कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा यह घोषणा करने के बाद पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

इससे पहले गुरुवार सुबह हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी प्रदेश के गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभालने के लिए कमेटी के मुख्यालय ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र में पहुंचे। किसी संभावित तकरार और सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन भी व्रज वाहनों के साथ गुरुद्वारा साहिब के बाहर तैनात रहा। जैसे ही एचएसजीएमसी के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा कमेटी के करीब एक दर्जन सदस्यों के साथ और प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल व मैंबर स्वर्ण सिंह रतिया गुरुद्वारा साहिब पहुंचे, तो पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया क्योंकि गत दिवस जगदीश सिंह झींडा व बलजीत सिंह दादूवाल ने गुरुद्वारा छठी पातशाही में अलग-अलग प्रेस वार्ता कर वीरवार को गुरुद्वारा साहिबान की सेवा संभालने की बात कही थी। दोनों ने एचएसजीएमसी के ज्यादातर सदस्यों के अपने-अपने साथ होने का दावा किया था। बातचीत के दौरान बलजीत सिंह दादूवाल और जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि वे गुरुद्वारा साहिबान में दर्शन करने और गुरु साहिब का शुक्राना करने आए है। उन्होंने बताया कि काफी गुरुद्वारा साहिबान की लोकल कमेटियों ने खुशी से गुरुद्वारा साहिब के प्रबंध उनके हवाले कर दिए है। उन्हें आशा है कि सभी ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंध हरियाणा सरकार उन्हें सौंप देगी और वे गुरुद्वारा साहिबान का विकास करने के साथ-साथ संगत को सभी आधुनिक मूलभूत सेवाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाएंगे।

## संक्षिप्त-समाचार

### बच्चों को कॉपियां और पैन किया वितरित



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिपली की राजनीतिक शास्त्र की प्रवक्ता सविता मदान ने अपनी पिता कृष्ण लाल आजाद की 14वीं पुण्यतिथि पर बच्चों को कापियां, पैन, टिफन व बिस्किट वितरित किया। इस अवसर पर कविता पाठ व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य शशि किरण ने कहा कि सविता मदान ऐसा पुण्य का कार्य करके सभी के लिए प्रेरणा बनी है। सविता मदान अपने पिता की तरह शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी है।

### जिला परिषद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया 28 को होगी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पं०) एवं उपायुक्त ललित सिवाच ने जानकारी दी कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 120 तथा हरियाणा पंचायत राज निर्वाचन नियमावली 1994 के नियम 5 (2)-हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन संशोधित नियम 2021 के नियम 5 व 6 के तहत जिला परिषद् सोनीपत के सभी वार्डों के लिए पिछड़ा वर्ग-क अर्थात बीसी-ए वर्ग के लिए, वार्डों का आरक्षण लाटरी (ड्रॉ ऑफ लॉट) के माध्यम से लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में 28 सितंबर को दोपहर 02 बजे किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त प्रक्रिया के अवलोकन के लिए निर्धारित स्थान व समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

### दो लोगों की जिंदगी को रोशन कर गए रतन लाल अरोड़ा



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** शाहाबाद निवासी रतन लाल अरोड़ा की आंखें उनके मरणोपरांत भी इस नश्वर संसार को देख पाएंगी। ऐसा उनके परिवार द्वारा दिवंगत के नेत्रदान करने से संभव हुआ है। शाहबाद हॉलसेल कमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान पवन सचदेवा ने बताया कि 72 वर्षीय रतनलाल अरोड़ा का देहांत होने पर उनके पुत्र गुलशन अरोड़ा ने उनसे संपर्क किया और अपने पिता के नेत्रदान करने की इच्छा व्यक्त की। इस पर उन्होंने माधव नेत्र बैंक करनाल की चिकित्सक टीम को सूचित किया। टीम से जुड़े नेत्र विशेषज्ञों ने तुरंत शाहबाद आकर दिवंगत के नेत्र सुरक्षित कर लिए। पवन सचदेवा ने बताया कि दिवंगत रतन लाल अरोड़ा शाहबाद के 495वे नेत्रदानी बने हैं। उन्होंने बताया कि शाहबाद के नेत्रदानियों के सहयोग से अब तक 990 नेत्रहीनों का जीवन रोशन हो चुका है।

### चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक



**सोनीपत।** गुरुग्राम में आयोजित यूनिवर्सल लॉन टेनिस रैंकिंग चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स के स्टार खिलाड़ी पुष्कर ने युवराज को 13-11 के टाई ब्रेक स्कोर के साथ फाइनल में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-16 में प्रिंस खरब ने आदित्य को 11-9 के टाई ब्रेक स्कोर के साथ व अंडर-18 में उत्कर्ष ने नकुल सैनी को 6-2 के स्कोर के साथ, यश डबास ने क्रिश को 6-2 के स्कोर के साथ हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में अंडर-16 में जैसवीन ने नैंसी को 6-2 के स्कोर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया व खुशी दहिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाचार्य आशा गोयल ने सभी विजयी खिलाड़ियों का स्वागत फूल मालाओं से किया और उनको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## एक देसी पिस्तौल सहित एक आरोपी किया गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की सीआईए वन की टीम ने एक आरोपी को एक अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में 21 सितंबर को शाम के समय एएसआई सतीश कुमार सीआईए वन की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम हेतु मेरठ चौक करनाल पर मौजूद थी। उसी समय टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अजय उर्फ बिल्ला पुत्र बलराज वासी सलारपुर थाना कुंजपुरा जिला करनाल, जो इस समय शनि मंदिर नियर मेरठ चौक करनाल पर किसी के इंतजार में खड़ा है और आरोपी के पास नाजायज हथियार है। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। जो मौके से आरोपी अजय उपरोक्त को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पहने हुए लोवर की जेब से एक देसी पिस्तौल 315 बोर बरामद हुई। आरोपी को जेल भेज दिया है।

# कर्मचारी संघ ने रोष प्रदर्शन कर निगम आयुक्त को सौंपा मांग पत्र

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

### मांगें पूरी नहीं हुई तो कर्मचारी 19 व 20 अक्टूबर को दो दिवसीय हड़ताल पर चले जाएंगे

### कर्मचारियों की मांगों पर उचित कदम उठाए जाएंगे : निगम आयुक्त मोनिका गुप्ता



निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। नगर निगम में रोष प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ समय-समय पर कर्मचारियों की समस्याओं के निवारण के संदर्भ में अधिकारियों से मांग पत्र सौंपकर व आंदोलन कर उनकी समस्याओं का हल बातचीत के माध्यम से करवाने का प्रयास करता रहा है।

इसी कड़ी में नगर पालिका कर्मचारी संघ ने नगर निगम सोनीपत में यूनियन कार्यालय से निगम आयुक्त कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों का मांग पत्र निगम आयुक्त मोनिका गुप्ता को सौंपा। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी राजीव खत्री, संदीप कुमार, भारत कंडेरा, कमलेश आदि ने कहा कि मांगों को लेकर कई बार कर्मचारी आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जिसके रोष स्वरूप आज कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा है। मांग पत्र में संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों हल करने में आनाकानी कर रही है। कर्मचारियों की नाराजगी के चलते हुए संघ ने 20-21 अगस्त 2022 को दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन, 25 अप्रैल 2020, 17 अगस्त 2020, 10 मई, 20 जून 2022 के समझोते को लागू करने व मांग पत्र में लिखित मांगों का निवारण करने के लिए आंदोलन करने का फैसला लिया है। यदि समय रहते सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो पालिकाओं, परिषदों, निगमों तथा अग्निशमन विभाग के सभी कर्मचारी 19 व 20 अक्टूबर को दो दिवसीय हड़ताल पर चले जाएंगे। यदि सरकार ने इसके बाद भी कर्मचारियों की मांगों का निवारण नहीं किया तो 21 अक्टूबर से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। हड़ताल से प्रदेश की जनता को कोई परेशानी होती है तो इसकी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

निगम आयुक्त मोनिका गुप्ता को सौंपे ज्ञापन में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने मांग की कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने, सभी प्रकार का ठेकाप्रथा बन्द, सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों एवं फायर कर्मचारियों चतुर्थ श्रेणी के सेवादार, माली, बेलदार, चौकीदार, क्लीनर, तृतीय श्रेणी के सहायक सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक वरिष्ठ सफाई निरीक्षक, लिपिक, बिल वितरक, सहायक निरीक्षक, ड्राईवर व्हीकल, इंस्पेक्टर, कनिष्ठ अभियन्ता वॉटर पम्प ऑपरेटर, वॉटर पम्प हैल्पर, ट्यूबवैल मैकेनिक व हैल्पर, फिटर, इलैक्ट्रीशन, रोड इंस्पेक्टर, मैट, हैड माली, सफाई दरोगाओं का ठेका प्रथा से मुक्त करने, शैक्षणिक योग्यता व आयु आदि में ढील देकर नियमित नियुक्ति की जाये सहित 15 मांगों का मांग पत्र निगम आयुक्त मोनिका गुप्ता को सौंपा। निगम आयुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा जो ज्ञापन दिया है। उस पर उचित कदम उठाते हुए कार्रवाई की जाएगी, जो ठेकेदार संबंध शिकायत दी गई है उस पर नियम अनुसार कार्रवाई के लिखा जाएगा। बड़ी संख्या में संघ से संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कॉलेज छात्रों की समस्या को उकेरती वेब सीरिज कॉलेज कांड का जीवीएम में किया प्रोमोशन

### संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी और प्राचार्य डॉ. रेनू भाटिया ने दी शुभकामनाएं

### बॉलीवुड कलाकार यशपाल शर्मा सहित वेब सीरिज के कलाकारों ने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



जीवीएम कॉलेज में वेब सीरिज कॉलेज कांड का प्रोमोशन करने पहुंचे यशपाल शर्मा।

**कॉलेज** विद्यार्थियों की समस्याओं को उकेरती वेब सीरिज कॉलेज कांड का गुरुवार को जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में शानदार प्रोमोशन किया गया, जिसके लिए बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा मौजूद रहे। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने वेब सीरिज की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणवी सिनेमा के अच्छे दिनों की शुरुआत हो चुकी है। प्रवेश राजपूत द्वारा लिखित वेब सीरिज कॉलेज कांड का निर्देशन राजेश अमरलाल बब्बर ने किया है।

वेब सीरिज के प्रोमोशन की कमान संभाल रहे रविमोहन रास ने बताया कि कॉलेज कांड वेब सीरिज कॉलेज विद्यार्थियों की समस्याओं पर आधारित है, जिसमें पेपर चोरी करने से लेकर नशाखोरी आदि समस्याओं पर कटाक्ष किया गया है। पेपर चोरी करने के दौरान प्राचार्य का कत्ल हो जाता है, जिसके कातिलों की खोज के इर्द-गिर्द कथा घूमती है।

इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा ने छात्राओं के उत्साह की तारीफ करते हुए कहा कि जीवीएम की छात्राओं को देखकर अहसास हुआ कि छोरियां छोरों से कम नहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणवी सिनेमा का भविष्य उज्ज्वल है। हरियाणवी सिनेमा से जुड़े लोगों को गुणवत्तापरक बेहतरीन काम करना चाहिए। हरियाणवी सिनेमा को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए वे और अन्य लोग भी प्रयासरत हैं। साथ ही उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म लख्मी की जानकारी भी दी।

### बेहतरीन कमेंट देने वाले दो विजेताओं को मिलेंगे आई-फोन

**बॉलीवुड** अभिनेता यशपाल शर्मा ने बताया कि वेब सीरिज को स्टेजऐप पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने छात्राओं सहित समस्त कॉलेज परिवार और पत्रकारों से अपील की कि वे इस बेहतरीन वेब सीरिज को अवश्य देखें। देखने के बाद कमेंट अवश्य करें। दो बेहतरीन कमेंट करने वाले विजेताओं को स्टेजऐप की ओर से आई-फोन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे। यह सीरिज हरियाणवी कला और संस्कृति को समर्पित है, जिससे हरियाणवी सिनेमा को बल मिलेगा।

### नाचते-गाते हुए छात्राओं ने किया धमाकेदार स्वागत

वेब सीरिज कॉलेज कांड के प्रोमोशन के लिए आये यशपाल शर्मा व अन्य कलाकारों का जीवीएम की छात्राओं ने नाचते-गाते हुए धमाकेदार स्वागत किया। वेब सीरिज के गानों पर थिरकते हुए छात्राओं ने उत्साहपूर्वक वेब सीरिज के प्रोमोशन में हिस्सा लिया।

वेब सीरिज में यशपाल शर्मा सहित हरियाणा के करीब 45 कलाकारों ने काम किया है। इनमें प्रमुख रूप से मोहनकांत, संदीप शर्मा, प्रदीप शर्मा, मुकेश भारद्वाज, पुष्पांजलि, विनय छौक्कर, कुलदीप शर्मा, कबीर शिवम, कुलदीप सिंह, जेडी बल्लू, अल्पना सुहासिनी, वीना मलिक और आशिमा शर्मा प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले आठ दुकानदारों के काटे चालान

असन्ध। नगरपालिका सचिव रविन्द्र सिंह के आदेशानुसार नपा कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजार व करनाल रोड पर सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन पाए जाने पर आठ दुकानदारों के चालान किए और पॉलीथिन जब्त किया। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया है। नपा कर्मियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पॉलीथिन का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े या कैरी बैग का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के प्रति लोगों व दूकानदारों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर कर्लक सन्नी, हरेंद्र, सुपरवाइजर अमित, स्वच्छ भारत मिशन अर्बन मोटीवेटर अजमेर, जसमेर, दीपक, हेल्पर अमित और वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया को हरियाणा राज्य सुरक्षा कल्याण और स्वास्थ्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ कैंटीन व्यवस्था पुरस्कार मिला



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की गरिमामयी उपस्थिति में राजकीय श्रमिक दिवस के अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करते एचएमएसआई के गणमान्य अधिकारी।

# आईसीआईसीआई बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / फरीदाबाद

### 'फेस्टिव बोनान्जा', जिसमें शामिल हैं छूट और कैशबैक का फायदा देने वाले अनेक विशेष ऑफर्स

**आईसीआईसीआई** बैंक ने आज त्योहारी सीजन की शुरुआत में अपने सभी ग्राहकों के लिए कई तरह के ऑफर्स के साथ 'फेस्टिव बोनांजा' लॉन्च करने की घोषणा की। इसके तहत ग्राहक 25,000 रुपये तक की छूट और कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं जिसका लाभ बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, उपभोक्ता वित्त और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके उठाया जा सकता है। ये ऑफर ग्राहकों के लिए बैंक के डेबिट/ क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाली ईएमआई के रूप में भी उपलब्ध हैं।

बैंक ने इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स, ग्लोबल लक्जरी ब्रांड, परिधान और आभूषण, किराना, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, यात्रा और भोजन की श्रेणियों में ग्राहकों की त्योहारी जरूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के ऑफर दिए हैं। आकर्षक ऑफर्स की पेशकश करने वाले महत्वपूर्ण ब्रांडों की सूची में फिलपकार्ट, अमेजॅन, मिंत्रा, बिगबास्केट, ब्लिंकिट, मेकमाइट्रिप, आईफोन 14, सैमसंग, अजियो, रिलायंस डिजिटल, क्रोमा, एलजी, डेल, स्विगी, जोमैटो, पीसी ज्वेलर्स (पीसीजे), और कई अन्य शामिल हैं। बैंक के लोन प्रोडक्ट्स (होम लोन, पर्सनल लोन और गोल्ड लोन) जैसे बैंकिंग उत्पादों पर भी इस विशेष ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है।

'फेस्टिव बोनांजा' की लॉन्चिंग के अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राकेश झा ने कहा, हमें अपने ग्राहकों के लिए 'फेस्टिव बोनान्जा' को लॉन्च करते हुए खुशी का अनुभव हो रहा है, जिसमें खरीद और खर्च पर ढेर सारे ऑफर्स, छूट और कैशबैक शामिल होंगे। हमने उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में रोमांचक ऑफर के साथ आने के लिए प्रमुख ब्रांडों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के साथ भागीदारी की है। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के डेबिट/क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और उपभोक्ता वित्त का उपयोग करके इन प्रस्तावों का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, हमने अपने पसंदीदा गैजेट्स और घरेलू उपकरणों की खरीद के लिए होम लोन, बैलेंस ट्रांसफर, प्रॉपर्टी पर लोन, पर्सनल लोन, ऑटो लोन, टू व्हीलर लोन, कार्डलेस ईएमआई और नो-कॉस्ट ईएमआई में फेस्टिव बेनिफिट पेश किए हैं। हमें उम्मीद है कि ये ऑफर्स हमारे ग्राहकों के लिए इस बार त्योहार के सीजन में ढेर सारी खुशियां और उत्साह लाएंगे।''

# मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता से मिला यूनियन का शिष्टमंडल



कुरुक्षेत्र। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता से मिलता शिष्टमंडल।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ हरियाणा से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकैनिक्ल कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान विश्वनाथ शर्मा, महासचिव नरेंद्र धीमान के नेतृत्व में कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंडल कुरुक्षेत्र से कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए लिखित बुलावे पर यूनियन शिष्टमंडल बातचीत करने के लिए मिला।


कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा से बड़े सौहार्द पूर्ण माहौल में कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकारी अभियंता ने सभी समस्याओं व मांगों का समाधान अति शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में जिला प्रधान अमरीक सिंह, जिला चेयरमैन रामनिवास शर्मा, जिला वरिष्ठ उप प्रधान प्रवेश घोरी, जिला सचिव जगदीप सिंह, जिला उप प्रधान सोरभ सिंगला लाडवा शाखा प्रधान महेंद्र सैनी, शाखा सचिव कृष्ण शर्मा, लाडवा शाखा वित सचिव सिकंदर, शाहबाद शाखा से राजकुमार, संजीव कुमार, सहसचिव सुदेश शर्मा, देसराज शर्मा, साहब मलिक और अंग्रेजपाल आदि कर्मचारी नेताओं ने भाग लिया।

# इस त्योहारी सीजन में पैनासोनिक ने पेश की भारत की टूली स्मार्ट वाशिंग मशीन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़ / पटियाला

**पैनासोनिक** लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसआईएनडी), एक अग्रणी विविध टेक्नोलॉजी कंपनी ने इस त्योहारी सीजन में भारत की टूली स्मार्ट वाशिंग मशीनों की एक नई रेंज लॉन्च की। पैनासोनिक के कनेक्टेड लिविंग प्लेटफॉर्म - मिराई द्वारा संचालित, टॉप-लोड स्मार्ट वाशिंग मशीन की नई रेंज प्रीमियम डिजाइन के साथ अद्वितीय स्मार्ट फीचर्स के साथ आती है।

नए मॉडल 6.5 किलोग्राम, 7 किलोग्राम से 8 किलोग्राम तक की कई क्षमताओं में आते हैं, जो 19,690 रुपये से शुरू होते हैं और सभी पैनासोनिक ब्रांड शॉप्स, देश भर में बड़े रिटेल आउटलेट्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अमेजन डॉट इन पर उपलब्ध हैं। पैनासोनिक ने उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए, पैनासोनिक इंडिया के सभी हैंडल, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, फेसबुक और ट्विटर, लिंक्डइन पर प्रतिष्ठित गुप्ताजी को वापस लाते हुए एक रोमांचक डिजिटल कैंपेन भी शुरू किया है।



लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, संदीप सहगल, बिजनेस हेड - होम अप्लायंसेज, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने कहा, हमारी एक्सक्लूसिव कंज्यूमर इनसाइट स्टडी हमें बताती है कि भारतीय उपभोक्ता बेहतर उत्पाद अनुभव चाहते हैं जो दैनिक जीवन के कामों को आसान और कुशल बना सके, और 81 प्रतिशत कनेक्टेड सुविधाओं के लिए थोड़ा अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। इनसाइट स्टडी हमें आगे बताती है कि 50 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता आराम, सुविधा और सुरक्षा के साथ जुड़े रहना चाहते हैं। मिराई इनेबल्ड टॉप-लोड वाशिंग मशीन की हमारी नवीनतम रेंज एक साफ-सुथरे वाशिंग अनुभव के लिए अनुकूलित वॉश साइकिल, शेड्यूल्ड वॉश प्रोग्राम और बिल्ट-इन हीटर तकनीक जैसी स्मार्ट सुविधाएं प्रदान करती है। त्योहारी सीजन में हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2022-23 में वाशिंग मशीन सेगमेंट में 30 प्रतिशत की वृद्धि करना है।

कैंपेन के बारे में शिरीष अग्रवाल, हेड-ब्रांड और मार्केटिंग कम्युनिकेशंस, पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया, ने कहा, पैनासोनिक एक ब्रांड के रूप में उपभोक्ताओं को उनकी जीवन शैली के अनुसार अनुकूलित सही विकल्पों के साथ उनकी सहायता करके अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन जीने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। डिजिटल कैंपेन इसी का विस्तार है। यह एक भारतीय परिवार के जीवन के वास्तविक क्षणों को दर्शाता है कि कैसे हम विभिन्न घरेलू उपचारों का उपयोग करके जिद्दी दागों को हटाने के लिए संघर्ष करते हैं। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे स्वच्छ और ताजा लॉन्ड्री के लिए टेक्नोलॉजी प्रमुख प्रवर्तक हो सकती है।

नगर निगम ने बदमाश व्यक्तियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को दिया अंजाम

# कुंजपुरा रोड स्थित अनाधिकृत पांच तारा फार्म हाऊस पर चला ननि का बुलडोजर

## निगमायुक्त की चेतावनी - अनाधिकृत निर्माण पर निगम की नजर, भविष्य में भी कार्रवाई रहेगी जारी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


अनाधिकृत निर्माण ढ्हाते नगर निगम कर्मचारी।

**नगर** निगम आयुक्त अजय सिंह तोमर के आदेश पर निगम के डैमोलिशन दस्ते ने कुंजपुरा रोड, बुढाखेड़ा स्थित अनाधिकृत रूप से बनाए गए पांच तारा फार्म हाऊस पर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

बता दें कि कथित फार्म हाऊस में पार्टी हाल, कमरे, रसोई, शौचालय तथा स्वीमिंग पूल बनाया गया था, जिसमें देर रात तक कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से शराब पीना, नाच-गाना, मस्ती करना और डीजे बजाने जैसी गतिविधियां की जाती थीं। इसे लेकर आस-पास के नागरिकों की ओर से नगर निगम को शिकायतें मिल रही थी, निगम प्रशासन ने इसे गम्भीरता से लिया और अनाधिकृत निर्माण को गिराने की योजना बनाई। इसके तहत डीटीपी आरएस बाठ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया और पुलिस बल साथ लेकर फार्म हाऊस को डैमोलिश कर दिया गया। फार्म हाऊस में रह रहे व्यक्तियों द्वारा विरोध करने पर उनकी एक न चली और कुछ ही घण्टों में फार्म हाऊस में बने निर्माण को तहस-नहस कर दिया गया।

**स्थानीय नागरिकों ने दी थी निगम को शिकायत :** नगर निगम के डीटीपी आरएस बाठ ने बताया कि अवैध रूप से बनाए गए फार्म हाऊस एक बड़ा पार्टी आल, करीब तीन कमरे, रसोई, शौचालय सहित स्वीमिंग पूल को ध्वस्त किया गया।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त फार्म हाऊस का करीब 1500 वर्ग गज में अनाधिकृत रूप से निर्माण किया गया था। अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय नागरिकों की भी शिकायतें आ रही थी। इसे लेकर नगर निगम की ओर से फार्म हाऊस को सात दिन का नोटिस दिया गया। नोटिस की अनुपालना न करने पर तोड़तोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई।

### अनाधिकृत निर्माण पर रखें नजर

निगमायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि शहर में चल रहे अनाधिकृत निर्माण पर नगर निगम नजर रखे हुए है, जिन पर निश्चित रूप से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम की अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों को सलाह दी कि शहर में नगर निगम की बिना अनुमति लिए किसी तरह का निर्माण करना नियमों के खिलाफ है। कोई भी व्यक्ति मकान या दुकान निर्माण करना चाहे, तो पहले उसके लिए नक्शा पास करवाए और फिर निर्माण शुरू करें, ताकि व्यक्ति को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# खोराखेड़ी गांव में सैकड़ों मकान ध्वस्त करने की कार्रवाई आज नहीं हो सकी


प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करती महिलाएं।

## गांव में मची रही खलबली, नहीं जले आज घरों में चूल्हे

**घरौंडा।** उच्च न्यायालय के आदेश पर खोराखेड़ी गांव में प्रशासन की और से सैंकड़ों मकानों को ध्वस्त करने की कार्यवाही आज नहीं हो पायी है। प्रशासन ने कब्जा कार्यवाही को फिलहाल रोक दिया है। प्रशासन ने लोगो से जमीन के दस्तावेज एकत्रित कर दिखाने को कहा है। कब्जा कार्यवाही न होने से ग्रामीणों ने फिलहाल राहत की सांस ली है। खोरा खेड़ी गांव में करीब 100 मकानों के बाहर खंड विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा नोटिस चिपकाए गए हैं । इन नोटिस के माध्यम से सैकड़ों परिवारों को अपने घर खाली करने और उनका मलबा हटाने के निर्देश दिए गए हैं । वहीं ग्रामीणों को सभी मकान हटाने के लिए 22 सितंबर तक का अल्टीमेटम दिया गया था।

वीरवार को सुबह होते ही बड़ी मात्रा में किसान यूनियन समेत पीड़ित ग्रामीणों के साथ साथ आसपास के इलाके से अन्य लोग बड़ी मात्रा में खोरा खेड़ी में एकत्रित होने शुरू हो गए। ग्रामीणों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ काफी देर तक नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। गांव में आज सेंकडो घरों में रोष को लेकर चूल्हे भी नही जले। गांव में भारी तनाव की स्थिति को भांपते हुए जिला प्रशासन ने सुबह ही गांव के मौजिज आदमियों की एक कमेटी को करनाल बुला लिया ।

**सरकार से लगातार कर रहे अपील.. मकानों को न तोड़ा जाए :** मामले की पैरवी कर रहे गांव के पूर्व सरपंच रंजीत कश्यप ने बताया कि गांव में जिस प्रकार से प्रशासन ने मकानों को खाली करने का नोटिस दे दिया था। उसके बाद से ही पुरे गांव में हड़कंप की स्थिति बनी हुई थी। गांव बार बार सरकार से उनके आशियाना न उजाड़ने की अपील कर रहा है।

# हम सभी को बढ़-चढ़ कर गोमाता की रक्षा करनी चाहिए


गोवंशों के लिए निशुल्क दवाईयां वितरित करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**कुरुक्षेत्र।** पिपली के गांव बजीदपुर के संत गोपाल दास महाराज चिकित्सालय में युवा ब्राहम्ण नेता हिमांशु शर्मा की अगुवाई में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग द्वारा लम्पी वायरस से पीड़ित गोवंशों के लिए नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि पिछले काफी लंबे समय से गायों के अंदर लम्पी वायरस की बीमारी चल रही है। इसके चलते न केवल किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके साथ-साथ गौ माता की मृत्यु भी हो रही है। हम सभी का यह फर्ज बनता है कि हम सब मिलकर गौ माता की रक्षा करनी चाहिए और जितना जल्दी हो सके जो यह पिछले काफी लंबे समय से गाय उम्र में बीमारी चल रही है। इससे उन्हें बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्टालवार्ट फाउंडेशन की ओर से चिकित्सालय में कलिश्यम, मिनिरयल, बुखार, टीके व दवाइयां दी गई है। वहीं युवा ब्राहम्ण नेता हिमांशु शर्मा ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग एक नेक इंसान है जो कि समाज में प्रतिदिन समाजसेवा के कार्य बढ़=चढ़कर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज हित के कार्य करने चाहिए। मौके पर अश्वनी जैन, डा. राजेश कुमार, हितेश धीमान, अश्वनी शर्मा आदि मौजूद थे।

## सत्संग एवं विशाल भंडारा कल

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** सतगुरु समनदास जी महाराज के जन्म दिवस एवं श्री गुरु रविदास अमर ज्योति जागृति मिशन के 17 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सत्संग एवं विशाल भंडारे का आयोजन 24 सितंबर दिन शनिवार को पट्टी शहजादपुर नजदीक जलेबी पुल श्री गुरु रविदास अमर ज्योति जागृति मिशन संस्थान में होगा।

यह जानकारी देते हुए प्रधान सुखबीर सिन्हा ने बताया कि सत्संग कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री बनवारी लाल मुख्यातिथि, शुगरफेड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण काला व सूरजभान कटारिया बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगें। उन्होंने बताया कि रविदासचार्य सुरेश राठौर जी महाराज पूर्व विधायक उत्तराखंड, महात्मा परम दास महाराज, महात्मा गोवर्धन दास शुकताल, महात्मा सतपाल दास उत्तराखंड, महात्मा कंवरपाल ब्रह्मचारी, महात्मा ज्ञान दास मेरठ, महात्मा बलवान एवं महात्मा ऋषि दास अपने मधुर कंठस्थ से सत्संग करेंगे।

# जसबीर सिंह संधू को महासचिव चुने जाने गांव चनारथल में प्रसन्नता

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सारस्वत जसबीर सिंह संधू को सन्मानित करते हुए।

**गांव** चनारथल के सरपंच जसबीर सिंह संधू को भारत तिब्बत संघ का महासचिव चुने जाने पर आज गांव वासियों ने प्रसन्नता जाहिर की। बुधवार को कुरुक्षेत्र के प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में संपन्न हुई भारत तिब्बत संघ की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सारस्वत ने इसकी घोषणा की।

चनारथल गांव में पहुंचने के बाद जसबीर सिंह संधू ने बताया कि बैठक में उनके इलावा स्वामी श्री अनूप गिरी जी (महंत लक्ष्मी नारायण मन्दिर) को प्रांत अध्यक्ष, दीप शिखा और रेखा को प्रदेश उपाध्यक्ष, संजय भंडारी को प्रदेश सचिव, करतार सिंह को प्रदेश युवा प्रमुख और विजय गुप्ता को युवा महासचिव के लिए नियुक्त किया गया है। संधू ने कहा कि चीन कभी भी भारत का पड़ोसी नहीं रहा। 1949 में धक्के से चीन हमारा पड़ोसी बन गया। तिब्बत देव-भूमि है, तिब्बत भारत को अपना गुरु मानता है। तिब्बत आज गुलाम है, तिब्बत भारत का सांस्कृतिक विस्तार है। भारत के साथ तिब्बत के अध्यात्मिक व सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। हमारा कैलाश मानसरोवर आज विधर्मियो के कब्जे में है, उसे मुक्त कराना है। भारत तिब्बत संघ के दो स्वार्थ हैं पहला स्वार्थ उसे मुक्त कराना है, दूसरा स्वार्थ भारत की सुरक्षा है। तिव्वत के भोले-भाले लोगों को धूर्त चीन के बहकावे में आ गये। 1959 में दलाई लामा 85000 लोगों के साथ तिब्बत से पलायन कर गया। उसे भारत ने शरण दे रखी है। उस समय दलाई-लामा ने प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को कई बार बताया कि चीन का टारगेट दूर का है, और दो साल बाद 1962 में चीन ने भारत पर हमला कर दिया। नेहरू सरकार की नीतियों के दुष्परिणाम निकले भारत की जमीन का काफी बड़ा हिस्सा आज जमीन के कब्जे में है। आज चीन वहां की खनिज संपदा के दम पर अमीर बन गया है। चीन तिब्बत में मानवाधिकार की धजिया उड़ रही है, वहां की महिलाओं व पुरुषों पर चीन अमानवीय अत्याचार कर रहा है। हमें चीन का आर्थिक विरोध करके उसकी कमर को तोड़ना है।

# प्रदूषण फैलाने वालों के करें चालान : पी राघवेंद्र राव

## वायु में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जारी रखें गतिविधियां

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


वीडियो कांन्फ्रैसिंग में भाग लेते अधिकारीगण।

**केन्द्रीय** वायु गुणवत्ता निगरानी प्राधिकरण के सदस्य एवं हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी. राघवेन्द्र राव ने गुरूवार को जिला अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग कर वायु गुणवत्ता को बनाए रखने पर जोर दिया।

वीसी में करनाल से अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेन्द्र अरोड़ा और वन, परिवहन, एचएसवीपी, कृषि तथा नगर निगम/पालिकाओं के अधिकारी सम्मिलित हुए। पी. राघवेन्द्र राव ने बताया कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अन्य हिस्सो में वायु प्रदूषण का उच्च स्तर गम्भीर चिंता का विषय रहा है।

इसके लिए पर्यावरण मंत्रालय द्वारा वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) पर काम करने की जरूरत है और इसके निर्देश भी सम्बंधित राज्यों को जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि ग्रैप में वे सभी उपाय शामिल हैं, जो वायु गुणवत्ता को बिगड़ने से रोकते हैं।

**अधिकारी गांव-गांव में जाकर किसानों को करें जागरूक :** अतिरिक्त उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गांव-गांव में जाकर किसानों को फसल अवशेषों में आग न लगाने के लिए जागरूक करें। इसके लिए ग्राम व खंड स्तरीय कमेटियों को सक्रिय किया जाए। उन्होंने नगर निगम के एक्सईएन को निर्देश दिए कि शहर से डम्पिंग प्वाइंट खत्म किए जाएं। निर्माण कार्यों में धूल-मिट्टी से प्रदूषण फैलाने वालों के चालान करें। इसी प्रकार जो लोग कचरे में आग लगाते हैं, उनके भी चालान किए जाएं।

**हॉट स्पॉट वाली जगहों पर करें पौधारोपरण :** उन्होंने जिला वन अधिकारी को निर्देश दिए कि शहर में जहां-जहां भी हॉट-स्पॉट हैं, उन जगहों पर पौधारोपण करके उन्हें ग्रीन स्पॉट में परिवर्तित किया जाए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारी को ध्यान दिलाया कि रेलवे स्टेशन के पास एक स्लम जगह पर रात को आग जलाई जाती है, ऐसी जगहों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।

# बिजली निगम में 10 लाख का गबन, तीन कर्मचारियों पर केस

## एक्सईएन के फर्जी साइन कर निकाले थे पैसे

**करनाल।** पुलिस ने बिजली निगम में अनुबंध आधार पर लगे 3 सीनियर अकाउंटेंट कर्मियों के खिलाफ गबन का केस दर्ज किया है।

पुलिस की माने तो आरोपियों के खिलाफ शिकायत आने के बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार निगमकर्मी विनोद, दिनेश ओर सुनील सीनियर अकाउंटेंट (अनुबंध) पर आरोप है कि तीनों ने मिलीभगत करके एक्स.ई.एन के नाम फर्जी बिल, लेटर व चेक पर फर्जी साईन करके निगम के अकांउट से 10 लाख रूपए अपने-अपने अकांउट में ट्रांसफर कर लिए।

कलेक्शन के दौरान जब निगम खाते में 10 लाख रूपए कम हुए, तो एक्स.ई.एन रणदीप सिंह को शक हुआ और उसने पहले अपने लेवल पर जांच की। जांच में उसे पता चला कि तीनों ने खाते से पैसे उड़ाए है। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी गई।

पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सेक्टर-32 थाना प्रभारी रामफल ने बताया कि बिजली निगम के अधिकारियों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# मीरी-पीरी कॉलेज की एनओसी के लिए शीघ्र मिलेंगे सीएम से

## हरियाणा के कर्मचारियों को भी मिलेगा समान कार्य पर समान वेतन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद


शहीद उद्यम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

**शिरोमणी** अकाली दल हरियाणा स्टेट के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना शहीद उधम सिंह स्मारक बराड़ा रोड पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर शाहाबाद की समस्त सिख जत्थेबंदियों ने निष्काम सेवा सोसायटी के तत्वावधान में उनका स्वागत किया। अजराना ने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माला अर्पित की।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए अजराना ने कहा कि अब हरियाणा के समस्त गुरुद्वारों व संस्थानों में विकास का नया दौर आएगा। उन्होंने कहा कि शाहाबाद के मीरी पीरी इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च ट्रस्ट के समस्त बादल पक्ष के सदस्यों की कार्यकारिणी खत्म कर हरियाणा के सिख सदस्यों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने इस संस्थान का जल्द प्रबंध लेने की बात कही। उन्होंने बताया कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब हरियाणा के समस्त गुरुद्वारा साहिबान के साथ-साथ एजुकेशन ट्रस्ट, मैडिकल ट्रस्ट और अतिरिक्त संस्थान अब हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अधीन होंगे।

अजराना ने बताया कि 1995 में जब मीरी-पीरी इंस्टिट्यूट आफ मैडिकल साइंसिज एंड रिसर्च सेण्टर की नींव रखी गई थी, तब से आज तक इस संस्थान का कार्य अधर में है। उन्होंने कहा कि मीरी पीरी कालेज की एनओसी हेतु वह जल्दी ही एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलेंगे। इस अवसर पर सुखवंत सिंह बग्गी, जगदेव सिंह गाबा, हरजिन्द्र सिंह चुघ, तेजिन्द्र सिंह मक्कड़, करतार सिंह दामली, अमनदीप सिंह कंबोज, सुरजीत सिंह, सुखविन्द्र सिंह हंस सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### कर्मचारियों को मिलेगा समान कार्य-समान वेतन

**अजराना** ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधीन आने के बाद किसी भी कर्मचारी को चाहे, वह पंजाब का है या हरियाणा का, उसको संस्थान से नहीं निकाला जाएगा। अगर कोई भी कर्मचारी अपनी मर्जी से संस्थान छोड़ेगा, तो वह जा सकता है। उन्होंने कहा कि मीरी पीरी अस्पताल में मौजूद सभी कर्मचारियों को समान कार्य-समान वेतन दिया जाएगा। अजराना ने आरोप लगाया कि इस संस्थान में अब तक बादल समर्थकों और पंजाब के लंबी हलके के कर्मचारियों को अधिक वेतन दिया जाता था, जबकि हरियाणा के समस्त कर्मचारिओं के कम। यह नीति अब खत्म हो जाएगी।

**कर्मचारियों को शीघ्र मिलेगा बकाया वेतन :** अजराना ने बताया कि पिछले लंबे समय से मीरी पीरी अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों को तीन-तीन महीने वेतन नहीं दिया जा रहा, जिस कारण उन्हें अपने परिवार के पालन पोषण में भारी परेशानी हो रही है। इसलिए अब ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि हर महीने की प्रथम तारीख को सैलरी मुलाजम के बैंक खाते में आ जाएगी।

**अस्पताल में स्थापित होगा जन औषधि केंद्र :** अजराना ने बताया कि उनको पिछले कई दिनों से यह शिकायतें मिल रहीं हैं कि मीरी-पीरी अस्पताल के मैडिकल स्टोर में दवाईयां बाजार से 10 गुना महंगे मूल्य पर मिलती है। जबकि यह एक चैरिटेबल संस्था है और यहां डाक्टरों द्वारा सस्ती दवा लिखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रबंध लेने के पश्चात जल्द ही इस अस्पताल में जन औषधि केंद्र स्थापित किया जाएगा, जहां सस्ते रेट पर जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध होंगी।

## कांग्रेस कार्यकर्ता 26 को मिनी सचिवालय को ताला लगाएंगे

**करनाल।** करनाल में मुख्यमन्त्री की स्मार्ट सिटी मे व्यापक भ्रष्टाचार तथा पानी की निकासी पर करोड़ो रुपया खर्च करने के बाद भी करनाल मे जलभराव के विरोध मे कांग्रेस द्वारा 26 सितम्बर को करनाल मे मिनी सचिवालय को ताला लगाएंगे। जिला कांग्रेस के 101 कार्यकर्ता मिनी सचिवालय के गेट पर ताला ठोकेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस के संयोजक त्रिलोचन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि करनाल मे पानी की निकासी पर करोडो फूंकने के बाद भी पानी की निकासी आज फेल हो गई।

सड़कों पर पानी भर गया है। उन्होंने मुख्यमन्त्री को पत्र लिख कर श्वेत पत्र जारी करने की मांग है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि करनाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से दम तोड़ रही हैं। अपराधियों के हौंसले बुलंद होत जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि करनाल में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है।

# संक्षिप्त-समाचार

## सरपंच पदों के लिए पिछड़ा वर्ग-ए के आरक्षण की प्रक्रिया 28 को

**सोनीपत।** उपमंडल अधिकारी (ना.) आशीष कुमार ने जानकारी दी कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 9 तथा हरियाणा पंचायत राज निर्वाचन नियमावली 1994 के नियम 5 (2)-हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन संशोधित नियम 2021 के नियम 5 व 6 के तहत खंड मुण्डलाना के सरपंच पदों हेतु पिछड़ा वर्ग-क अर्थात बीसी-ए वर्ग के लिए वार्डों का आरक्षण लाटरी (ड्रॉ ऑफ लॉट) के माध्यम से बीडीपीओ कार्यालय गोहाना में 28 सितंबर को सुबह 11:15 बजे किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त प्रक्रिया के अवलोकन के लिए निर्धारित स्थान व समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

## श्री राम का जीवन हम सबके लिए महान आदर्श : सूरजभान



**कुरुक्षेत्र।** थानेसर शहर मे आयोजित होने वाली ओम जय श्रीराम रामलीला ड्रामाटिक क्लब का शुभारंभ केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरजभान कटारिया ने फीता काट कर उदघाटन किया। इससे पूर्व सूरजभान कटारिया ने रामलीला कमेटी के संचालक मंडल सहित सरस्वती वंदना से पूजा अर्चना करके विधिवत शुभारंभ किया। सूरजभान कटारिया ने कहा कि भगवान सियापति रामचंद्र हम सबके जीवन का आदर्श हैं, हमें उनकी जीवनी को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीराम की लीलाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार एवं प्रचलन हमारी संस्कृति को बढ़ाता है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि स्थानीय पार्षद नितीन भारद्वाज ने कहा कि हमें रामलीला मंचन में सहपरिवार बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि परिवारों में संस्कार शामिल हो सके। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि सूरजभान कटारिया व नितिन भारद्वाज तथा रामकुमार राहुल सुविधा को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। पहले दिन के रामलीला सार में रावण वेदवती संवाद तथा कैलाश टक्कर का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्ण लाल वर्मा, शिव कुमार वर्मा, अभिमन्यु वर्मा, पारस वर्मा, सोनू वर्मा, शुभम वर्मा, सतप्रकाश जांगड़ा, रिंकू वर्मा, नितिन सिंगला, राजू रंगा, गुलशन कुमार, रामकुमार काला, सुलदेव शर्मा, पंकज वर्मा तथा अन्य कलाकार उपस्थित रहे।

## राकेश अंटाल बने लायंस क्लब शाहाबाद के प्रधान



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** लायंस क्लब सदस्यों द्वारा निजी होटल में स्थापना समारोह करवाया गया। समारोह में जनपदपाल एडवोकेट वीरेन्द्र मेहता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्थापना समारोह में राकेश अंटाल को लायंस क्लब शाहाबाद यूनिट का प्रधान नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में समर अंटाल ने ईश वंदना, इनोग्रेसन अधिकारी विनय गर्ग, इंस्टॉलेशन अधिकारी रमन गुप्ता, इनवोकेशन अधिकारी चमनलाल गुप्ता, वीडीजी-2 भारत भूषण दुआ, डीसीएस जय भगवान गोयल व डीसीटी हरचरण छाबडा, ललित मुटरेज़ा, दिनेश बत्रा, रीजन चेयरमैन उमेश गर्ग व क्लब की नारी शक्ति ने दीप प्रज्वलित कर किया। क्लब के प्रधान राकेश अंटाल ने अपने द्वारा किए जाने वाले प्रोजेक्टस की विस्तृत जानकारी दी और सभी सदस्यों को भविष्य में किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस क्लब की नींव मात्र सेवा व परसेवा के लिए बनी है और हमारा प्रयास रहेगा कि क्लब के माध्यम से हम देश व समाज की सेवा करते रहेंगे। प्राचार्या कविता लालर ने मुख्यातिथि वीरेंद्र मेहता के जीवन का परिचय बाबूखी शब्दों में अदा किया। मुख्यतिथि जनपदपाल वीरेन्द्र महेता ने राजिन्द्र गाबा व पवन गुप्ता को उपप्रधान, निपुण गर्ग को सचिव व रमन गर्ग को कोषाध्यक्ष की शपथ दिलायी। क्लब के पूर्व प्रधान राजीव अग्रवाल ने पिछले वर्ष किए गये कार्यों की जानकारी दी। इंस्टालैसन चैयरमेन डा.भास्कर गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। मास्टर आफ सेरेमनी की भूमिका विजय गर्ग व राजिन्द्र गाबा ने निभाई। क्लब में नए 10 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर धनपत राय अग्रवाल, सोम प्रकाश गुप्ता, बलबीर खुराना, पवन गौतम, पंकज सिंगला, अनिल अग्रवाल, त्रिलोचन सिंगला, चन्द्र गुप्ता, अभिनव गुप्ता, सुयश गुप्ता, संदीप अग्रवाल, रोहित गुप्ता, अमन अग्रवाल, कोमल गाबा, राजेन्द्र विनस और विनोद वधवा मौजूद थे।

## ग्रामीण चौकीदार सभा में फिर से प्रदेश अध्यक्ष बने बुधराम



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की स्टेट कार्यकारिणी की मीटिंग विभाग गृह शाहाबाद में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम बैठक में सर्वसम्मति से बुधराम काहनगढ को फिर से राज्य अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके बाद नई राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया। बुधराम ने बताया कि बैठक में जसबीर ग्योंग कैथल और कर्मवीर संदोल हिसार को राज्य उप प्रधान, गुरमेल बसंत को राज्य सचिव, लाल चंद को कोषाध्यक्ष और सतपाल को सलाहकार नियुक्त किया गया है। बुधराम ने बताया शनिवार को सभी सदस्य मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार कृष्ण बेदी से उनके निवास स्थान पर मुलाकात करेंगे और उनके द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से समय लेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ग्रामीण चौकीदार की कई मांगे है, जिन्हे पूरा करने में मुख्यमंत्री से मिलना आवश्यक है। बैठक में चौंकीदार सतपाल, बिंटू राम, मदन लाल, दयानद, सोहन लाल और बलबीर के साथ साथ राज्य के अलग अलग स्थानों से चौंकीदार सदस्य मौजूद थे।

## आर्य कन्या विद्यालय की फुटबॉल टीम रही दूसरे स्थान पर



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की फुटबॉल टीम ने अंबाला सिटी में आयोजित क्रीड़ा भारती खेल पखवाड़ा के तहत प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्या मंजू नारंग ने कहा कि अंबाला में आयोजित इस प्रतियोगिता में 9 टीमों ने भाग लिया था, जिसमें आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की ओपन ग्रुप टीम ने सिटी क्लब अंबाला को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल मुकाबले में यमुनानगर की टीम से मैच ड्रा होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या मंजू नारंग ने खिलाड़ियों व कोच को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# भाजपा ने पांच राज्यों के विस चुनावों में 340 करोड़ खर्च किए

## उत्तर प्रदेश में चुनावों पर भाजपा ने सर्वाधिक धनराशि 221 करोड़ रुपये खर्च की

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने इस साल संपन्न हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के प्रचार अभियान में 340 करोड़ रुपये खर्च किए जबकि कांग्रेस ने इन राज्यों में 194 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए।

निर्वाचन आयोग को इन दोनों दलों द्वारा किए गए खर्च संबंधी सौंपे गए। ब्योरे में यह जानकारी सामने आई है। आयोग ने इन

### कांग्रेस ने इन पांचों राज्यों के चुनाव में 194 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए

जानकारियों को सार्वजनिक किया है। भाजपा की ओर से दिए गए ब्योरे के मुताबिक उसने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा और पंजाब विधानसभा चुनावों में प्रचार अभियान पर 340 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। इसके




मुताबिक, भाजपा ने अपने उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 221 करोड़ रुपये खर्च किए जबकि मणिपुर में 23 करोड़, उत्तराखंड में 43.67 करोड़, पंजाब में 36 करोड़ से अधिक और गोवा में 19 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए।

कांग्रेस द्वारा दिए गए ब्योरे के मुताबिक, उसने इन पांच राज्यों में प्रचार अभियान पर 194 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। भाजपा और कांग्रेस को राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का चुनाव लड़ने वाले दलों के लिए एक निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्वाचन आयोग को चुनाव प्रचार अभियान में हुए खर्च का ब्योरा देना अनिवार्य है।

# छह माह के बच्चे के दिल में थे कई छेद, हुआ ऑपरेशन

एजेंसी। नई दिल्ली

**इराक** से आए छह महीने के बच्चे के दिल में कई छेद थे, जिनका यहां के एक अस्पताल में ऑपरेशन किया गया। बच्चा गंभीर रूप से कुपोषित था। डॉक्टरों ने बताया कि उत्तर भारत में यह अपनी तरह का यह पहला ऑपरेशन था।

डॉक्टरों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बच्चा दुर्लभ जन्मजात दिल की बीमारी से ग्रसित था जिसने उसके फेंफड़ों और गुर्दे को गंभीर नुकसान पहुंचाया था। बच्चा डबल

### इराक का यह बच्चा जन्मजात बीमारी से था परेशान

आउटलेट राइट वेंट्रीकल (डीओआरवी) से पीड़ित था, साथ वह वेंट्रीकुलर सेप्टल डिफेक्ट (वीएसडी) (दिल में छेद) और इंटेरप्टेड एओर्टिक आर्क से भी ग्रसित था। डॉक्टरों के अनुसार, डीओआरवी एक जन्मजात बीमारी है जिसमें हृदय की दो प्रमुख धमनियां फुफ्फुसीय धमनी और बाईं धमनी, दोनों दाईं धमनी से जुड़ी रहती हैं।

# मप्र में पीएफआई के चार कार्यकर्ता गिरफ्तार

**भोपाल।** आतंकवाद के कथित वित्त पोषण के खिलाफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की अगुवाई में छेड़े गए देशव्यापी अभियान के तहत पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के चार कार्यकर्ताओं को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि एनआईए ने पीएफआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिए प्रदेश पुलिस की सहायता ली। कहा कि इनमें से तीन कार्यकर्ताओं को इंदौर के सदर बाजार और अन्य इलाकों से गिरफ्तार किया गया है।

# महिला सदस्यों को समर्पित सत्र देश के लिए उदाहरण बनेगा : योगी

## विस के विशेष सत्र की प्रस्तावना में कहा, महिला सदस्य क्या चाहती हैं बोलना

### कहा, आज देश का सबसे बड़ा विधानमंडल एक नया इतिहास बनाने की ओर अग्रसर

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** विधानसभा में बृहस्पतिवार को महिलाओं को समर्पित विशेष सत्र का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी प्रस्तावना रखते हुए कहा कि भारत के सबसे बड़े विधानमंडल का यह सत्र देश के सामने एक उदाहरण पेश करेगा कि आखिर महिला सदस्य क्या बोलना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भविष्य, वर्तमान और स्वावलंबन के बारे में अगर महिला सदस्यों की ओर से कोई सकारात्मक सुझाव आता है तो उससे सरकार को जरूरी कदम उठाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, आज देश का सबसे बड़ा विधानमंडल एक नया इतिहास बनाने की ओर अग्रसर हो रहा है। आजादी के 75 वर्षों के बाद आधी आबादी की आवाज इस सदन के माध्यम से प्रदेश की 25 करोड़ आबादी तक पहुंचेगी। साथ ही उन्हें प्रदेश की समस्याओं और उपलब्धियों के अलावा अन्य समसामयिक मुद्दों को इस सदन में रखने का अवसर प्राप्त होगा। वास्तव में यह कार्य बहुत पहले होना चाहिए था। उन्होंने महर्षि वेदव्यास की नारी शक्ति को समर्पित कुछ पंक्तियां पढ़ते हुए कहा, अगर यह भाव हर व्यक्ति के मन में आ जाए तो कुछ भी असंभव नहीं है। महिलाओं और पुरुषों को एक समान दर्जा देने का यह प्रयास पहली बार नहीं हो रहा है। योगी ने कहा, भारत के संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी शुरू से ही मताधिकार दिया था। इंग्लैंड और दुनिया के कई अन्य देशों में महिलाओं को यह अधिकार भारत के बाद मिला। योगी ने कहा, मैं चाहूंगा कि अच्छे सुझाव आएं और सकारात्मक चर्चा हो। आरोप-प्रत्यारोप तो हमेशा लगते हैं। आज उनसे ऊपर उठकर बात हो। आज सदन की जो भी कार्यवाही होगी, वह एक दस्तावेज बनेगा और 50 साल या 100 साल बाद यह दस्तावेज देखने वाले लोग उससे प्रेरणा प्राप्त करेंगे।



### काश, कोई महिला सदन का संचालन करती

**मुख्यमंत्री** ने यह भी कहा, आजादी के बाद इस दिशा में बहुत अच्छे प्रयास हुए। काफी प्रगति भी हुई। महिला सदस्यों को समर्पित विशेष सत्र में कुछ देर के लिए ही सही, अगर पीठासीन अधिकारी के रूप में कोई बहन सदन का संचालन कर सके तो मुझे लगता है कि एक माहौल बनेगा।

# महिलाओं के खिलाफ अपराध सरकार, विपक्ष और समाज मिलकर रोकें : अखिलेश

एजेंसी। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि महिलाओं से जुड़ी समस्याएं इतनी ज्यादा हैं कि विधानसभा सत्र का एक दिन पर्याप्त नहीं है। उन्होंने महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध रोकने के लिए सरकार, विपक्ष और समाज के साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को इस खास कदम के लिए धन्यवाद दिया।

### यूपी ने ही देश को पहली मुख्यमंत्री सुचेता दीं

अखिलेश ने कहा कि देश की आजादी में रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल, अवंतीबाई लोधी, चांद



बीबी, कस्तूरबा गांधी और सरोजिनी नायडू समेत कई महिलाओं का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने ही सुचेता कृपलानी के रूप में देश को पहली महिला मुख्यमंत्री भी दी थी।

### महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण और पढ़ाई मुफ्त मिले

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं सहित प्रत्एक नागरिक के प्रति घृणा अपराधों के खिलाफ कतई बरदाश्त न करने की नीति अपनाए, पुलिस समेत सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दे और लड़कियों की केजी (किंडरगार्टन) से पीजी (परास्नातक) तक की शिक्षा मुफ्त करे।

### व्हाटसएप से शिकायत दर्ज कराने का बने प्रावधान

**अखिलेश** ने यह भी कहा कि महिला पावर लाइन (1090 सेवा) को मजबूत बनाया जाए और ईमेल व व्हाट्सएप के जरिए भी शिकायत दर्ज कराने का प्रावधान किया जाए। उन्होंने मांग की कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर पुलिस महानिदेशक की अगुवाई में एक प्रकोष्ठ गठित किया जाए और जेंडर सेंसटिविटी (लैंगिक संवेदनशीलता) का पता लगाने के लिए एक सूचकांक बनाया जाए।

# नवजात शिशुओं का जीवन बचाने को विशेष उपकरण का इस्तेमाल करेगा असम

**गुवाहाटी।** विशेष उपकरण सांस के जरिए नवजात शिशुओं की मृत्यु दर घटाने से संबंधित एक प्रायोगिक परियोजना के सफल रहने के बाद असम सरकार ने बेंगलुरु स्थित एक स्टार्टअप द्वारा विकसित इस वायु दबाव मशीन का अपने सभी अस्पतालों में इस्तेमाल करने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सांस एक पोर्टेबल नियोनेटल कंटीन्यूअस पॉजिटिव एयर प्रेशर (सीपीएपी) प्रणाली है, जो अस्पताल में शिशुओं को सांस लेने में मदद कर सकता है और इसे यात्रा के वक्त भी लगाया जा सकता है। स्टार्टअप इनएक्सेल टेक्नोलॉजीज के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि प्रायोगिक परियोजना के तहत मशीन का गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कुछ शिशुओं पर इस्तेमाल किया गया था और इसके शानदार नतीजे आए।

# तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा 15वें स्पेंडलोव पुरस्कार से सम्मानित

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को सामाजिक न्याय, कूटनीति और उदारता के लिए ऐलिस एंड क्लिफोर्ड स्पेंडलोव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उनके कार्यालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दलाई लामा 2005 में कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, मर्सिड में शेरी स्पेंडलोव द्वारा स्थापित पुरस्कार से सम्मानित होने वाले 15वें व्यक्ति होंगे। साहित्य, भाषा और संस्कृति विभाग के प्रोफेसर निगेल हैटन ने कहा, दलाई लामा को स्पेंडलोव पुरस्कार के लिए नामित करते हुए, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया मर्सिड एक ऐसे वैश्विक आध्यात्मिक नेता को मान्यता दे रहा है जो हमारी विविधता के बीच खुशी, करुणा, सौहार्दता, आत्म-अनुशासन, दोस्ती और मानवीय एकजुटता के महत्व को व्यक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पंजाब : विधायकों ने विशेष सत्र आहूत नहीं होने के विरोध में मार्च निकाला

### भाजपा के विरोध में हुए प्रदर्शन में राज्य का कोई मंत्री नहीं शामिल हुआ

### विधायक कौर ने कहा, राज्यपाल ने पहले सत्र को अनुमति दी बाद में रद्द किया

एजेंसी। चंडीगढ़

**आम** आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का फैसला वापस लिए जाने के विरोध में बृहस्पतिवार को मार्च निकाला। विधायक लोकतंत्र की हत्या बंद करो तथा ऑपरेशन लोटस मुर्दाबाद जैसे नारे वाली तख्तियां हाथ में लिए हुए थे। पार्टी ने कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर साथ मिले होने तथा राज्य में विधानसभा का विशेष सत्र नहीं होने देने के लिए मिल कर काम करने का आरोप लगाया।

विधायकों को राज्यपाल के आवास की ओर बढ़ने से रोक दिया गया। पुलिस ने विधानसभा परिसर से एक किलोमीटर के दायरे में अवरोधक लगा दिए थे। प्रदर्शन कर रहे विधायक रोके जाने पर उसी स्थान पर बैठ गए और उन्होंने कांग्रेस तथा भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन में राज्य का कोई मंत्री नहीं शामिल हुआ। विधायकों ने राज्य विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का फैसला राज्यपाल द्वारा वापस लिए जाने के लिए उनकी आलोचना की। विधायक गुरमीत सिंह खुदियान ने कहा, यह (विशेष सत्र नहीं बुलाना) सरासर अन्याय है। राज्य सरकार विधानसभा का सत्र बुला सकती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल ने शीर्ष स्तर से निर्देश मिलने पर सत्र को रद्द करने का निर्णय लिया। भाजपा गलत कर रही है और लोकतंत्र खतरे में है। मोगा से विधायक अमनदीप कौर ने कहा कि पहले सत्र आहूत करने की अनुमति दी गई लेकिन बाद में राज्यपाल ने इसे रद्द कर दिया। मोहाली से विधायक कुलवंत सिंह ने भी राज्यपाल के कदम को लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

गौरतलब है कि पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने विश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने की आप सरकार की योजना को बुधवार को विफल कर दिया। राज्यपाल ने बृहस्पतिवार को विशेष सत्र आहूत करने के पिछले आदेश को वापस लेते हुए कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजभवन से संपर्क कर कहा था कि सदन के नियमों के अनुसार इसकी अनुमति नहीं है।। राज्यपाल के अनुसार, इसके बाद कानूनी राय मांगी गई और सत्र आयोजित करने का फैसला वापस ले लिया गया।




### पंजाब विधानसभा का सत्र 27 सितंबर को होगा : मुख्यमंत्री भगवंत मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा का सत्र 27 सितंबर को आयोजित होगा। राज्य विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने का फैसला राज्यपाल द्वारा वापस लिए जाने के बाद राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

### आप ने की थी विश्वास मत पेश की पेशकश


**आप** सरकार ने विश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए विशेष सत्र आहूत करने की मांग की थी। इससे कुछ दिन पहले ही आप ने भाजपा पर उसकी सरकार गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

# भारत का यूएनएससी का स्थायी सदस्य न होना वैश्विक निकाय को सही नहीं : जयशंकर

एजेंसी। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं होना केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि इस वैश्विक निकाय के लिए भी सही नहीं है तथा इसमें सुधार बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। जयशंकर से पूछा गया था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने में कितना वक्त लगेगा ? उन्होंने कहा कि वह भारत को स्थायी सदस्यता दिलाने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने बुधवार को कहा, जब मैं कहता हूं कि मैं इस पर काम कर रहा हूं तो इसका मतलब है कि मैं इसे लेकर गंभीर हूं। जयशंकर कोलंबिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स के राज सेंटर में कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तथा नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के साथ



बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, स्वभाविक रूप ये यह बहुत कठिन काम है क्योंकि अंत में आप अगर आप कहेंगे कि हमारी वैश्विक व्यवस्था की परिभाषा क्या है।

वैश्विक व्यवस्था की परिभाषा को लेकर पांच स्थाई सदस्य बहुत महत्वपूण हैं इसलिए हम जो मांग कर रहे हैं, वह बहुत ही मौलिक, बहुत गहरे बदलाव से जुड़ा है। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थाई सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं तथा इन देशों किसी भी प्रस्ताव पर वीटो करने का अधिकार प्राप्त है।

# मैक्सिको की राजधानी में 6.8 की तीव्रता के भूकंप के झटके

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राजधानी में 6.8 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके बुधवार देर रात एक बजे महसूस किए गए। पश्चिमी व मध्य मैक्सिको में तीन दिन पहले आए 7.6 तीव्रता के भूकंप में दो लोगों की जान चली गई थी।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप का केंद्र पश्चिमी मिचोआकन में प्रशांत तट के पास दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में करीब 24.1 किलोमीटर की गहराई पर था। मिचोआकन की स्थानीय सरकार ने कहा कि भूकंप के झटके राज्यभर में महसूस किए गए। किसी तरह के जानमाल की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। मैक्सिको के राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रादोर ने ट्वीट कर बताया कि यह सोमवार को आए भूकंप के बाद के झटके थे, जो कोलिमा, जलिस्को और ग्युरेरो राज्यों में भी महसूस किए गए। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी तरह के जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर समझौता नहीं किया जा सकता : धनखड़

एजेंसी। गुवाहाटी

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भारत की एक ऐसी पूंजी है जिस पर न तो कोई बातचीत की जा सकती है और न ही इस पर समझौता किया जा सकता है। धनखड़ ने कहा कि इससे किसी भी प्रकार का विचलन देश की संप्रभुता और समानता के साथ समझौता करने के समान होगा।

लोकमंथन 2022 का यहां उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि देश में छद्म बुद्धिजीवियों की संख्या बढ़ रही है और इसे कम करने की आवश्यकता है। धनखड़ ने कहा,



भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कोई बातचीत नहीं हो सकती है और हम इससे कभी समझौता नहीं कर सकते हैं। अगर हम इससे कभी हटते हैं तो हमें अपने देश की संप्रभुता एवं समानता के साथ समझौता करना होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र में कानून की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात के लिए निराशा जाहिर की कि आजकल विधानसभा के बजाय सड़कों पर मुद्दों की चर्चा होती है।

# बंगाल सरकार की महंगाई भत्ता संबंधी पुनर्विचार याचिका खारिज हुई

एजेंसी। कोलकाता

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने तीन महीनों के भीतर महंगाई भत्ते की बकाया रकम का भुगतान करने के अपने आदेश पर पुनर्विचार करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने पीठ के आदेश पर पुनर्विचार का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति हरीश टंडन और न्यायमूर्ति रबींद्रनाथ सामंत ने 20 मई के आदेश पर पुनर्विचार करने की राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी। राज्य प्रशासनिक अधिकरण (एसएटी) के एक आदेश को बरकरार रखते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मई में



पश्चिम बंगाल सरकार को तीन महीने के भीतर जुलाई 2009 से बकाया महंगाई भत्ते का भुगतान करने का निर्देश दिया था।

राज्य सरकार ने एसएटी के जुलाई 2019 के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दाखिल की थी। एसएटी ने इस आदेश में राज्य सरकार को केंद्र के निर्देशों के अनुरूप महंगाई भत्ता देने और तीन किश्तों में बकाया रकम का भुगतान करने को कहा था। खंडपीठ ने राज्य सरकार के श्रमिक संघों द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के लिए नौ नवंबर की तारीख भी तय की है। उन्होंने आरोप लगाया था कि प्राधिकारियों ने मई 2022 से तीन महीनों के भीतर महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया है।

### सरकार ने कोर्ट से पीठ के आदेश पर पुनर्विचार का अनुरोध किया था

# पंचतत्व में विलीन हुए राजू श्रीवास्तव, भाई और बेटे ने दी मुखाग्नि

## सफेद फूलों से सजी एम्बुलेंस में निगमबोध श्मशान घाट पहुंचा राजू का पार्थिव शरीर

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रख्यात** हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव का बृहस्पतिवार को यहां परिवार व करीबी दोस्तों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। राजू श्रीवास्तव (58) 40 दिन से अधिक समय से अस्पताल में भर्ती थे। दिल्ली के एक होटल में व्यायाम करते समय 10 अगस्त को उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया, जहां उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। तभी से वह वेंटिलेटर पर थे और होश में नहीं आए थे। कल बुधवार को उन्होंने अंतिम श्वांस ली। श्रीवास्तव के पार्थिव शरीर को कल

### हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा अशोक चक्रधर सुनील पाल, अहसान कुरैशी समेत सैंकड़ों फैंस पहुंचे

### दिल्ली में किया गया अंतिम संस्कार

उनके परिवार को सौंपे जाने के बाद दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में द्वारका स्थित उनके घर पर ले जाया गया था। आज वहां से सफेद फूलों से सजी एक एम्बुलेंस सुबह करीब नौ बजे कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध श्मशान घाट के लिए रवाना हुई। उसमें हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा और



अशोक चक्रधर भी मौजूद थे। हास्य कलाकार के भाई दीपू श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे श्रीवास्तव का हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे आयुष्मान ने उन्हें मुखाग्नि दी। उन्होंने कहा, हम सुबह करीब नौ बजे द्वारका से निकले थे। कानपुर और लखनऊ से हमारे परिवार वाले यहां पहुंच गए हैं। हास्य कलाकार सुनील पाल, एहसान कुरैशी, निर्देशक मधुर भंडारकर और गायक राम शंकर सहित सैकड़ों प्रशंसक श्रीवास्तव को अंतिम विदाई देने पहुंचे। दीपू ने कहा, राजू भाई को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके इतने सारे प्रशंसकों व सहयोगियों को यहां आते देखकर दिल को काफी तसल्ली मिली। उन्होंने बताया कि परिवार ने प्रार्थना सभा के लिए जगह अभी तय नहीं की है।

### सेंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने पुरी बीच पर दी राजू को श्रद्धांजलि

**उड़ीसा** के एक फेमस आर्टिस्ट ने भी राजू को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने पुरी बीच पर आज राजू श्रीवास्तव के चित्र वाली कलाकृति बनाई। अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, हंसाते-हंसाते रुला दिया। आप लाखों फैंस के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। राजू के पार्थिव शरीर को कल द्वारका के पास दशरथपुरी ले जाया गया था। उनके छोटे भाई दीपू श्रीवास्तव और बड़े भाई सीपी श्रीवास्तव कल शाम दिल्ली पहुंच गए थे। राजू के फैमिली मेंबर ने बताया कि सुबह उनका बीपी एकदम लो हो गया, जिसके बाद उन्हें सीपीआर दिया गया लेकिन फिर उन्होंने रिस्पॉन्ड नहीं किया। परिजनों ने ये भी बताया कि राजू की तबीयत में सुधार हो रहा था और उनका वेंटिलेटर 2-3 दिन में हटाया जाना था।

### पत्नी शिखा ने राजू को असली फाइटर कहा

**राजू** के निधन के बाद उनकी पत्नी शिखा श्रीवास्तव का बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि राजू ने बहुत हिम्मत से लड़ाई लड़ी। मुझे उम्मीद थी कि वो ठीक हो जाएंगे, मैं उनके जल्दी स्वस्थ होने की दुआ कर रही थी। मगर ऐसा नहीं हुआ। वो एक असली फाइटर थे, जो आखिरी समय तक लड़े।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष छह माह को जिला बदर

एजेंसी। सुल्तानपुर

**उत्तर प्रदेश** के सुलतानपुर जिले में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अवधेश पांडे के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें छह महीने के लिए जिला बदर कर दिया गया है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट मनोज कुमार पांडेय ने बृहस्पतिवार को बताया कि अवधेश पांडे को आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के चलते छह महीने के लिए जिला बदर किया गया है और इस अवधि में उन्हें सुल्तानपुर की सीमा में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। पांडेय के मुताबिक, जिला प्रशासन ने स्थानीय पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्वाई की है। उन्होंने बताया कि जिला बदर किए जाने की अवधि में अवधेश पांडे को अपने

### 50 हजार का मुचलका भी जमा करना होगा

निवास की जानकारी संबंधित थाने में देनी होगी और 50 हजार रुपये का मुचलका भी जमा करना होगा।

पांडेय के अनुसार, अवधेश पांडे के खिलाफ गोसाईगंज थाने में हत्या के प्रयास, मारपीट और बलवा समेत विभिन्न आरोपों में कुल आठ मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि जिले के गोसाईंगंज क्षेत्र के पांडेयपुर सुरौली गांव निवासी अवधेश पांडे के खिलाफ पूर्व में भी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद तिवारी से इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने स्वीकार किया कि अवधेश पांडे मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैं।

# ठेकेदार सुंदर यादव की लग्जरी गाड़ियां जब्त

**दीवार गिरने का मामला**

## प्राधिकरण के दो एसीईओ और ओएसडी ने घटना स्थल पर पहुंचकर जुटाए तथ्य

- आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस की चार टीमें

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा में दीवार गिरने और चार लोगों की मौत के मामले में प्राधिकरण ने जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार को दोपहर को नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ मानवेंद्र सिंह, एसीईओ प्रवीण मिश्रा और ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह सर्किल-2 के जेई शेखर को लेकर घटना स्थल पहुंचे। यहीं दो दिन पहले दीवार गिरने से मजदूरों की मौत हुई थी।

इस दौरान अधिकारियों ने दीवार की मजबूती देखी और घटना स्थल पर जेई से सवाल जवाब भी किए। घटना का पूरा विवरण भी लिया गया। बता दे घटना के कुछ देर बाद ही एसीईओ सीईओ ऋतु माहेश्वरी के साथ यहां आए थे। सीईओ ने इस मामले में एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई है। जिनको 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट देनी है।



जांच के लिए पहुंचे सीईओ मानवेंद्र , प्रवीण मिश्रा और ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह।

थर्ड पार्टी तकनीकी संस्था फ ॉरट्रेस इंफ्राकॉन लिमिटेड इनका सहयोग करेगी। सूत्रों ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। पहले दिन जांच में एसीईओ की ओर टेंडर संबंधित दस्तावेज और जानकारी ली गई।

जिसमें कंपनी का बैकग्राउंड, काम करने का तरीका और किन-किन अधिकारियों की क्या जिम्मेदारी थी, इसके बारे में जानकारी ली गई। दो से तीन दिन में एसीईओ की अध्यक्षता वाली ये टीम साइट विजिट करेगी। चार मजदूरों के मौत के मामले में मुख्य आरोपी ठेकेदार सुंदर यादव अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

पुलिस का दावा है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सुंदर यादव की लग्जरी गाड़ियों को जब्त किया है। इसमें एक कार गाजियाबाद और दूसरी नोएडा से रजिस्टर्ड है। लेकिन दोनों के नंबर वीआईपी श्रेणी के है। दोनों गाड़ियों को उसके निवास से उठाकर पुलिस कोतवाली सेक्टर.20 ले आई है। वहीं परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की चार टीम लगी हुई है। जिन्होंने नोएडा, गाजियाबाद और आसपास के जनपदों में छापेमारी की है।

# जेएनयू की कुलपति ने यूजीसी अध्यक्ष से की मुलाकात की

सबहेड : अनुदान सहित विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**जवाहर** लाल नेहरू विश्वविद्यालय की कुलपति शांतिश्री डी. पंडित ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार से मुलाकात कर अनुदान जारी करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। विश्वविद्यालय ने कहा कि जेएनयू से जुड़े कई लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए बैठक मंगलवार को हुई। इस बीच यूजीसी के अध्यक्ष ने जेएनयू के लंबित मामलों में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आश्वासन दिया।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के अनुसार कुलपति शांतिश्री डी. पंडित ने रजिस्ट्रार के साथ यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार से गत दिनों मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संकाय, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय के छात्रों समेत विभिन्न मामलों पर चर्चा हुई।

इस दौरान कैस (कैरियर एडवांसमेंट स्कीम) आवेदन के लिए आखिरी तिथि की समयसीमा को बढ़ाने, विभिन्न छात्रवृत्ति अनुदान की अवधि, पीएचडी के लिए संकाय की पांच गैर चक्रवृद्धि वेतन वृद्धि, पेंशन के लाभों को जारी करने के संबंध में लंबे समय से लंबित मामले, तथा अनुदानों को जारी करने समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय ने कहा, अध्यक्ष ने जेएनयू के लंबित मामलों पर जल्द से जल्द सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया है।

# 26 को लॉन्च होगी प्राधिकरण की वाणिज्यिक भूखंड योजना

- ग्रेटर नोएडा में शीघ्र ही 11 कॉम्प्लेक्स और बन सकेंगे

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**ग्रेटर** नोएडा प्राधिकरण की चार एफ एआर की अनुमति वाले 11 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना आगामी 26 सितंबर को लॉन्च हो जाएगी। अगर ये सभी भूखंड आवंटित हो गए तो ग्रेटर नोएडा में शीघ्र ही 11 कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और बन सकेंगे। ग्रेटर नोएडावासियों को रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने में और सुविधा हो जाएगी।




वाणिज्यिक भूखंड योजना लॉन्च करने से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने बिल्डरों की संस्था क्रेडाई व अन्य वाणिज्यिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बृहस्पतिवार को बैठक की। सीईओ ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीईओ ने बताया कि इन भूखंडों पर एफ एआर फ्लोर एरिया रेश्यो चार है। आवंटी कुल ग्राउंड कवरेज का 400 फ ीसदी निर्माण कर सकता है। प्लॉट के 40 फ ीसदी एरिया पर ग्राउंड कवरेज की अनुमति है। ग्रेटर नोएडा में अब हाईराइज कॉमर्शियल इमारतें बन सकेंगी। ऑक्शन के जरिए भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। आवेदन से लेकर आवंटन तक की सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। एसबीआई पोर्टल के जरिए आवेदन किया जाएगा।

आवेदन के समय बतौर पंजीकरण राशि भूखंड की कुल कीमत का 10 फीसदी देना होगा। शेष धनराशि आवंटन से 90 दिनों में करना होगा। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र व अमनदीप डुली, वाणिज्यिक विभाग के ओएसडी संतोष कुमार, जीएम वित्त विनोद कुमार, प्रभारी जीएम सलिल यादव के अलावा क्रेडाई की तरफ से मनोज गौड़, राकेश सिंघल, अनिल कुमार, प्रेम मिश्र, आशुतोष गुप्त, राजीव जैन, दीपक अरोड़ा, हर्षित अग्रवाल, एस राघव, निखिल हवेलिया, आशीष अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, एलएन झा, संजय शर्मा, अमित जैन, अमित मोदी, अंकुर मिततल, मनोज गर्ग, रिषभ जैन, बृजेश कुमार, कुनाल भल्ला, राजेश जैन, संदीप बत्रा, किशोर कुमार आदि मौजूद रहे। अल्फा टू कॉमशियल बेल्ट और ईकोटेक-12 स्थित भूखंड के रिजर्व प्राइस में कुल कीमत का 10 प्रतिशत मेट्रो लोकेशन चार्ज भी शामिल हैं। सभी भूखंडों का रिजर्व प्राइस रुपये प्रति वर्गमीटर में है।

# गाजियाबाद में बीच सड़क पर भिड़े छात्र, तभी कार ने मारी टक्कर

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के हाईटेक कॉलेज के बाहर बुधवार को दो छात्र गुटों में झगड़ा हो गया। सड़क पर ही जमकर लात.घूसे चले। इसी दौरान एक कार ने आपस में लड़ रहे छात्रों को टक्कर मार दी। इससे छात्र हवा में उछल कर सड़क पर गिर गए। इसका वीडियो सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि बीच सड़क पर बड़ी संख्या में छात्र आपस में लड़ रहे हैं। एक तेज रफ्तार कार आती है और दो छात्रों को टक्कर मार देती है। दोनों छात्र हवा में उछल कर सड़क पर गिर जाते हैं। गाड़ी का अगला शीशा भी टूट जाता है। बताया जा रहा है कि हाईटेक कॉलेज के बाहर बुधवार को जिन दो गुटों में लड़ाई हुई। उसमें कुछ वर्तमान और कुछ पास आउट छात्र थे।

# हाई कोर्ट से श्रीकांत त्यागी को मिली जमानत

- 44 दिन से जेल में बंद है कथित भाजपा नेता

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

श्रीकांत त्यागी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। गैंगस्टर के मामले में श्रीकांत त्यागी को जमानत मिली है। गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय में गैंगस्टर की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। जिसके बाद श्रीकांत ने हाई कोर्ट में जमानत याचिका डाली। जिस पर हाई कोर्ट से जमानत मिल गई। अब बहुत ही जल्द श्रीकांत त्यागी जेल से बाहर आ सकते है।

श्रीकांत त्यागी 9 अगस्त से जेल में बंद है। बीते 5 अगस्त को श्रीकांत त्यागी ने महिला के साथ अभद्रता की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।



फाइल फोटो

जिसके बाद यह मामला हाईलाइट हो गया था। जेल जाने के करीब 44 दिन बाद श्रीकांत को जमानत मिली है।

अन्य मामलों में श्रीकांत को जिला न्यायालय से पहले ही जमानत मिल चुकी है। श्रीकांत त्यागी ने नोएडा के सेक्टर-93बी में स्थित ग्रैंड ओमेक्स हाउसिंग सोसाइटी में बालकनी को कवर किया गया था और बालकनी के आसपास काफी संख्या में पेड़-पौधे लगाए हुए थे।

बीते 5 अगस्त को सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने वहां से एक पौधा उखाड़ दिया था। जिसके बाद श्रीकांत त्यागी मौके पर आ गया और महिला से पेड़ उखाड़ने वाली बात पर उलझ गया।

इसी दौरान महिला ने कहा कि उसने अवैध कब्जा किया हुआ है। इसी बात को लेकर श्रीकांत त्यागी और महिला के बीच नोकझोंक बढ़ गई। श्रीकांत ने महिला के साथ बदसलूकी करते हुए धक्का दे दिया था। इस दौरान उसने महिला को गाली भी दी थी।

वायरल श्रीकांत ने महिला से गाली गलौज की। इसका वीडियो वहां मौजूद कुछ लोगों ने बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर श्रीकांत के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और श्रीकांत को 9 अगस्त को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया गया।

# झूठी शान के चलते भतीजी के प्रेमी का गला काटा

- शराब पिलाकर दी दिया वारदात को अंजाम आरोपी चाचा गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**गौतमबुद्ध** नगर जिले के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के कुलेसरा गांव में रहने वाले एक युवक (21) की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव को बरामद कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक और आरोपी की भतीजी के बीच प्रेम प्रसंग थे, लेकिन दोनों की शादी नहीं हो पा रही थी, जिससे आक्रोशित आरोपी ने अपनी भतीजी के प्रेमी की हत्या कर दी।



पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि कुलेसरा गांव की संजय विहार कॉलोनी में रहने वाले अतुल के उसके पड़ोस में रहने वाली 18 वर्षीय युवती से प्रेम संबंध थे। कुमार के अनुसार, जाति अलग होने और अन्य कारणों से दोनों का विवाह नहीं हो पा रहा था। युवती के चाचा अनिल ने अतुल को 19 सितंबर की रात को अपने पास बुलाया और उसे कुलेसरा गांव के ठेके के पास लेकर गया, जहां दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। कुमार के मुताबिक, इसके बाद अनिल ने अतुल की गर्दन पर ब्लेड से वार कर दिया और उसकी हत्या कर दी। जब अतुल अपने घर नहीं पहुंचा तो उसके चाचा ने ईकोटेक-3 थाने में अनिल को नामित करते हुए अपने भतीजे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# डॉक्टरों ने निकाली नवजात की गर्दन से बड़ी गांठ

नोएडा। नोएडा के एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने गर्दन में ब्रेन फ्लुईड से भरी एक गांठ सर्वाइकल मे निंगोमाइलोसील जैसी दुर्लभ कंडीशन से जूझ रहे नवजात का सफलतापूर्वक इलाज किया। तुरंत सर्जरी कर नहीं निकालने पर इस गांठ के फटने का जोखिम बहुत अधिक था।

डॉ राहुल गुप्ता के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम ने इस नवजात का ऑपरेशन किया जो 3 घंटे तक चली सर्जरी के बाद सूजी हुई गांठ को गर्दन से निकाल दिया। सर्जरी के बारे में डॉ गुप्ता ने बताया यह बहुत दुर्लभ कंडीशन होती है और इसकी सर्जरी करना भी बहुत मुश्किल होता है।

# बुजुर्ग से 11 करोड़ रुपये की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**वाणिज्यिक** आवासीय परियोजना में निवेश का झांसा देकर बुजुर्ग से करोड़ों की ठगी करने वाले को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तरी दिल्ली के रोहिणी निवासी नितिन जैन के रूप में हुई है।

विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव के अनुसार, कालकाजी के निवासी की शिकायत के बाद आर्थिक अपराध शाखा ने इस संबंध में मामला दर्ज किया। शिकायत करने वाले ने आरोप लगाया था कि उन्होंने कथित ट्रिनिटी और महेश्वर परियोजनाओं में निवेश किया था, जिसे रहेजा डेवलपर्स लिमिटेड द्वारा गुरुग्राम सेक्टर -84 में बनवाया जाना था। बुर्जुग ने रहेजा डेवलपर्स को ट्रिनिटी परियोजना के लिए चेक के जरिए 75,20,000 रुपए का भुगतान किया था और जैन को अतिरिक्त 6,91,83,150 रुपए का भुगतान भी किया। जांच के दौरान पुलिस ने बुर्जुग द्वारा मुहैया कराए गए दस्तावेजों पर गौर किया और बैंक के लेन-देन से जुड़ी जानकारी भी हासिल की।

# नोएडा प्राधिकरण बनाएगा ढांचागत ऑडिट नीति

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ढांचा ऑडिट नीति बनाने जा रहा है। प्रदेश की पहली ऑडिट नीति होगी। इसे हरियाणा में लागू स्ट्रक्चरल पॉलिसी की तर्ज पर बनाया जा रहा है। प्राधिकरण के एसीईओ और प्लानिंग सेक्शन इस पर काम कर रहे हैं। इस पॉलिसी को आगामी बोर्ड में रखा जाएगा। इसके तहत शहर में ऊंची इमारतों का स्ट्रक्चरल ऑडिट किया जाएगा।

ऑडिट का खर्चा सोसाइटी आपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन एओए को देना होगा। शहर में 400 सोसाइटी हैं। इसमें 18 निर्माणाधीन हैं। इन सोसाइटी में करीब 70 हजार फ्लैट बने हैं, जिनमें 2.5 लाख लोग रहते हैं। करीब 35 हजार फ्लैट बन रहे हैं। गुरुग्राम में हुए हादसे के बाद वहां अप्रैल 2022 में स्ट्रक्चरल ऑडिट पालिसी को लागू किया गया था। वहां हाइराइज इमारतों की सेफ्टी के लिए इसे बनाया गया। इसी तरह नोएडा भी ऑडिट नीति बना रहा है। ये काम प्राधिकरण के एसीईओ के अंडर किया जा रहा है। बिल्डर प्रोजेक्ट निर्माण के बाद प्राधिकरण में कंपलीशन सर्टिफि केट सीसी के लिए अप्लाई करता है। इसके लिए उसे इमारत की ऑडिट नीति लगानी होती है।

# डीडीएमए बैठक : बूस्टर डोज लगवा कोविड-19 को दें मात

- मुख्यमंत्री ने की अपील, त्योहारी मौसम में अपने परिवार को संक्रमण से रखें सुरक्षित, कोरोना वायरस से बचने के लिए सभी एहतियात बरतें

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**कोरोना** वायरस की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। इसे देखते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की गुरुवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने पर लगने वाले 500 रुपये के जुर्माने को समाप्त कर सकता है।

साथ ही कोविड-19 के मामलों में लगातार हो रही कमी के मद्देनजर अस्पतालों में तैनात कर्मचारियों तथा उपकरणों को भी चरणबद्ध तरीके से कम किया जाएगा। इस आशय के संकेत डीडीएमए की बैठक में मिले। बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए।

बैठक में कोविड-19 के हालात पर चर्चा की गई। साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने के लिए अस्पतालों को दिए गए संसाधनों की समीक्षा भी हुई।सूत्रों ने बताया कि बैठक में आइएलआइ-एसएआरआइ मामलों की निगरानी बढ़ाने का फैसला लिया गया ताकि शुरुआती चेतावनी का पता चल सके। वहीं एहतियाती टीके की खुराक लगवाने को मौजूदा 24 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 40-50 प्रतिशत करने पर भी सहमति बनी।



एलजी वी.के सक्सेना



सीएम अरविंद केजरीवाल

स्वास्थ्य विभाग (किसी भी आपदा से निपटने के लिए) कार्य योजना तैयार करेगा। बैठक में जीनोम सीक्वेंसिंग के आंकड़ों के विश्लेषण पर भी जोर दिया गया ताकि मामलों की संख्या में वृद्धि या किसी नये स्वरूप के सामने आने पर पता चल सके। वहीं विशेषज्ञ सदस्यों ने जोर दिया कि अभी ढीला नहीं पड़ना चाहिए। वहीं मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली वालों से कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराक जरूर लेने की अपील की है। त्योहारों के मौसम में अपने परिवार को कोरोना से सुरक्षित रखें।

कोरोना से बचने के लिए सभी एहतियात बरतें। इससे पहले डीडीएमए की बैठक पांच महीने पहले अप्रैल में हुई थी। उस बैठक में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया था और इसका उल्लंघन करने वालों पर 500 रुपये जुर्माने का प्रविधान किया था।

## इराक से आए छह महीने के बच्चे के दिल का ऑपरेशन सफल

**नई दिल्ली।** इराक से आए छह महीने के बच्चे के दिल में कई छेद थे, जिनका यहां के निजी अस्पताल में सफल ऑपरेशन किया गया। बच्चा गंभीर रूप से कुपोषित था। डॉक्टरों ने बताया कि उत्तर भारत में यह अपनी तरह का यह पहला ऑपरेशन था।

डॉक्टरों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बच्चा दुर्लभ जन्मजात दिल की बीमारी से ग्रसित था जिसने उसके फेंफड़ों और गुर्दे को गंभीर नुकसान पहुंचाया था। बच्चा डबल आउटलेट राइट वेंट्रीकल (डीओआरवी) से पीड़ित था, साथ वह वेंट्रीकुलर सेप्टल डिफेक्ट (वीएसडी) (दिल में छेद) और इंटेरप्टेड एओर्टिक आर्क (आईएए) (बाईं धमनी का ठीक से विकसित नहीं होना) से भी ग्रसित था। डीओआरवी एक जन्मजात बीमारी है जिसमें हृदय की दो प्रमुख धमनियां फुफ्फुसीय धमनी और बाईं धमनी, दोनों दाईं धमनी से जुड़ी रहती हैं। यह हर एक लाख बच्चों में से करीब 4-8 बच्चों में होता है। डीओआरवी के साथ आईएए एक दुर्लभ घटना है। अस्पताल ने कहा कि मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत के डॉक्टरों ने बच्चे की जान बचाने के लिए सर्जरी और इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी प्रक्रिया का इस्तेमाल किया।

# स्कूलों में अज्ञात शिक्षक घोटाले की जांच के आदेश

- एलजी कार्यालय ने मुख्य सचिव, शिक्षा निदेशक से सभी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति और वेतन संबंधी जानकारी मांगी

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**उपराज्यपाल** और दिल्ली सरकार में तनातनी कम नहीं हो रही है। ताजा मामले में एलजी विनय कुमार सक्सेना ने आम आदमी पार्टी की सरकार के स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में अनियमितताओं और अज्ञात शिक्षकों के वेतन भुगतान में धन के गबन के आरोपों की विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव शिक्षा निदेशक को रिपोर्ट देने के लिए कहा है कि वह अपने स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति, उपस्थिति और वेतन से संबंधित जानकारियां एक महीने में मुहैया कराएं। उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव को भेजे गए नोट में कहा, उपराज्यपाल ने पाया है कि फर्जी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति और धन गबन के मामले गंभीर चिंता का विषय हैं और यह प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्या, लेखा कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हो सकता।

उपराज्यपाल सक्सेना ने हाल में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) को सरकार के एक स्कूल के चार उप-प्रधानाचार्यों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की अनुमति दी थी। इन पर फर्जी अतिथि शिक्षकों के माध्यम से कथित धन घोटाले का आरोप है। इससे पहले उपराज्यपाल ने एसीबी को सरकार में गेस्ट टीचर्स के नाम पर फर्जी तरीके से वेतन लेने के लिए 4 सेवारत और सेवानिवृत्त उप प्रधानाचार्यों के खिलाफ जांच करने की अनुमति दी थी।

ये मामला सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानसरोवर पार्क का है। यह मामला तीन लोगों को 4 लाख 21 हजार रुपए बतौर वेतन देने का है। जिसकी शुरुआती जांच में ये पता चला कि जिस स्कूल के चार अज्ञात शिक्षकों के नाम पर वेतन दिया गया, उनकी नियुक्ति मानसरोवर पार्क स्थित स्कूल में है ही नहीं।

# संक्षिप्त समाचार

## ग्रेटर नोएडा में फिर चला बुलडोजर



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह की पहल पर गठित अतिक्रमण उन्मूलन दस्ते का असर दिखने लगा है। प्राधिकरण ने दो जगहों पर कार्रवाई की है। एक तरफ सुनपुरा में 35 हजार वर्गमीटर जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को ढहाया, जिसकी कीमत करीब 70 करोड़ रुपये आंकी गई है। दूसरी तरफ ईकोटेक 10 व 11 के बीच आवाजाही के लिए बने संपर्क मार्ग पर अवैध कब्जे को भी स्थानीय पुलिस की मदद से हटा दिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने अधिसूचित एरिया में हो रहे अवैध कब्जे को रोकने और अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए अतिक्रमण उन्मूलन दस्ते का गठन किया है। इस दस्ते में प्राधिकरण ने अपने खर्च पर आर्मी के सेवानिवृत्त जवानों की तैनाती की है।

## बदमाशों ने की दुकानदार से लूट

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में जिया फोटोग्राफर नाम से दुकान चलाने वाले रोहित के साथ दुकान में घुसकर लूट की घटना का मामला सामने आया है। दुकान संचालक का कहना है कि एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों में से एक बाहर खडा रहा जबकि दो उसकी दुकान में अंदर घुसे जिन्होंने उसे फोटो खिचवाने के लिए कहा अंदर जाने पर अंदर घुसे युवकों ने रोहित को अंदर बांध कर उसके दो हजार रुपये व एक कैमरा लेकर फरार हो गए। घटना के कुछ देर बाद पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को इंद्रापुरी पुलिस चौकी पर जाकर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

## घरोंदा बाल संरक्षण केंद्र से दो बच्चे लापता

**गाजियाबाद।** कविनेगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हापुड़ रोड गोविंदपुरम कॉलोनी के निकट स्थित घरोंदा के नाम से चलाये जा रहे बाल संरक्षण केंद्र के संचालक व प्रबंधक की लापरवाही उस समय उजागर हो गई कि जब इस बाल आश्रम में रहने वाले दो अबोध बच्चे सुबह सवा सात बजे के आस.पास रहस्यमय हालात में लापता हो गये। पुलिस को दी गई तहरीर में घरोंदा एनजीओ के संस्थापक ओंकार सिंह व क्रेद अधीक्षक अंजू सिंह ने पुलिस को बताया कि दोनों बच्चे सुबह के समय इमारत की दिवार कूदकर भाग ये है। इस संदर्भ में एसएचओ थाना कविनगर अमित सिंह का कहना है कि पुलिस ने सूचना मिलते ही रिपोर्ट दर्ज करके दोनों बच्चों की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

## सड़क पर बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 में सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले एक अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में आज मौत हो गई है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 के पास एक 60 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति पुलिस को सड़क पर गंभीर हालत में मिले थे। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मानसिक तनाव के चलते की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर.15 के ई. ब्लॉक में रहने वाले एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना फेस वन के प्रभारी निरीक्षक विरेशपाल गिरी ने बताया कि सेक्टर 15 के ई. ब्लॉक में रहने वाले सत्या 45 वर्ष नामक व्यक्ति ने आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि मृतक ने एक सुसाइड नोट लिखा है। पुलिस उसके आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## बिकने की कगार पर जीआईपी मॉल

**नोएडा।** नोएडा का सबसे प्रतिष्ठित द ग्रेट इंडिया प्लेस यानी जीआईपी मॉल बिकने जा रहा है। एक समय इसे देश का सबसे बड़ा मॉल कहा जाता था। यहां बड़ी संख्या में लोग शॉपिंग करने और घूमने आते हैं। इस मॉल में वंडर्स ऑफ वंडर के साथ मनोरंजन पार्क भी शामिल हैं। द ग्रेट इंडिया प्लेस को अप्पू घर ग्रुप और द यूनिटेक ग्रुप ने डेवलेप किया था। इसका रख.रखाव एंटरटेनमेंट सिटी लिमिटेड कर रहा है। यह नोएडा सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन से सटे सेक्टर 38-ए में है। मॉल को 2 हजार करोड़ रुपए में बेचने की बात चल रही है। हालांकि, अभी तक इसकी आधकारिक पुष्टी नहीं की गई है। ये मॉल करीब 147 एकड़ में बनाया गया है। 1.7 मिलियन वर्ग फुट एरिया में डेवेलप है। बाकी एरिया अभी भी खाली है। खरीदार इसका इस्तेमाल कॉमर्शियल बिल्डिंग को बनाने में भी कर सकता है। दरअसल जब मॉल बिकेगा, तो इसका ट्रांसफ र ऑफ मेमोरेंडम किया जाएगा।

## मौलाना आजाद कॉलेज से पढ़कर निकले 484 डॉक्टर



छात्रा को डिग्री प्रदान करते एलजी वी.के सक्सेना

**नई दिल्ली।** मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और स्नातकोत्तर के करीब 484 डॉक्टर पढ़कर निकले। वर्ष 2020 में उत्तीर्ण हुए लगभग 236 एमबीबीएस और पिछले साल पाठ्यक्रम पूरा करने वाले 248 छात्रों को समारोह में डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा वर्ष 2020-21 बैच के कुल 356 स्नातकोत्तर छात्रों को भी डिग्री प्रदान की गई। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने यहां मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) के छात्रों को डिग्री प्रदान की। इस मौके पर उपराज्यपाल ने कहा कि शिक्षण और प्रशिक्षण के साथ-साथ किसी भी चिकित्सा संस्थान के लिए अनुसंधान को प्रोत्साहित करना एक महत्वपूर्ण कार्य होना चाहिए। उन्होंने मानव विकास के लिए बुनियादी अनुसंधान के महत्व को रेखांकित किया।

## ऑनलाइन निवेश का लालच देकर ठगने वाले दो धरे

**नई दिल्ली।** फर्जी ऑनलाइन निवेश के संदेश भेजकर लोगों से लाखों रुपए ठगने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लोगों को आकर्षक योजनाओं में निवेश करने का झांसा देकर उन्हें फर्जी लिंक के संदेश भेजते थे। इन लोगों की पहचान पीतमपुरा निवासी पुनीत कुमार और कराला के रोहित कुमार के रूप में की गई है। पीड़ित ने कहा था कि उसे सोशल मीडिया पर एक अज्ञात प्रोफाइल से, घर बैठे काम करने संबंधी एक संदेश मिला। कहा गया कि वह एक ई-वाणिज्य परियोजना में काम करती है और शिकायतकर्ता को पैसे कमाने के लिए एक लिंक पर जाकर पंजीकरण करवाना होगा। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने पंजीकरण करवाने के बाद उस लिंक पर दिए गए टास्क को पूरा करना शुरू कर दिया जिससे उसे 4,35,000 रुपए की चपत लग गई।

# हमेशा अनिष्टकारी ही नहीं होता कालसर्प योग




**ज्योतिष** की परिभाषा में कालसर्प दो शब्दों से मिलकर बना है-काल और सर्प। जब सूर्यादि सातों ग्रह राहु (सर्प मुख) और केतु (सर्प की पूंछ) के मध्य आ जाते हैं तो कालसर्प योग बन जाता है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि जिसकी कुंडली में यह योग होता है उसके जीवन में काफी उतार-चढ़ाव और संघर्ष आता है। इस योग को अशुभ माना गया है। कुंडली में कालसर्प योग के अतिरिक्त सकारात्मक ग्रह अधिक हों तो व्यक्ति उच्च पदाधिकारी भी बनता है, परन्तु एक दिन उसे संघर्ष अवश्य करना पड़ता है। यदि नकारात्मक ग्रह अधिक बली हों तो जातक को बहुत अधिक संघर्ष करना पड़ता है। यदि आपकी कुंडली में कालसर्प दोष है तो घबराएं नहीं, इसके उपाय आसानी से किये जा सकते हैं और इससे होने वाले कष्टों से निजात पाया जा सकता है।

## कालसर्प दोष के लक्षण

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि रोजगार में दिक्कत या फिर रोजगार हो तो बरकत न होना। बाल्यकाल में किसी भी प्रकार की बाधा का उत्पन्न होना। अर्थात घटना-दुर्घटना, चोट लगना, बीमारी आदि का होना। विद्या अध्ययन में रुकावट होना या पढ़ाई बीच में ही छूट जाना। पढ़ाई में मन नहीं लगना या फिर ऐसी कोई आर्थिक अथवा शारीरिक बाधा जिससे अध्ययन में व्यवधान उत्पन्न हो जाए। घर-परिवार मांगलिक कार्यों के दौरान बाधा उत्पन्न होना। आए दिन घटना-दुर्घटनाएं होते रहना। घर में कोई सदस्य यदि लंबे समय से बीमार हो और वह स्वस्थ नहीं हो पा रहा हो साथ ही बीमारी का कारण पता नहीं चल रहा है। यदि परिवार में किसी का गर्भपात या अकाल मृत्यु हुई है तो यह भी कालसर्प दोष का लक्षण है। एक अन्य लक्षण कालसर्प दोष है संतान का न होना और यदि संतान हो भी जाए तो उसकी प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है। घर के किसी सदस्य पर प्रेतबाधा का प्रकोप रहना या पूरे दिन दिमाग में चिड़चिड़ापन रहना। इस दोष के चलते घर की महिलाओं को कुछ न कुछ समस्याएं उत्पन्न होती रहती हैं। विवाह में विलंब भी कालसर्प दोष का ही एक लक्षण है। यदि ऐसी स्थिति दिखाई दे तो निश्चित ही किसी विद्वान ज्योतिषी से संपर्क करना चाहिए। इसके साथ ही इस दोष के चलते वैवाहिक जीवन में तनाव और विवाह के बाद तलाक की स्थिति भी पैदा हो जाती है। रोज घर में कलह का होना। पारिवारिक एकता खत्म हो जाना। परिजन तथा सहयोगी से धोखा खाना, खासकर ऐसे व्यक्ति जिनका आपने कभी भला किया हो।

## ग्रह स्थितियों अनुसार कालसर्प दोष की पहचान

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि जब लग्न मेष, वृष या कर्क हो तथा राहु की स्थिति 1, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 11 या 12वें भाव में हो। तब उस स्थिति में जातक स्त्री, पुत्र, धन-धान्य व अच्छे स्वास्थ्य का सुख प्राप्त करता है। जब राहु छठे भाव में अवस्थित हो तथा बृहस्पति केंद्र में हो तब जातक का जीवन खुशहाल व्यतीत होता है। जब राहु व चंद्रमा की युति केंद्र (1, 4, 7, 10वें भाव) या त्रिकोण में हो तब जातक के जीवन में सुख-समृद्धि की सारी सुविधाएं उपलब्ध हो जाती हैं। जब राहु के साथ बृहस्पति की युति हो तब जातक को तरह-तरह के अनिष्टों का सामना करना पड़ता है। जब राहु की मंगल से युति यानी अंगारक योग हो तब संबंधित जातक को भारी कष्ट का सामना करना पड़ता है। जब राहु के साथ सूर्य या चंद्रमा की युति हो तब भी जातक पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, शारीरिक व आर्थिक परेशानियां बढ़ती हैं।

जब कालसर्प योग में राहु के साथ शुक्र की युति हो तो जातक को संतान संबंधी ग्रह बाधा होती है। जब लग्न व लग्नेश पीड़ित हो, तब भी जातक शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान रहता है। चंद्रमा से द्वितीय व द्वादश भाव में कोई ग्रह न हो। यानी केंद्रुम योग हो और चंद्रमा या लग्न से केंद्र में कोई ग्रह न हो तो जातक को मुख्य रूप से आर्थिक परेशानी होती है। जब राहु के साथ चंद्रमा लग्न में हो और जातक को बात-बात में भ्रम की बीमारी सताती रहती हो, या उसे हमेशा लगता है कि कोई उसे नुकसान पहुंचा सकता है या वह व्यक्ति मानसिक तौर पर पीड़ित रहता है। जब अष्टम भाव में राहु पर मंगल, शनि या सूर्य की दृष्टि हो तब जातक के विवाह में विघ्न, या देरी होती है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि यदि जन्म कुंडली में शनि चतुर्थ भाव में और राहु बारहवें भाव में स्थित हो तो संबंधित जातक बहुत बड़ा धूर्त व कपटी होता है। इसकी वजह से उसे बहुत बड़ी विपत्ति में भी फंसना पड़ जाता है। जब राहु के साथ शनि की युति यानी नंद योग हो तब भी जातक के स्वास्थ्य व संतान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, उसकी कारोबारी परेशानियां बढ़ती हैं। जब राहु की बुध से युति अर्थात जड़त्व योग हो तब भी जातक पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, उसकी आर्थिक व सामाजिक परेशानियां बढ़ती हैं। जब लग्न में राहु-चंद्र हों तथा पंचम, नवम या द्वादश भाव में मंगल या शनि अवस्थित हों तब जातक की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती। उसे प्रेत-पिशाच बाधा से भी पीड़ित होना पड़ सकता है। जब दशम भाव का नवांशेश मंगल/राहु या शनि से युति करे तब संबंधित जातक को हमेशा अग्नि से भय रहता है और अग्नि से सावधान भी रहना चाहिए। जब दशम भाव का नवांश स्वामी राहु या केतु से युक्त हो तब संबंधित जातक मरणांतक कष्ट पाने की प्रबल आशंका बनी रहती है। जब राहु व मंगल के बीच षडाष्टक संबंध हो तब संबंधित जातक को बहुत कष्ट होता है। वैसी स्थिति में तो कष्ट और भी बढ़ जाते हैं जब राहु मंगल से दृष्ट हो। जब लग्न में मेष, वृश्चिक, कर्क या धनु राशि हो और उसमें बृहस्पति व मंगल स्थित हों, राहु की स्थिति पंचम भाव में हो तथा वह मंगल या बुध से युक्त या दृष्ट हो, अथवा राहु पंचम भाव में स्थित हो तो संबंधित जातक की संतान पर कभी न कभी भारी मुसीबत आती ही है, अथवा जातक किसी बड़े संकट या आपराधिक मामले में फंस जाता है। जब दशम भाव में मंगल बली हो तथा किसी अशुभ भाव से युक्त या दृष्ट न हो। तब संबंधित जातक पर प्रतिकून प्रभाव नहीं पड़ता।

जब मंगल की युति चंद्रमा से केंद्र में अपनी राशि या उच्च राशि में हो, अथवा अशुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट न हों। तब कालसर्प योग की सारी परेशानियां कम हो जाती हैं। जब शुक्र दूसरे या 12 वें भाव में अवस्थित हो तब जातक को अनुकूल फल प्राप्त होते हैं। जब बुधादित्य योग हो और बुध अस्त न हो तब जातक को अनुकूल फल प्राप्त होते हैं।जब लग्न व लग्नेश सूर्य व चंद्र कुंडली में बलवान हों साथ ही किसी शुभ भाव में अवस्थित हों और शुभ ग्रहों द्वारा देखे जा रहे हों। तब कालसर्प योग की प्रतिकूलता कम हो जाती है।

जब राहु अदृश्य भावों में स्थित हो तथा दूसरे ग्रह दृश्य भावों में स्थित हों तब संबंधित जातक का कालसर्प योग समृद्धिदायक होता है। जब राहु छठे भाव में तथा बृहस्पति केंद्र या दशम भाव में अवस्थित हो तब जातक के जीवन में धन-धान्य की जरा भी कमी महसूस नहीं होती। जब शुक्र से मालव्य योग बनता हो, यानी शुक्र अपनी राशि में या उच्च राशि में केंद्र में अवस्थित हो और किसी अशुभ ग्रह से युक्त अथवा दृष्ट न हो रहा हो। तब कालसर्प योग का विपरित असर काफी कम हो जाता है। जब शनि अपनी राशि या अपनी उच्च राशि में केंद्र में अवस्थित हो तथा किसी अशुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट न हों। तब काल सर्प योग का असर काफी कम हो जाता है।

## उपाय

- श्रावण मास में 30 दिनों तक महादेव का अभिषेक करें।
- राहु की दशा आने पर अथवा किसी शुभ मुहूर्त में प्रतिदिन एक माला राहु मंत्रा का जाप करें या करवाये और जब जाप की संख्या 18 हजार हो जाये तो राहु की मुख्य समिधा दुर्वा से पूर्णाहुति हवन कराएं।
- किसी गरीब को उड़द व नीले वस्त्रा का दान करें।
- शनिवार औ मंगलवार का व्रत रखें और शनि मंदिर में जाकर भगवान शनिदेव कर पूजन करें व तैलाभिषेक करें, इससे तुरंत कार्य सफलता प्राप्त होती है।
- हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ करें। देवदारु, सरसों तथा लोहवान को उबालकर उस पानी से सवा महीने तक स्नान करें।
- शुभ मुहूर्त में बहते पानी में कोयला तीन बार प्रवाहित करें। विद्यार्थीजन सरस्वती जी के बीज मंत्रों का एक वर्ष तक जाप करें और विधिवत उपासना करें।

## कुंडली में कुलिक कालसर्प योग प्रभाव एवं उपाय

**यह** कालसर्प दोष तब माना जाता है जब राहु लगन से दूसरे भाव में और केतु लगन से आठवें भाव में होता है और बाकी के ग्रह या तो दूसरे भाव से अष्टम भाव तक होते है या फिर अष्टम से दूसरे भाव तक होते हैं, इस योग में जातक को सब कुछ होते हुये भी कुछ समझ में नहीं आता है, वह दुविधा में अपने को फंसाकर अपने किये जाने वाले कामों के अन्दर ही शंकाओं में घिरा रहता है, जातक को या तो शराब आदि तामसी चीजों के द्वारा अपने को ग्रसित रखता है अथवा किसी न किसी प्रकार के सांस के अथवा हृदय के रोग पैदा करने के बाद दवाइयों से जुड़ा रखता है। पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि इस प्रकार के जातकों की पहिचान लगातार नशीली चीजें प्रयोग करने के रूप में भी देखा जा सकता है। इस दोष का परिणाम यह भी होता है कि जातक के शरीर के जोड़ अधिकतर टूटते रहते हैं अथवा उनके अन्दर किसी न किसी प्रकार का दोष पैदा हो जाता है और जातक किसी भी कार्य के लिये परेशान होता रहता है, जातक के अन्दर गाली देने और भद्दी बात कहने में कोई अरुचि नहीं होती है वह किसी भी प्रकार से मान या अपमान की चिंता नहीं करता है, वह अपने ही लोगों को लड़ाकर दूर बैठ कर तमाशा देखने का आदी होता है, उसे चुगली करने की आदत होती है और वह किसी न किसी प्रकार से छुपी हुयी बातों को निकाल कर कर्जा दुश्मनी और बीमारी पालने का शौकीन होता है।

ऐसे जातक के पास कभी तो बहुत सा काम होता है, और कभी जातक बिलकुल निठल्ला होता है, जातक की रुचि आलसी होने के कारण आमद कभी अधिक होती है और कभी कम तथा कभी होती ही नहीं है, जातक धन और तामसी कारकों के लिये मानसिक चिंता में रहता है कि किस प्रकार से धन की आवक बिना मेहनत के हो और किस प्रकार से तामसी कारकों की प्राप्ति मुफ्त में मिले। शंकाओं के कारण उसकी अपने छोटे भाई बहिनों से नहीं बनती है, अधिकतर वह उनके ऊपर भूत जैसा हावी होता है, तथा घर के अन्दर विभिन्न कारण पैदा करने के बाद एक प्रकार का डर या टेंसन पैदा किये रहता है, जातक के रिहायसी स्थान पर एक प्रकार की खामोशी रहती है और झूठे और तत्वहीन विचारों से घर के लोग लड़ा करते हैं, अक्सर उनके अन्दर आपस में गाली गलौज और मारपीट आम बात होती है।



पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि इस दोष को दूर करने से पहले जातक को सबसे पहले तामसी कारकों को दूर कर देना चाहिये। मैंने पहले भी बताया है कि राहु खुद अपने काम जातक के जीवन में अच्छे या बुरे नहीं करता है, राहु शंका का रूप है, राहु छिपी हुयी शक्ति का रूप माना जाता है, दूसरे घर में राहु और आठवें घर के केतु का रूप शंका का स्थिर होना नहीं माना जाता है, जैसे एक व्यक्ति के ऊपर शक हो जाये और उस शक का कारण किसी प्रकार से मिल जाये तो वह शक पक्का होता है, लेकिन शक का दायरा बढ़ता जाये और शक किये जाने वाले व्यक्ति की शक में तो बढ़ोत्तरी होती जाये, लेकिन शक का कारण नहीं मिले तो कभी तो लगेगा कि अगला व्यक्ति बहुत भला है और कभी लगेगा कि अगला व्यक्ति बहुत बुरा है, इसी प्रकार का हाल इस काल सर्प योग वाले का होता है। वह कभी भी एक स्थान पर रुकता नहीं है, जिस प्रकार से घड़ी का पेंडुलम लगातार हिलता रहता है उसी प्रकार से व्यक्ति की जिन्दगी होती है, कभी इधर तो कभी उधर, टिकता तभी है या तो वह पागल हो जाये या फिर दुनिया से उठ जाये। इस प्रकार के व्यक्ति की जिन्दगी या तो बहुत अच्छी होती है या बहुत ही बुरी होती है, इस प्रकार के व्यक्ति को गृहस्थी का सुख तो मिलता है लेकिन कुंडली के अन्दर गुरु की हालत के अनुसार ही उसकी सम्पत्ति के बारे में जाना जा सकता है। इस प्रकार के व्यक्ति के लिये सबसे उत्तम समय तभी माना जा सकता है जब गोचर से शनि लगन में आयेगा और गुरु की स्थिति उत्तम होगी। इस प्रकार के कालसर्प वाले व्यक्ति को धन और भौतिक सम्पत्ति की चोरी या ठगी का सबसे अधिक डर रहता है, उसे लोग बड़े आराम से अपने झूठे जाल में लेकर ठग सकते है, अथवा उसको बातों में या किसी अन्य कार्य में उलझाकर चोरी कर सकते हैं। इस प्रकार के कुप्रभाव को रोकने के लिये अथवा कम करने के लिये व्यक्ति बुध और चन्द्र की सहायता ले सकता है इसके लिये वह चांदी जो चन्द्रमा की कारक की गोली (बुध के रूप) में बनवाकर अपने पास हमेशा के लिये रख ले। इस कालसर्प योग को धारण करने वाला अपनी आदतों से लोगों पर अपना हुकुम चलाकर बात करने का आदी होता है, लोग किसी न किसी इल्म के कारण उसकी इज्जत जरूर करते है, उसके जीवन में आशा और निराशा के कारण बनते और बिगडते रहेंगे, कभी तो वह बहुत धनवान मानने लगेगा और कभी अपने को बिलकुल गरीब आदमी मानने लगेगा, इस प्रकार का जातक अपने को परिवर्तन में लगाये रहता है, चाहे वह रहने वाले स्थान के परिवर्तन हो, या कार्य करने वाले परिवर्तन हों, अथवा सोने और स्थाई निवास के परिवर्तन हों, अथवा उसकी आदतों के प्रति परिवर्तन हों। इस कालसर्प के योग वाला स्थान जलवायु और प्राकृतिक बदलाव से कभी घबड़ाता नहीं है वह भारत की जलवायु में जिस प्रकार से रहता उसी प्रकार से वह अमेरिका के न्यूफाउलेंड में भी उसी प्रकार से रह सकता है। व्यक्ति के जीवन में पति या पत्नी के साथ धन की स्थिति उम्र के पच्चीस साल तक बहुत अच्छी रहती है, लेकिन इस भाव में राहु अगर धनु या मीन राशि का हो तो उम्र की बयालीसवीं साल तक वह इन सबसे दुखी ही रहेगा। केतु भी अपना फल उम्र के छब्बीस साल तक तो अच्छा देता रहेगा, लेकिन उसके बाद वह भी दुलत्ती मारने लगेगा। इस कालसर्प योग वाले जातक की कुंडली में शनि अगर मंदा है अथवा नीच का है अथवा किसी प्रकार से त्रिक भाव में है, अस्त है या बक्री है तो जातक पर मुशीबतें लगातार आती रहतीं है, इसकी पहिचान होती है कि हाथ-पैर के नाखून या तो चटकने लगते हैं अथवा कमजोर होकर झड़ने लगते हैं, यही हाल बालों का होता है जातक गंजा होने लगता है, अथवा उसके बाल कमजोर होने लगते है, जातक के पुत्र और पिता भी अपने जीवन को स्थिर नहीं रख पाते हैं, जातक का रूप परिवर्तन भी होता रहता है कभी वह बलवान दिखाई देता है तो कभी वह बेहद कमजोर, कभी वह गोरा हो जाता है तो कभी वह काले रंग का दिखाई देने लगता है, कभी वह बहुत अधिक धार्मिक होता है और कभी वह बिलकुल पापकर्मों पर चलने वाला होता है।



श्राद्ध' का अर्थ है श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए। पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किए गए पदार्थ-दान (हविष्यान्न, तिल, कुश, जल के दान) का नाम ही श्राद्ध है। श्राद्धकर्म पितृऋण चुकाने का सरल व सहज मार्ग है। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितरगण वर्षभर प्रसन्न रहते हैं।

# श्राद्ध में अर्पित सामग्री पितरों को कैसे मिलती है?



**श्रद्धया** दीयते यत् तत् श्राद्धम्।'

'श्राद्ध' का अर्थ है श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए। पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किए गए पदार्थ-दान (हविष्यान्न, तिल, कुश, जल के दान) का नाम ही श्राद्ध है। श्राद्धकर्म पितृऋण चुकाने का सरल व सहज मार्ग है। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितरगण वर्षभर प्रसन्न रहते हैं।

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि श्राद्ध-कर्म से व्यक्ति केवल अपने सगे-सम्बन्धियों को ही नहीं, बल्कि ब्रह्मा से लेकर तृणपर्यन्त सभी प्राणियों व जगत को तृप्त करता है। पितरों की पूजा को साक्षात् विष्णुपूजा ही माना गया है।

## पितरों को कैसे प्राप्त होता है श्राद्ध का भोजन

प्रायः कुछ लोग यह शंका करते हैं कि श्राद्ध में समर्पित की गईं वस्तुएं पितरों को कैसे मिलती हैं? कर्मों की भिन्नता के कारण मरने के बाद गतियां भी भिन्न-भिन्न होती हैं-कोई देवता, कोई पितर, कोई प्रेत, कोई हाथी, कोई चींटी, कोई वृक्ष और कोई तृण बन जाता है। तब मन में यह शंका होती है कि छोटे से पिण्ड से अलग-अलग योनियों में पितरों को तृप्ति कैसे मिलती है? इस शंका का स्कन्दपुराण में बहुत सुन्दर समाधान मिलता है।

एक बार राजा करन्धम ने महायोगी महाकाल से पूछा %मनुष्यों द्वारा पितरों के लिए जो तर्पण या पिण्डदान किया जाता है तो वह जल, पिण्ड आदि तो यहीं रह जाता है फिर पितरों के पास वे वस्तुएं कैसे पहुंचती हैं और कैसे पितरों को तृप्ति होती है?' भगवान महाकाल ने बताया कि-विश्व नियन्ता ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि श्राद्ध की सामग्री उनके अनुरुप होकर पितरों के पास पहुंचती है। इस व्यवस्था के अधिपति हैं अग्निष्वात आदि। पितरों और देवताओं की योनि ऐसी है कि वे दूर से कही हुई बातें सुन लेते हैं, दूर की पूजा ग्रहण कर लेते हैं और दूर से कही गयी स्तुतियों से ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे भूत, भविष्य व वर्तमान सब जानते हैं और सभी जगह पहुंच सकते हैं। पांच तन्मात्राएं, मन, बुद्धि, अहंकार और प्रकृति-इन नौ तत्वों से उनका शरीर बना होता है और इसके भीतर दसवें तत्व के रूप में साक्षात् भगवान पुरुषोत्तम उसमें निवास करते हैं। इसलिए देवता और पितर गन्ध व रसतत्व से तृप्त होते हैं। शब्दतत्व से रहते हैं और स्पर्शतत्व को ग्रहण करते हैं। पवित्रता से ही वे प्रसन्न होते हैं और वर देते हैं।

जैसे मनुष्यों का आहार अन्न है, पशुओं का आहार तृण है, वैसे ही पितरों का आहार अन्न का सार-तत्व (गंध और रस) है। अतः वे अन्न व जल का सारतत्व ही ग्रहण करते हैं। शेष जो स्थूल वस्तु है, वह यहीं रह जाती है।

## किस रूप में पहुंचता है पितरों को आहार?

नाम व गोत्र के उच्चारण के साथ जो अन्न-जल आदि पितरों को दिया जाता है, विश्वेदेव एवं अग्निष्वात (दिव्य पितर) हव्य-कव्य को पितरों तक पहुंचा देते हैं। यदि पितर देवयोनि को प्राप्त हुए हैं तो यहां दिया गया अन्न उन्हें 'अमृत' होकर प्राप्त होता है। यदि गन्धर्व बन गए हैं तो वह अन्न उन्हें भोगों के रूप में प्राप्त होता है। यदि पशुयोनि में हैं तो वह अन्न तृण के रूप में प्राप्त होता है। नागयोनि में वायुरूप से, यक्षयोनि में पानरूप से, राक्षसयोनि में आमिषरूप में, दानवयोनि में मांसरूप में, प्रेतयोनि में रुधिररूप में और मनुष्य बन जाने पर भोगने योग्य तृप्तिकारक पदार्थों के रूप में प्राप्त होता हैं।

जिस प्रकार बछड़ा झुण्ड में अपनी मां को ढूंढ ही लेता है, उसी प्रकार नाम, गोत्र, हृदय की भक्ति एवं देश-काल आदि के सहारे दिए गए पदार्थों को मन्त्र पितरों के पास पहुंचा देते हैं। जीव चाहें सैकड़ों योनियों को भी पार क्यों न कर गया हो, तृप्ति तो उसके पास पहुंच ही जाती है। श्रीराम द्वारा श्राद्ध में आमन्त्रित ब्राह्मणों में सीताजी ने किए राजा दशरथ व पितरों के दर्शन! श्राद्ध में आमन्त्रित ब्राह्मण पितरों के प्रतिनिधिरूप होते हैं। एक बार पुष्कर में श्रीरामजी अपने पिता दशरथजी का श्राद्ध कर रहे थे। रामजी जब ब्राह्मणों को भोजन कराने लगे तो सीताजी वृक्ष की ओट में खड़ी हो गयीं। ब्राह्मण-भोजन के बाद रामजी ने जब सीताजी से इसका कारण पूछा तो वे बोलीं-'मैंने जो आश्चर्य देखा, उसे आपको बताती हूं। आपने जब नाम-गोत्र का उच्चारणकर अपने पिता-दादा आदि का आह्वान किया तो वे यहां ब्राह्मणों के शरीर में छायारूप में सटकर उपस्थित थे। ब्राह्मणों के शरीर में मुझे अपने श्वसुर आदि पितृगण दिखाई दिए फिर भला मैं मर्यादा का उल्लंघन कर वहां कैसे खड़ी रहती, इसलिए मैं ओट में हो गई।

## पितृ दोष निवारण पूजा

श्राद्ध पक्ष की तिथियों में लोग अपने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण करते है, तर्पण का अर्थ होता है कि, हम अपने पितरों को भूले नहीं है और वे हमारे लिए सदैव पूजनीय है! अगर किसी व्यक्ति की कुंडली मे पितृ दोष है तो, ऐसे व्यक्ति को हर क्षेत्र में असफलता ही मिलती है, और ऐसे लोगों को जीवन में अनेक कष्ट भोगने पड़ते हैं, खास कर संतान से सम्बंधित दिक्कतें और धन से सम्बंधित दिक्कतें भी बनी रहती हैं। ऐसी मान्यता है कि जो लोग पितृ पक्ष में पूर्वजों का तर्पण नहीं कराते, उन्हें पितृदोष लगता है इससे मुक्ति पाने का सबसे आसान उपाय पितरों का श्राद्ध कराना है और इसी के साथ अगर आप अपने घर में पितृ दोष निवारण पूजा कराते हैं तो, पितृ दोष से श्रापित जीवन से जल्दी ही मुक्ति मिलती है। इस पूजा को पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन कराने से सभी भी पितरों की आत्मा को शांति मिलती है।

## पितृ दोष निवारण पूजा का प्रभाव

यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में पितृ दोष है तो, उसे पितृ दोष निवारण पूजा करने से अवश्य ही लाभ होगा । पितृ दोष के बुरे प्रभाव को कम करने के लिए ही यह पूजा की जाती है। यह पूजा करने से व्यक्ति के मन में अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ती है और उसे आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। इस पितृ दोष निवारण पूजा के प्रभाव से जीवन की सारी बाधाएं और मुश्किलें दूर होती हैं। संतानहीन जातकों को पितृ दोष निवारण पूजा करने से संतान की प्राप्ति होती है!

गृहस्थ जीवन और कामकाज में आ रही सभी समस्याओं से मुक्ति मिलती है और घर में धन-धान्य और सुख- समृद्धि की प्राप्ति होती है। पितृ दोष की शांति के लिए अपने पितरों को याद करें और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।

## आहुति देने का मंत्र

1- पितृगणाय विद्महे जगत धारिणी धीमहि तन्नो पित्रों प्रचोदयात्।

2- आद्य-भूताय विद्महे सर्व-सेव्याय धीमहि। शिव-शक्ति-स्वरूपेण पितृ-देव प्रचोदयात्।

3- देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च।

## पितृ दोष पूजन सामग्री

अक्षत, (चावल) रोली, जनेऊ, कपूर, शहद, चीनी, हल्दी, गुलाबी कपड़ा, धूप, फूल पान के पत्ते, पूजा सुपारी, हवन सामग्री, देसी घी, मिष्ठान, गंगाजल, कलावा, हवन के लिए लकड़ी (आम की लकड़ी), आम के पत्ते और पांच प्रकार की मिठाई।

## इस समय करें पूजन

इस पूजा को पितृ पक्ष की अमावस्या तिथि को ही करना हैं, अलावा पितृ पक्ष के दौरान किसी भी दिन की जा सकती है। इस पूजा को दोपहर के समय करने से अधिक लाभ प्राप्त होता हैं।

## इस पूजन के लाभ

पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि इस पूजा को कराने से अनेक महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होते हैं। संतान की प्राप्ति होती है तथा इस पूजा के प्रभाव से आपके जितने भी रुके हुए काम हैं वो पूरे हो जाते हैं। शारीरिक और मानसिक चिंताएं दूर होती हैं। सबसे बड़ा लाभ यह होता हैं कि पितृ दोष से मुक्ति मिलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ जाता है।

## पितरों को इससे मिलती है तृप्ति

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का बहुत महत्व है। इसमें पूरी श्रद्धा के साथ पितरों को याद किया जाता है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। विधि पूर्वक पितरों का श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देकर जाते हैं। माना जाता है कि हमारे पितृ कुछ जीवों के माध्यम से धरती पर हमारे निकट आते हैं। इनके माध्यम से ही वो आहार ग्रहण करते हैं। इसलिए पितृपक्ष के दौरान इन जीवों को भोजन जरूर कराना चाहिए। पितृ पक्ष हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से शुरू होता है जो 16 दिनों तक चलता है। पितृ पक्ष में पिंडदान का खास महत्व होता है। पिंडदान में दान-दक्षिणा किया जाता है जिससे पूर्वजों की आत्मा को शांति और मुक्ति मिल सके। श्राद्धपक्ष में इस दान का काफी महत्व है। माना जाता है कि पितृपक्ष में हमारे पितर धरती पर आकर हमें आशीर्वाद देते हैं। पितृ पक्ष में पितरों को तृप्ति तभी मिलती जब उन्हें अर्पित किए जाने वाले भोजन के पांच अंश निकाले जाते हैं। ये पांच अंश गाय, कुत्ता, चींटी, कौवा और देवताओं के नाम पर निकाले जाते हैं।

पायनियर
हरियाणा, शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022



सौरव गांगुली ने किया ऐलान

# अगले साल से अपने पुराने प्रारूप में लौटेगा आईपीएल

एजेंसी। नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के सत्र से कोविड-19 से पहले के अपने मूल प्रारूप में वापसी करेगा, जिसमें टीमें अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर मैच खेलती थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस संबंध में बोर्ड से मान्यता प्राप्त इकाइयों को अवगत करा दिया है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी फैलने के कारण आईपीएल कुछ स्थानों पर ही आयोजित किया गया। वर्ष 2020 में इसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के तीन स्थानों दुबई,

## गांगुली बोले, महिला आईपीएल भी अगले साल से शुरू करने का प्लान

शारजाह और अबुधाबी में खाली स्टेडियमों में किया गया था।

वर्ष 2021 में इस टी-20 टूर्नामेंट का आयोजन चार स्थानों दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और चेन्नई में किया गया। लेकिन अब महामारी नियंत्रण में है और इसलिए यह लीग घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान के पुराने प्रारूप में खेली जाएगी। गांगुली ने राज्य इकाइयों को भेजे गए संदेश में कहा,



आईपीएल को अगले साल से घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर मैच खेलने के प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। सभी 10 टीमें अपने घरेलू मैच अपने तय स्थल पर खेलेंगी। बीसीसीआई 2020 के बाद पहली बार अपना पूर्ण घरेलू सत्र का आयोजन कर रहा है जिसमें टीमें घरेलू और विरोधी टीम के मैदान के पुराने प्रारूप में खेल रही हैं। बीसीसीआई इसके अलावा अगले साल के शुरू में बहु प्रतीक्षित महिला आईपीएल का आयोजन करने की भी योजना बना रहा है।

महिला आईपीएल का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के बाद मार्च में किया जा सकता है। गांगुली ने 20 सितंबर को भेजे गए संदेश में कहा, बीसीसीआई अभी बहुप्रतीक्षित महिला आईपीएल के आयोजन पर काम कर रहा है। इसका पहला सत्र अगले साल के शुरू में आयोजित किया जा सकता है। महिला आईपीएल के अलावा बीसीसीआई लड़कियों के अंडर-15 एक दिवसीय टूर्नामेंट को भी आयोजित करने जा रहा है।

### होम और अवे फॉर्मेट में लौटेगा टूर्नामेंट

**अब** कोरोना के मामलों में गिरावट और नियंत्रण के बाद अब फिर से यह टूर्नामेंट होम और अवे फॉर्मेट में होगा। यानी सभी टीमों का अपना एक घरेलू मैदान होगा। उन्हीं में मैच आयोजित किए जाएंगे। बीसीसीआई 2020 के बाद पहली बार पूर्ण घरेलू सत्र का आयोजन कर रहा है और सभी मल्टी-डे टूर्नामेंट भी पारंपरिक होम और अवे फॉर्मेट में लौट आएंगे। पत्र में यह भी कहा गया है कि भारतीय पुरुष टीम ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जबकि महिला टीम ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगी।

# तीन मैचों की श्रृंखला जीवंत रखने के लिए उतरेगी भारतीय टीम

**टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट : डेथ ओवरों की गेंदबाजी भारत के लिए चिंता विषय**

## बुमराह को लेकर असमंजस बरकरार

एजेंसी। नागपुर

**पहले** मैच में बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला जीवंत रखने के लिए शुक्रवार (आज) को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगी लेकिन स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर अब भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बुमराह ने इंग्लैंड दौरे के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। वह पीठ दर्द के कारण एशिया कप में नहीं खेले थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिए उन्हें टीम में चुना गया लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें मोहाली में पहले मैच में अंतिम एकादश में नहीं रखा। इससे यह आशंका पैदा हो गई क्या वह अभी पूरी तरह से फिट है या नहीं। भारतीय टीम अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर चिंतित है जिसमें ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल है। उन्होंने जो पिछले 14 ओवर किए हैं उनमें 150 रन लुटाए हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार डेथ ओवरों में नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19वें ओवर में गेंद संभाली लेकिन इन तीन ओवरों में उन्होंने 49 रन लुटाए। ऐसी परिस्थितियों में भारत के लिए बुमराह का फिट होना बेहद जरूरी हो गया है। भारत को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले अभी पांच मैच खेलने हैं और इन मैचों में उसे अपनी सभी कमजोरियों को दूर करना होगा। भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

एशिया कप से पहले जहां भारत के लिए शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों का रवैया परेशानी का सबब बना हुआ था वहीं अब गेंदबाजी उसके लिए चिंता का विषय बन गया है क्योंकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भारतीय गेंदबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आई है। किसी भी तरह की परिस्थिति में भारत के मुख्य स्पिनर रहे यूजवेंद्र चहल में पहले की तरह मारक क्षमता नहीं दिख रही है। पिछले कुछ मैचों में वह काफी महंगे साबित हुए हैं।



### पिछले मैच में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा

पिछले मैच में भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा और उसने तीन आसान कैच टपकाए। इसके लिए पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी टीम की आलोचना की थी। बल्लेबाजी में आक्रमक रवैए का फायदा मिल रहा है। पिछले मैच में इसी अंदाज में बल्लेबाजी करके केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव ने रन बटोर कर स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया था जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली जल्दी आउट हो गए थे। टीम में फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक को पिछले मैच में ज्यादा मौका नहीं मिला और उन्हें यहां अधिक मौका दिया जा सकता है ताकि विश्व कप के लिए विकल्प खुले रहें। दूसरी तरफ आस्ट्रेलिया हर विभाग में सुगठित नजर आ रहा है जबकि उसकी टीम में डेविड वॉर्नर, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस और मिशेल मार्श जैसे खिलाड़ी नहीं है।

### दोनों टीम इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया:** आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, डेनियल सैम्स, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड, एडम जम्पा।

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव।

**मैच भारतीय समयानुसार सात बजे शुरू होगा।**

# भारत ए ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड ए को हराया

एजेंसी। चेन्नई

**मध्यम** तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और कुलदीप सेन की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ए ने बृहस्पतिवार को पहले अनधिकृत वनडे मैच में न्यूजीलैंड ए को सात विकेट से हराया।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर न्यूजीलैंड ए टीम सौ रन के भीतर सिमटने की कगार पर थी लेकिन माइकल रिप्पोन ने 104 गेंद में 61 और जो वॉकर ने 49 गेंद में 36 रन बनाकर टीम को 40 . 2 ओवर में 167 रन तक पहुंचाया। भारत ए के लिए ठाकुर ने 32 रन देकर चार और सेन ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए।

भारतीय टीम ने 31.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान संजू सैमसन ने तीन छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 31 और रजत पाटीदार ने 41 गेंद में 45 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ ने 41 और राहुल त्रिपाठी ने 31 रन का योगदान दिया। इससे पहले ठाकुर ने पिच से मिल रही गति और उछाल का पूरा फायदा उठाकर तीसरे ओवर में चाड बोवेस (10) को आउट किया। अगले ओवर में उन्होंने डेव क्लीवेर (चार) को पवेलियन भेजा। सेन ने जो कार्टर (एक) और रचिन रविंद्र (10) को पवेलियन भेजकर कीवी पारी की कमर तोड़ दी। अगले ओवर में सेन ने टॉम ब्रूस को खाता खोले बिना रवाना किया। कप्तान रॉबर्ट ओडोनेल और सीन सोलिया ने मिलकर स्कोर को 51 रन तक पहुंचाया।



## अनधिकृत वनडे मैच में न्यूजीलैंड ए को सात विकेट से हराया

# लावेर कप में युगल में साथ खेलेंगे फेडरर और रफेल नडाल

**लंदन।** रोजर फेडरर और रफेल नडाल लावेर कप में शुक्रवार को युगल मुकाबला साथ खेलेंगे और यह फेडरर के सुनहरे कैरियर का आखिरी मैच भी होगा। बीस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन फेडरर और लंबे समय से कोर्ट पर उनके प्रतिद्वंद्वी रहे 22 ग्रैंडस्लैम विजेता नडाल टीम यूरोप के लिए टीम विश्व के फ्रांसिस टियाफो और जैक सॉक के खिलाफ खेलेंगे। फेडरर की प्रबंधन कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। एकल मैचों में कैस्पर रूड का सामना सॉक से, स्टेफानोस सिटसिपास का सामना डिएगो श्वार्त्जमैन से और एंडी में की टक्कर एलेक्स डि मिनाउर से होगी।

# संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में तीन दिवसीय साइकिल प्रतियोगिता शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई नए स्थलों से गुजरने वाली साइकिल प्रतियोगिता कश्मीर साइक्लोथॉन को मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता ने गुरुवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के लगभग 60 साइकिल चालक भाग ले रहे हैं। इसे यहां रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ क्लब से हरी झंडी दिखाई गई। मेहता ने संवाददाताओं से कहा, लोग बेहतर तरीके से कश्मीर को समझें यही साइक्लोथॉन का उद्देश्य है। प्रतिभागी इसके साथ ही नशा मुक्ति अभियान का संदेश भी देंगे। उन्होंने बताया कि कुल 60 साइकिल चालक इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और इनमें से कुछ की उम्र 60 साल से अधिक है। मेहता ने कहा की प्रतिभागी तीन दिन में 300 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

### लियस बेयर कप: एरिगैसी, प्रज्ञानानंद क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और आर प्रज्ञानानंद ने प्रारंभिक चरण में दूसरे और चौथे स्थान पर रहकर जूलियस बेयर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन प्रारंभिक चरण में 34 अंक लेकर पहले स्थान पर रहे जबकि दूसरे स्थान पर रहे एरिगैसी के 25 अंक थे। अमेरिका के हैंस नीमन ने 24 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट के पहले दिन तीन जीत से शानदार शुरुआत करने वाले प्रज्ञानानंद ने 23 अंक हासिल किए। उन्होंने पांच बाजियां जीती, आठ बाजियां ड्रॉ खेली जबकि दो बाजियों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कार्लसन ने आखिर में शानदार फॉर्म दिखाई और पांच बाजियां जीती। उन्होंने कुल 10 बाजियों में जीत हासिल की। एरिगैसी के लिए आखिरी दिन अच्छा नहीं रहा। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक बाजी उन्होंने ड्रॉ खेली। इसके बावजूद वह दूसरा स्थान हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल सात बाजियों में जीत दर्ज की थी जबकि चार बाजियां ड्रॉ खेली थी। इस बीच चार बाजियों में उन्हें हार भी मिली। बी अधिबान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तीसरे भारतीय थे। वह 16वें स्थान पर रहे। उन्होंने केवल 10 अंक बनाए।

### बुमराह तैयार, चिंता की कोई बात नहीं: सूर्यकुमार यादव

**नागपुर।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है और यह तेज गेंदबाज पीठ की चोट से उबर कर मैदान पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय में अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे। चोट से वापसी कर रहे इस गेंदबाज को टीम प्रबंधन ने थोड़ा और समय देने का फैसला किया था। बुमराह इंग्लैंड दौरे के बाद से भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है। दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले सूर्यकुमार से ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में जब बुमराह की फिटनेस और टी20 टीम में उमेश यादव को लेकर योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे किसी खिलाड़ी पर टीम की योजना को लेकर कोई जानकारी नहीं है। यह मेरा विभाग नहीं हैं। इस सवाल का जवाब फिजियो और टीम प्रबंधन दे सकता है। उन्होंने कहा, टीम में हालांकि माहौल अच्छा है और सभी खिलाड़ी फिट और दूसरे मैच के लिए तैयार हैं। उन्होंने बुमराह के बारे में दोबारा पूछे जाने पर कहा, वह पूरी तरह से तैयार है, चिंता की कोई बात नहीं। बुमराह की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम 208 रन के लक्ष्य का बचाव करने में विफल रही थी। तेज गेंदबाजों ने 150 से अधिक रन लुटाए।

### गांगुली, कोहली ने जय शाह को जन्मदिन पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बोर्ड के सचिव जय शाह को गुरुवार को उनके 34वें जन्मदिन पर बधाई दी। कई पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों ने भी 2019 से बोर्ड के सचिव पद पर काबिज शाह को सोशल मीडिया के जरिए बधाई दी। गांगुली ने ट्विटर पर लिखा, जय शाह को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। ईश्वर उन्हें खुशियों और सफलताओं से भरी स्वस्थ और लंबी उम्र दे। कोहली ने ट्वीट किया, जय शाह आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। शाह को पिछले साल एशियाई क्रिकेट परिषद का भी अध्यक्ष चुना गया था।

### महिला गोल्फ में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी अदिति

**नई दिल्ली।** ओलंपियन अदिति अशोक और दीक्षा डागर 14वें हीरो महिला इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। कोरोना महामारी के कारण यह टूर्नामेंट दो साल बाद खेला जा रहा है। इंडियन ओपन जीतने वाली भारत की पहली और अकेली महिला अदिति तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। अदिति और दीक्षा के अलावा भारतीय टीम में त्वेसा मलिक, अमनदीप द्राल, वाणी कपूर, रिंधिमा दिलावारी, गौरिका विश्नोई और नेहा त्रिपाठी शामिल हैं। कम से कम पांच पूर्व विजेताओं ने इसमें भागीदारी की पुष्टि कर दी है। इनमें गत चैम्पियन क्रिस्टीन वोल्फ, 2018 की विजेता बेकी मोर्गन , कैमिसोल चेवालियर और कैरोलिन हेडवाल शामिल हैं।



# आईसीसी अध्यक्ष पद मेरे हाथ में नहीं : गांगुली

एजेंसी। कोलकाता

**बीसीसीआई** अध्यक्ष सौरव गांगुली ने आईसीसी का अध्यक्ष बनने की अटकलों पर विराम लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आईसीसी अध्यक्ष पद उनके हाथ में नहीं है। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने जुलाई में अगला अध्यक्ष नवंबर महीने में चुनने को मंजूरी दी थी।



बर्मिंघम में हुई बैठक के बाद यह तय किया गया कि ग्रेग बार्कले का कार्यकाल इस साल खत्म होने के बाद चुनाव सामान्य बहुमत से कराए जाएंगे और अगले अध्यक्ष का कार्यकाल एक दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2024 के बीच होगा। उसके बाद से गांगुली के नाम की अटकलें लगाई जा रही हैं। उनसे इस बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, आईसीसी अध्यक्ष पद मेरे हाथ में नहीं है। आईसीसी बोर्ड ने तय किया है कि अब अध्यक्ष के चुनाव के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत नहीं है। नए सुझाव के तहत उम्मीदवार को 51 प्रतिशत मतों की जरूरत है। भारतीय टीम पिछले कुछ अर्से से फॉर्म में नहीं है और गांगुली ने स्वीकार किया कि बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा , रोहित शर्मा का जीत का प्रतिशत 80 के करीब है। भारत ने पिछले तीन चार मैच हारे हैं लेकिन उससे पहले 35. 40 मैचों में से पांच या छह ही गंवाए। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि रोहित और राहुल द्रविड़ इसे लेकर चिंतित होंगे कि हमने बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। विराट कोहली के शतक के बारे में उन्होंने कहा , यह अच्छी बात है कि विराट ने एशिया कप में अच्छा खेला और उम्मीद है कि वह लय कायम रखेगा।

## इंद्रजीत के शतक से दक्षिण क्षेत्र ने बढ़त बनाई

**कोयंबटूर।** बाबा इंद्रजीत के शतक और कृष्णप्पा गौतम के 43 रन की मदद से दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन पश्चिम क्षेत्र पर पहली पारी में बढत बना ली।

इंद्रजीत ने 125 गेंद में 118 रन बनाए। उनके अलावा मनीष पांडे ने 48 और गौतम ने 55 गेंद में 43 रन का योगदान दिया। पश्चिम क्षेत्र के पहली पारी के 270 रन के जवाब में दक्षिण क्षेत्र ने दूसरे दिन सात विकेट पर 318 रन बना लिए थे। एक समय दक्षिण क्षेत्र का स्कोर छह विकेट पर 243 रन था लेकिन हरफनमौला गौतम और टी रवि तेजा (26) ने सातवें विकेट के लिए सिर्फ 16.2 ओवर में 63 रन जोड़े। फाइनल मैच पांच दिन का है लिहाजा अभी इस बढत को काफी नहीं कहा जा सकता और नियमित बल्लेबाजों में सिर्फ तेजा ही क्रीज पर हैं। आर साइ किशोर उनके साथ हैं जिन्होंने गेंदबाजी में 86 रन देकर पांच विकेट लिए थे। इंद्रजीत ने हनुमा विहारी (25) के साथ 61 रन की साझेदारी की।

# विश्व कप में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने चाहते हैं : ललित

एजेंसी। बेंगलुरू



**भारतीय** हॉकी टीम के फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाले विश्वकप में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर पिछले 48 वर्षों से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म करना चाहती है।

भारत अगले साल 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला में पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। पिछली बार यह टूर्नामेंट 2018 में खेला गया था और तब भारत क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 1-2 से हारकर बाहर हो गया था। उपाध्याय ने कहा, पिछली बार भुवनेश्वर में खेले गए विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में दुर्भाग्य से हमने अंतिम क्षणों में गोल गंवा दिया था लेकिन इसके बाद से टीम ने खेल के प्रत्येक क्षेत्र में काफी सुधार किया है और इस बार हम खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल है।

उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाकर बेहतरीन प्रदर्शन करना है और उम्मीद है कि इस बार हम पदक जीतने में सफल रहेंगे। भारत को विश्वकप में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ ग्रुप डी में रखा गया है।

## आईओए संविधान में संशोधन को नागेश्वर राव को नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संविधान में संशोधन और निर्वाचक मंडल तैयार करने के लिए गुरुवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव को नियुक्त किया।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश राव देश में ओलंपिक के भविष्य को लेकर निष्पक्ष और विकास परक रवैया सुनिश्चित करेंगे। न्यायालय ने न्यायमूर्ति राव से कहा कि वह संविधान में संशोधन और 15 दिसंबर 2022 तक चुनाव कराने के लिए खाका तैयार करें। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही आईओए के मौजूदा महासचिव राजीव मेहता और उपाध्यक्ष आदिल सुमरिवाला को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) की 27 सितंबर को होने वाली बैठक में भाग लेने की अनुमति भी प्रदान की।

# झूलन को लॉर्ड्स में विदाई देने को तैयार है भारत: हरमनप्रीत



एजेंसी। कैंटरबरी

**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने के बाद अब उनकी टीम अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शनिवार को लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे वनडे में शानदार विदाई देने के लिए तैयार है।

इंग्लैंड के वर्तमान दौरे के बाद 39 वर्षीय झूलन गोस्वामी अपने दो दशक तक चले करियर को अलविदा कह देंगी तथा हरमनप्रीत का मानना है कि श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना उनके लिए शानदार विदाई होगी। भारत ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 88 रन से हराकर 23 साल बाद उसकी धरती पर एकदिवसीय श्रृंखला जीती। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, लॉर्ड्स में होने वाला आखिरी मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद झूलन संन्यास ले लेंगी और हम बिना किसी दबाव के इस मैच का आनंद लेना चाहते हैं। मुझे बहुत खुशी है कि हम आज जीत दर्ज करने में सफल रहे और अब हम उस मैच का पूरा लुत्फ उठा सकते हैं। हरमनप्रीत ने कहा, जीत दर्ज करना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनका (झूलन) आखिरी मैच होगा। यह हम सभी के लिए बेहद भावुक पल होगा और हम निश्चित तौर पर वह मैच जीतना चाहेंगे। उन्होंने कहा, हम पहले ही श्रृंखला जीत चुके हैं और ऐसे में हम उस मैच का पूरा आनंद उठा सकते हैं क्योंकि मैं जानती हूं कि यह उनका आखिरी मैच है।

कप्तान ने कहा झूलन गोस्वामी टीम के सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रही है। उन्होंने कहा, वह ऐसी खिलाड़ी है जिन्होंने हमें काफी कुछ सिखाया है। जब मैंने पदार्पण किया तब वह कप्तान थी और मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है और अब हमारी युवा गेंदबाज रेणुका सिंह और मेघना सिंह भी उनसे सीख रही हैं। वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रही हैं और हमने उनसे काफी कुछ सीखा है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में वनडे श्रृंखला अपने नाम की

**टीम ने इंग्लैंड की धरती पर 1999 के बाद पहली बार एकदिवसीय श्रृंखला जीती**

एजेंसी। कैंटरबरी

**कप्तान** हरमनप्रीत कौर की नाबाद 143 रन की आकर्षक शतकीय पारी और रेणुका सिंह के चार विकेट की मदद से भारत ने दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 88 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-1 से अजेय बढ़त हासिल की। भारतीय महिला टीम ने इस तरह से इंग्लैंड की धरती पर 1999 के बाद पहली बार एकदिवसीय श्रृंखला जीती। उसने 23 साल पहले इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

हरमनप्रीत ने अपनी शतकीय पारी में 111 गेंदों का सामना करके 18 चौके और चार छक्के लगाए।

## हरमनप्रीत और रेणुका चमकीं का रहा शानदार प्रदर्शन

यह उनका वनडे क्रिकेट में पांचवा और इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा शतक है। उनके अलावा हरलीन देओल ने 58 और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 40 रन का योगदान दिया जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 333 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह भारतीय महिला टीम का वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। उसने इससे पहले 2017 में आयरलैंड के खिलाफ पोटचेफ्सट्रूम में दो विकेट पर 358 रन बनाए थे। हरमनप्रीत की शानदार बल्लेबाजी के बाद मध्यम गति के गेंदबाज रेणुका सिंह ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया तथा 57 रन देकर चार विकेट लिए जिससे भारत ने इंग्लैंड को 44.2 ओवर में 245 रन पर आउट कर दिया। उसकी तरफ से डैनी वाइट ने सर्वाधिक 65 रन बनाए।

भारत इस तरह से दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शानदार विदाई देने में सफल रहा जो अपनी आखिरी वनडे श्रृंखला खेल रही हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को लॉर्डस में होने वाला तीसरा मैच झूलन का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आखिरी मैच होगा और भारतीय टीम उसमें जीत दर्ज करके क्लीन स्वीप के साथ अपनी इस स्टार खिलाड़ी को विदाई देना चाहेगी।



### हरलीन देओल ने भी लगाई फिफ्टी

**हरमनप्रीत** के अलावा हरलीन देओल ने भी मैच में शानदार 58 रनों की पारी खेली। उन्होंने 72 गेंदों का सामना किया। आखिरी 24 गेंद में टीम इंडिया ने 71 रन जोड़े। हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा की जोड़ी ने छठे विकेट के लिए सिर्फ 24 गेंदों में 71 रनों की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी में दीप्ति ने 15 रनों का योगदान दिया। वहीं, हरमनप्रीत ने अपनी पारी की आखिरी 11 गेंदों में 43 रन बना दिए।

### मंधाना ने तोड़ा मिताली राज का रिकॉर्ड

**इस** मुकाबले में स्मृति मंधाना ने वनडे क्रिकेट में अपने 3,000 रन पूरे किए। वह महिला वनडे मैचों में यह उपलब्धि हासिल करने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी बन गईं। उनसे पहले पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज और वर्तमान कप्तान हरमनप्रीत कौर ऐसा कर चुकी हैं। उन्होंने सबसे तेज 3 हजार रन बनाने के मामले में पूर्व कप्तान मिताली राज को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 88 पारियों में यह आंकड़ा पार किया था।